www.hindmatamirror.com ●वर्ष: 12 ●अंक: 211 ●ठाणे, सोमवार 27 अप्रैल, 2026 ●पेज: 8 ●मूल्य: 2 रुपए hindmatamirror1@gmail.com

RNI. NO. MAHHIN/2011/43060

# दैनिक हिंदमाता मिरर

पैनी नजर, पुख्ता खबर




पेज 8 वैभव सूर्यवंशी के मुरीद हुए कमिंस



नुसरत भरूचा 8 रुपए में गुजार देती थीं पूरा दिन 8 पेज

### सुप्रभात

सुंदरता की खोज में हम चाहे संसार का चक्कर लगा आएं, अगर वह हमारे अंदर नहीं है, तो कहीं नहीं मिलेगी।
- एमरसन

### मौसम का मिजाज

सूर्यास्त (27 अप्रैल) 7:00 बजे, सूर्योदय (28 अप्रैल) 6:13 बजे, **तापमान: 31 डिग्री से. (धूप खिली रहेगी।)**

## शॉर्ट स्टोरी

### सात करोड़ के गोल्ड लोन घोटाले का खुलासा

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**जालना** जिले में केनरा बैंक की एक शाखा में करीब 7.31 करोड़ रुपए के कथित गोल्ड लोन घोटाले का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि गोल्ड लोन खातों से आभूषण चोरी कर उनकी जगह नकली गहने रखे गए थे। इस मामले में अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही बैंक की बदनापुर शाखा के प्रबंधक, एक अन्य अधिकारी और एक गोल्ड मूल्यांकनकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बैंक में नियमित तिमाही पुनर्मूल्यांकन के दौरान पता चला कि 22 गोल्ड लोन पैकेटों में 3.79 करोड़ रुपए के नकली गहने थे, जबकि 30 पैकेट, जिनमें 3.52 करोड़ रुपए का सोना था, स्ट्रॉन्ग रूम से गायब मिले।

### 299 की ड्रेस के चक्कर में एक लाख रुपए गंवाए

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**मुंबई** के एक निजी अस्पताल में कार्यरत एक नर्स उस समय ठगी का शिकार हो गई, जब उसने फेसबुक पर महज 299 रुपए में ड्रेस का विज्ञापन देखकर उसे खरीदने की कोशिश की और एक लाख रुपए गंवा बैठी। देवनार थाने के एक अधिकारी ने बताया कि नर्स ने पुलिस को बताया कि फेसबुक पर 299 रुपये में ड्रेस का विज्ञापन देखकर उसने उसे खरीदने की कोशिश की। शुरुआत में सिर्फ ड्रेस का भुगतान करने के लिए कहा गया लेकिन इसके बाद ठगों ने शिपिंग शुल्क, जीपीएस शुल्क, ट्रैकिंग फीस, सत्यापन कोड और पता पुष्टि जैसे बहाने बनाकर एक के बाद एक रुपए ऐंठने शुरू कर दिए। न ड्रेस मिली न रकम। अब पुलिस जांच जारी है।

### आठ नए आईएएस अधिकारियों की तैनाती

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**महाराष्ट्र** के प्रशासनिक ढांचे को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2025 बैच के 8 नए अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। प्रशासन द्वारा जारी सूची के अनुसार, अजय काशीराम डोके को गडचिरोली और अमल पी. वी. को पालघर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार अप्सरा एन. को पुणे, दिव्यांक गुप्ता को बीड़, और जयकुमार शंकर आहे को नाशिक जिले में सहायक जिलाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त पंकज मनोहर पटले नंदुरबार, आर. रंगारामन जालना और शोभिता पाठक वर्धा जिले में अपनी सेवाएं देंगे।

### पुणे में बस चुराकर भागा 20 साल का युवक

**हिंदमाता नेटवर्क @ पुणे**

**शनिवार** शाम करीब साढ़े पांच बजे डेक्कन बस स्टैंड के पास एक प्राइवेट कंपनी में बस ड्राइवर का काम करनेवाला 20 वर्षीय गोपाल बलरामसिंह राणा अचानक पुणे महानगर परिवहन महामंडल लिमिटेड (पीएमपीएमएल) की एक खाली बस को लेकर निकल भागा और शहर की सड़कों पर गलत दिशा में बस दौड़ाने लगा। इससे गुडलक चौक परिसर में वाहन चालकों और पैदल यात्रियों में हड़कंप मच गया। कई लोग अपनी गाड़ियां किनारे लगाने लगे, तो कुछ ने बस को रोकने की कोशिश की। कुछ बहादुर लोगों ने पीछा किया और आखिरकार बस को रुकवा लिया।

---

महाराष्ट्र के कई इलाकों में तापमान 45 डिग्री पार, मुंबई, एमएमआर, कोकण और विदर्भ में गर्मी से हाहाकार

# तप रहा है इंडिया



40 डिग्री से ऊपर वाले दुनिया के 100 शहरों में 92 भारत के, उत्तर प्रदेश का बांदा शहर सबसे गर्म

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**गर्मी** शुरुआत में ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। वैश्विक तापमान आंकड़ों के अनुसार दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में 92 भारत के हैं। इसके अलावा 6 शहर थाईलैंड और दो शहर नेपाल के हैं। अप्रैल की शुरुआत में ही दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे शहरों में पारा 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। दिल्ली में तापमान 44.5 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में इसमें और वृद्धि की आशंका जताई जा रही है। देश में शनिवार को सर्वाधिक तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस यूपी के बांदा का रहा। इसके बाद प्रयागराज में 45.5 डिग्री, वाराणसी में 45 डिग्री, झांसी में 44.8 डिग्री रहा। गाजियाबाद में अधिकतम तापमान 43 डिग्री रहा। कई इलाकों में तापमान सामान्य से 5 डिग्री या उससे ऊपर है, जिससे हीट स्ट्रेस की स्थिति बन रही है।

### हीट डोम जैसे हालात की ओर इशारा

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है। उत्तर भारत में रातें भी गर्म रह सकती हैं। यह स्थिति हीट डोम जैसे हालात की ओर इशारा करती है, जिसमें गर्म हवा एक क्षेत्र में फंस जाती है और तापमान लगातार बढ़ता रहता है।

### सबसे गर्म शहरों में यूपी के 37 शहर शामिल

100 सबसे गर्म शहरों में यूपी के 37 शहर हैं। प. बंगाल के 18, पंजाब के सात, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के छह-छह, बिहार और ओडिशा के पांच-पांच, महाराष्ट्र के चार, उत्तराखंड और आंध्र प्रदेश के दो-दो शहर शामिल हैं। ज्यादातर शहरों में तापमान तापमान 42 से 45 डिग्री दर्ज किया गया।

### दोपहर में काम नहीं कर सकेंगे मजदूर

उत्तर प्रदेश : आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी में दोपहर 12 से 4 बजे तक मजदूरों के काम पर रोक। ओडिशा : सोमवार से सभी सरकारी स्कूल बंद रहेंगे। केरल : लोगों से दिन में 11 से 3 बजे के बीच बाहर न निकलने की सलाह। सेल्फ लॉकडाउन अपनाने के लिए कहा। कर्नाटक : सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक यूनिट बनाने का आदेश। ये सभी यूनिट 31 जुलाई तक चालू रखी जाएंगी। मध्य प्रदेश : नर्मदापुरम जिले में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

### महाराष्ट्र के कई इलाकों में तापमान 45 डिग्री पार

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप मुंबई ही नहीं, बल्कि एमएमआर, कोकण और विदर्भ तक हाहाकार मचा रही है। उमस भरी गर्मी में लोग पसीने से तरबतर नजर आ रहे हैं। मुंबई में कई जगह पारा 40 डिग्री, तो एमएमआर में 43 डिग्री सेल्सियस से पार चला गया। कोकण और विदर्भ में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होने पर लोगों की हालत पस्त हो गई। मौसम विभाग ने वेस्टर्न डिस्टरबेंसके चलते इतनी भीषण गर्मी पड़ने की बात कही है। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि आने वाले एक-दो दिन टेंपरेचर मौजूदा आंकड़ों के इर्द- गिर्द ही रहेगा।

### धूप में खूब तपी आमची मुंबई

कोकण समेत पूरे राज्य में भीषण लू चल रही है, जिसका असर मुंबई शहर, एमएमआर में भी महसूस किया गया। शनिवार को तेज धूप मुंबईकरों के लिए भारी परेशानी का सबब बनी। सेंट्रल सबर्ब में मुलुंड, भांडुप, विक्रोली और आसपास तापमान 40 डिग्री के इर्द-गिर्द रहा, हालांकि दादर (34), जुहू (33.9), कोलाबा (33.7) में स्थिति थोड़ी सामान्य थी, लेकिन यहां ह्यूमिटी से लोग हलकान दिखे।

### एमएमआर में हालत पस्त

एमएमआर क्षेत्र में चिलचिलाती धूप से नागरिको की हालत पस्त हो गई। अंबरनाथ (43.8), मनोर (43.7), तलोजा (43.4), कल्याण (43.3), मोरबे (43.2), बदलापुर (43.1) और डोंबिवली (43) में भीषण गर्मी पड़ी। वही, नवी मुंबई के खारघर (42.9), दीघा (42.7), ऐरोली (42.5), पनवेल (41.5), कोपरखैरणे (41.2) और इंटरनैशनल एयरपोर्ट (40) में पारा पीक पर रहा। इसके अलावा ठाणे के कलवा-दिवा (42.1), ठाणे शहर (41.7) पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। तटीय क्षेत्रों में तापमान अपेक्षाकृत नियंत्रित रहा। बेलापुर (38.8), विरार (37.9), नेरुल (37.7), डहाणू (36.6), उत्तन (36.3), रत्नागिरी (36) और हार्ने (33.63) में अपेक्षाकृत कम तापमान दर्ज किया गया।

### धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने हल्के कपड़े पहनने की सलाह

मौसम विभाग ने दोपहर में धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और बच्चों, बुजुर्गों व बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। सावधानी बरतने से हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है।

### कश्मीर में बारिश और रोहतांग में बर्फबारी

श्रीनगर समेत कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों में शनिवार को रुक-रुक कर हुई बारिश से गर्मी से राहत मिली है, जबकि जोजिला दर्रे पर हल्की बर्फबारी भी हुई। वहीं, हिमाचल में रोहतांग दर्रा, कुंजम दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई।


## बढ़ती गर्मी से बदला मधुमक्खियों का जीवन चक्र, खाद्य सुरक्षा पर संकट

जलवायु परिवर्तन के कारण मधुमक्खियां समय से पहले शीतनिद्रा से जाग रही हैं। भोजन की कमी और ऊर्जा की हानि से उनकी प्रजनन क्षमता घट रही है। इसका सबसे बुरा असर मादा कीटों पर पड़ रहा है। परागणकताओं की यह कमजोरी भविष्य में फसलों की पैदावार और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। मधुमक्खियां और ततैये केवल छोटे कीट नहीं हैं। ये पूरी कृषि व्यवस्था और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण आधार हैं। ये परागण की प्रक्रिया में सबसे मुख्य भूमिका निभाते हैं। परागण वह प्रक्रिया है जिससे फल, बीज और नई फसलें तैयार होती हैं। यदि ये परागणकर्ता कमजोर होते हैं, तो इसका सीधा असर फसलों की पैदावार और खाद्य सुरक्षा पर पड़ सकता है। इसका प्रभाव खेतों से लेकर आम लोगों की थाली तक साफ तौर पर महसूस किया जा सकता है।

---

ट्रंप की डिनर पार्टी में फायरिंग,चश्मदीद बोले- सात राउंड फायरिंग हुई

# वार्निंग शॉट या बड़ी साजिश?



● गेस्ट टेबल के नीचे छिपे, हमलावर पकड़ाया, शूटर एलन ने कैसे भेदी ट्रंप की सुरक्षा?


**हिंदमाता नेटवर्क @ वाशिंगटन**

**अमेरिका** की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अफसर मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रंप और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रंप ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रंप ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी। ट्रंप पर हमले का ये पहला मामला नहीं है,इसके पहले भी ट्रंप पर एक के बाद एक कई हमले किए जा चुके हैं। इसके पहले 13 जुलाई 2024 को पेंसिलवेनिया में राष्ट्रपति ट्रंप पर फायरिंग हुई। इसके बाद 15 सितंबर 2024,गोल्फ क्लब के बाहर गोलीबारी फिर आज 26 अप्रैल 2026- वाशिंगटन में गोली चलाई।

### हथियारों के साथ राष्ट्रपति के दरवाजे तक कैसे पहुंच गया?

अब सवाल ये है कि अमेरिका की सबसे ताकतवर सुरक्षा एजेंसी की मौजूदगी में एक हमलावर तीन हथियारों के साथ राष्ट्रपति के दरवाजे तक कैसे पहुंच गया? बात करें प्रोटोकॉल तो आयोजन से 48 घंटे पहले लोकेशन के हर कोने की जांच हुई। फिर हमलावर मेहमान बनकर पहले से होटल में कैसे पहुंच गया। इसका सीधा मतलब है कि एडवांस सर्वे में चूक हुई।

### ट्रंप बोले- आज की शाम काफी हलचल भरी रही



ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा, वॉशिंगटन में आज की शाम काफी हलचल भरी रही। सीक्रेट सर्विस और लॉ एन्फोर्समेंट एजेंसियों ने शानदार काम किया। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की। हमलावर को पकड़ लिया गया है और मैंने सुझाव दिया है कि कार्यक्रम जारी रखें।

### पीएम मोदी बोले- लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राहत जताई कि राष्ट्रपति ट्रंप, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत सब सुरक्षित है। उन्होंने आगे लिखा, लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और इसकी स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए।

### डिनर के दौरान फायरिंग करने वाला शख्स कौन

हमलावर की पहचान 31 साल के कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया का है। पब्लिक रिकॉर्ड्स के अनुसार, एलन पार्ट-टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था। उसकी प्रोफाइल के मुताबिक, वह दिसंबर 2024 में 'टीचर ऑफ द मंथ' चुना गया था। उसने कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से 2017 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया। पिछले साल कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी डोमिंगुएज हिल्स से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स डिग्री हासिल की थी।

### जहां कार्यक्रम, उसी होटल में ठहरा था हमलावर

पुलिस विभाग के अंतरिम चीफ जेफरी कैरोल के मुताबिक, हमलावर उसी होटल में मेहमान था, जहां व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट का डिनर कार्यक्रम हो रहा था। जिस कमरे में वह ठहरा था, पुलिस उसकी भी जांच कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे। वॉशिंगटन डीसी की मेयर ने बताया कि हमलावर का अभी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अमेरिकी अटॉर्नी ने बताया कि हमलावर पर दो आरोप लगे हैं। पहला, हिंसक अपराध के दौरान हथियार इस्तेमाल करना। दूसरा, खतरनाक हथियार से फेडरल अधिकारियों पर हमला करना। हमलावर को सोमवार को फेडरल अदालत में पेश किया जाएगा।

---

इस 1 मई से घट जाएगी मुंबई से पुणे की दूरी

# मिसिंग लिंक तैयार



डीसीएम शिंदे का उद्गार-एक और इंजीनियरिंग का चमत्कार

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**मुंबई-पुणे** एक्सप्रेस वे पर भारी वाहनों की वजह से होने वाली यातायात जाम की समस्या से राहत मिलने के साथ राज्य के दो प्रमुख शहरों के बीच की दूरी घटने वाली है। मुंबई पुणे एक्सेस कंट्रोल हाइवे पर मिसिंग लिंक बनकर तैयार हो गया है। देश के सबसे ऊंचे केबल स्टे ब्रिज वाले इस मिसिंग लिंक की वजह से मुंबई पुणे के बीच की यात्रा का समय घटने के साथ खंडाला घाट खंड पर घुमावदार मोड़ों से भी छुटकारा मिलने वाला है। मिसिंग लिंक के दौरे पर डीसीएम एकनाथ शिंदे के साथ सांसद श्रीरंग बारणे, आबासाहेब बागुल, एमएसआरडीसी के व्यवस्थापकीय संचालक अनिलकुमार गायकवाड एवं एमएसआरडीसी, एफकॉन्स एवं नवयुग कंपनी के प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### डीसीएम शिंदे ने लिया जायजा

1 मई को महाराष्ट्र दिवस पर मिसिंग लिंक के लोकार्पण की योजना के पहले राज्य के डिप्टी सीएम एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को मिसिंग लिंक का दौरा का प्रोजेक्ट का जायजा लिया। डीसीएम शिंदे ने कहा कि मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट महाराष्ट्र में इंजीनियरिंग का एक और मार्वेल (चमत्कार) है। 1 मई को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में इसका लोकार्पण होगा।

### नहीं देना होगा अतिरिक्त टोल

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि मिसिंग लिंक मुंबई पुणे एक्सप्रेस वे का ही हिस्सा है, इसलिए वाहन चालकों से कोई अतिरिक्त टोल नहीं लिया जाएगा। इससे मुंबई पुणे हाइवे की दूरी 6 किमी घट जाएगी। मुंबई पुणे एक्सप्रेस पर रोजाना 75 हजार से ज्यादा वाहनों की आवाजाही होती है।

### कार, बसें ही चलेंगी

मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर बने 13.3 किमी लंबे मिसिंग लिंक पर पहले 6 माह तक कार और बसों को ही प्रवेश दिया जाएगा। इस मिसिंग लिंक के खुल जाने पर इस मार्ग पर यात्रा में गति बढ़ने के साथ जोखिम कम होने वाला है। वाहनों के ईंधन का खर्च कम होगा। घाट पर खतरनाक मोड़ों की वजह से दुर्घटना नहीं होगी। इसके अलावा प्रदूषण भी घटने वाला है।

---

दाऊद इब्राहिम का करीबी सलीम डोला इस्तांबुल में गिरफ्तार

# ड्रग सिंडिकेट का किंगपिन है डोला

● सलीम डोला की गिरफ्तारी से कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद

**हिंदमाता नेटवर्क @ इस्तांबुल/ नई दिल्ली**

**भारत** का कुख्यात ड्रग माफिया सलीम डोला जिसे अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का बड़ा खिलाड़ी माना जाता है उसे तुर्की में दबोच लिया गया है। सलीम डोला को तुर्की के इस्तांबुल में तुर्की की राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी (एमआईटी) और पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया है। डोला को अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का करीबी सहयोगी माना जाता है। इंटरपोल द्वारा वांछित सलीम डोला फर्जी यूएई आईडी के साथ छिपा हुआ पाया गया। उसकी गिरफ्तारी से अंडरवर्ल्ड से जुड़े ड्रग नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी के नेटवर्क को ऑपरेट कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक,सलीम डोला का कनेक्शन ग्लोबल सिंथेटिक ड्रग नेटवर्क से था और उसका नेटवर्क कई देशों तक फैला हुआ था। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस ड्रग रैकेट के तार भारत के मोस्ट वांटेड अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क से भी जुड़े बताए जा रहे हैं।



### दाऊद इब्राहिम का करीबी है सलीम डोला

कुख्यात ड्रग माफिया और दाऊद इब्राहिम का करीबी माना जाने वाला सलीम डोला पहले मुंबई फिर दुबई से अपने पूरे ड्रग सिंडिकेट को ऑपरेट कर रहा था। अधिकारियों के मुताबिक डोला को इस्तांबुल में ट्रैक किया गया था,जहां वह यूनाइटेड अरब अमीरात के नकली पहचान दस्तावेज का इस्तेमाल करके छिपा हुआ था। कहा जा रहा है कि डोला को इंटरपोल, ग्लोबल पुलिसिंग बॉडी भी ढूंढ रही थी। वह नकली दस्तावेज से अलग-अलग इलाकों में घूम रहा था।

### सलीम डोला पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने सलीम डोला पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। इसके साथ ही उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। सूत्रों के मुताबिक,सलीम डोला दुबई से ही अपने नेटवर्क को कंट्रोल करता है और भारत में ड्रग्स की सप्लाई का बड़ा चैनल संभाल रहा था। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक उसके पास सऊदी अरब का पासपोर्ट है।

### डोला की गिरफ्तारी से बड़े खुलासे होने की उम्मीद

चूंकी जिस देश में वो पकड़ा गया है उस देश से सलीम डोला भारत डिपोर्ट या उसका प्रत्यर्पण संभव नहीं है। इसलिए सुरक्षा एजेंसियों इंटरनेशनल फोरम पर यूएई के जरिए उसको भारत लाने के लिए जुटी हैं। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक सलीम डोला की गिरफ्तारी से कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद है,जिससे पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो सकता है। मुंबई पुलिस ने भी सलीम डोला के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) जारी किया हुआ है। वह मूल रूप से मुंबई का रहने वाला है। सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों के मुताबिक की सलीम डोला का पिता दाऊद इब्राहिम के साथ लंबे वक्त तक मुंबई में काम कर चुका है और फिर सलीम दुबई में डी कंपनी के लिए काम करने लगा ।

### 2025 में डोला के बेटे समेत परिवार के चार सदस्य गिरफ्तार

अक्टूबर 2025 में मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा सलीम डोला के प्रमुख सहयोगी मोहम्मद सलीम सोहेल शेख को दुबई से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था। वहीं नवंबर 2025 में मुंबई पुलिस ने सलीम डोला के बेटे ताहिर डोला समेत उसके परिवार के चार सदस्यों को दुबई से भारत लाकर गिरफ्तार किया था। डोला को सिंथेटिक ड्रग्स तस्करी का मास्टरमाइंड कहा जाता है, जिसकी सप्लाई इन दिनों मुंबई में भी जमकर हो रही है।

---

**हिंदमाता एंकर:** 14.50 किमी लंबी लगभग 38 मीटर की ऊंचाई के साथ डिजाइन की गई इस मेट्रो 6 को संभवतः देश की सबसे ऊंची मेट्रो लाइन माना जा रहा है

# देश की सबसे ऊंची मेट्रो लाइन का काम तेज, 42 मीटर का स्टील स्पैन हुआ लॉन्च

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**मुंबई** में यातायात सुगम बनाने के लिए मेट्रो का जाल बिछाया जा रहा है। अंधेरी से सीधे पूर्वी उपनगर विक्रोली को जोड़ने के लिए मेट्रो 6 का निर्माण किया जा रहा है। 14.50 किमी लंबी लगभग 38 मीटर की ऊंचाई के साथ डिजाइन की गई इस मेट्रो 6 को संभवतः देश की सबसे ऊंची मेट्रो लाइन माना जा रहा है। रविवार को इस मार्ग पर एमएमआरडीए ने बड़ी इंजीनियरिंग उपलब्धि हासिल की। पश्चिम रेलवे मार्ग पर 42 मीटर स्टील स्पैन की सफल लॉन्चिंग की गई। यह 42 मीटर लंबा,168.96 टन वजनी स्टील स्पैन मेट्रो लाइन 6 के लिए निर्णायक चरण माना जा रहा है। इसके अंतर्गत कॉरिडोर के सबसे जटिल निर्माण कार्यों में से एक जोगेश्वरी क्षेत्र में पश्चिम रेलवे की पटरियों के ऊपर रेलवे एरिया में एक महत्वपूर्ण पियर का निर्माण और पहले स्टील कॉम्पोजिट स्पैन की लॉन्चिंग की।



### मेट्रो 6 कई मामलों में विशेष

मेट्रो 6 कॉरिडोर प्रोजेक्ट अपने आप में विशेष है। 14.5 किमी की लंबाई वाले इस एलिवेटेड रुट पर 13 स्टेशन हैं। पिंक लाइन कहे जाने वाले इस मेट्रो के लिए कांजुरमार्ग में 15.2 हेक्टेयर भूमि पर डिपो का निर्माण चल रहा है। इसके अलावा जेवीएलआर मार्ग पर मेट्रो लाइन 6 के साथ डबल डेकर फ्लाईओवर भी है।

### 87.7% सिविल कार्य पूर्ण

अब तक मेट्रो 6 का 87.7% सिविल कार्य पूर्ण हो गया। बताया गया कि इस चरण की प्रमुख चुनौतियों में रात्रि के सीमित समय में कार्य करना, लगातार चलती रेल सेवा के बीच नियंत्रित निष्पादन और सतत निगरानी के साथ सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन जरूरी है। रविवार की स्पैन लांचिंग लगभग 10 घंटे के निर्धारित रेलवे ब्लॉक के भीतर पूरी पूरी की गई। इसके लिए 500 टन और 600 टन क्षमता वाले हाइड्रोलिक क्रेनों का समन्वित उपयोग किया गया।

### मेट्रो लाइन 6 इंटरचेंज कनेक्टिविटी

मुंबई पश्चिम से पूर्व को जोड़ने वाली इस मेट्रो लाइन 6 इंटरचेंज कनेक्टिविटी से परिपूर्ण होगी। यह आदर्श नगर पर मेट्रो लाइन 2ए से जुड़ेगी जबकी जेवीएलआर पर मेट्रो लाइन 7 से जुड़ेगी। सीप्ज क्षेत्र में मेट्रो लाइन 3 और कंजूरमार्ग (पश्चिम) पर मेट्रो लाइन 4 से जुड़ने के अलावा पश्चिम रेलवे के जोगेश्वरी और मध्य रेलवे के कांजुरमार्ग उपनगरीय रेलवे स्टेशनों से जुड़ेगी। इस तरह पूर्व-पश्चिम कनेक्टिविटी के साथ स्वामी समर्थ नगर (लोखंडवाला) से विक्रोली को जोड़ने वाली मेट्रो लाइन 6 एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

---

अब कलेक्टर से लेनी होगी मंजूरी

# अवैध खनन पर नकेल

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**

**नाशिक** में अवैध उत्खनन और नियम विरुद्ध चल रहे स्टोन क्रशरों पर लगाम कसने के लिए राज्य सरकार ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब 500 से लेकर 25,000 ब्रास तक के खनन कार्य के लिए सीधे जिलाधिकारी (कलेक्टर) की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इससे पहले, 2000 ब्रास तक के खनन के लिए उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) और 500 ब्रास तक के लिए तहसीलदार अनुमति देते थे। राजस्व मंत्रालय को राज्य भर से अवैध लघु खनिज उत्खनन की सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इसी पृष्ठभूमि में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने यह सख्त निर्णय लिया है। जल्द ही जीआर जारी होने की संभावना है। इसके साथ ही बालू, मिट्टी, मुरूम और गिट्टी जैसे लघु खनिजों के रात में उत्खनन पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

# ठाणे जिले में जनगणना 2027 की तैयारियां

## प्रगणक एवं सुपरवाइजरों की ट्रेनिंग शुरू

**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**



भारतीय जनगणना की ऐतिहासिक प्रक्रिया की शुरूआत हो चुकी है। आबादी के साथ अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से विकसित हुए ठाणे जिले में भी जनगणना की तैयारी करते हुए जिलाधिकारी व प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ.श्रीकृष्ण पांचाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने के लिए कमर कस ली है। केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए 'जनगणना 2027' के तहत घरों की लिस्टिंग और घरों की गिनती के काम के पहले चरण के लिए जिले में नौ चार्ज ऑफिसर ऑफिस में गिनती करने वालों और सुपरवाइजरों की ट्रेनिंग शुरू हो गई है। इन लगातार सेशन में, नियुक्त कर्मचारियों को जनगणना की पूरी डिजिटल वर्किंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। पहली बार मॉडर्न टेक्नोलॉजी की मदद (डिजिटली) इस प्रक्रिया को पूरा करने की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह पूरी तरह से 'डिजिटल' है।

### डिजिटल कार्यपद्धति

ट्रेनिंग के दौरान, गिनती करने वालों को टेक्निकल बातों पर खास जोर दिया जा रहा है, जैसे एक खास मोबाइल ऐप का इस्तेमाल, मुश्किल लगने वाले सवालों के जवाब को आसान बनाना, हाउस लिस्टिंग ब्लॉक की अचूक रचना सही और इकट्ठा की गई जानकारी की कॉन्फिडेंशियलिटी और सिक्योरिटी पर विशेष जोर दिया गया है। ट्रेनिंग के ये स्टेज सिर्फ.थ्योरेटिकल ही नहीं हैं, बल्कि इनमें प्रैक्टिकल एक्सरसाइज भी शामिल हैं, ताकि असल काम के दौरान कोई गलती न हो। जिले के हर तहसील लेबल पर जनगणना की तैयारियां तेजी से चल रहीं हैं। जिले के महत्वपूर्ण तहसील भिवंडी में तहसीलदार एवं चार्ज ऑफिसर अभिजीत खोले की उपस्थिति में ट्रेनिंग दी गई।

### 16 मई से 14 जून तक फिजिकल गणना

ये सारी तैयारियां इसलिए की जा रही हैं ताकि ज़िले में 16 मई से 14 जून, 2026 तक चलने वाले फिजिकल हाउस लिस्टिंग और जनगणना कैंपेन को अच्छे से लागू किया जा सके।

### स्व-गणना की सुविधा : जिलाधिकारी की अपील

ठाणे जिलाधिकारी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने इस कैंपेन की अहमियत बताते हुए कहा है कि चूंकि यह जनगणना सिर्फ.आंकड़े नहीं बल्कि देश में भविष्य के नियोजन की नींव है। इसलिए नागरिक अपने दरवाजे पर आने वाले प्रगणक को सही और वस्तुनिष्ठ जानकारी देकर सहयोग करें। नागरिकों को अपनी जानकारी खुद भरने के लिए दी गई 'सेल्फ एन्यूमरेशन' स्व-गणना की प्रदान की गई है। इस सुविधा का भी ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने की अपील जिलाधिकारी ने की है।

# हाईटेक जाल में चोर गिरफ्तार

## एफआरएस और सीसीटीवी की मदद से 7 मोबाइल चोरी के मामले सुलझे

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**




अंधेरी रेलवे स्टेशन पर लगातार हो रही मोबाइल चोरी की घटनाओं पर रेलवे सुरक्षा बल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से की गई इस कार्रवाई में कुल 7 चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। आरपीएफ की टीम ने सीसीटीवी निगरानी और फेसियल रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) की मदद से संदिग्ध की पहचान की। 25 अप्रैल को टीम ने अंधेरी स्टेशन परिसर में आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें कई अहम खुलासे हुए।

### आरोपी की पहचान और कबूलनामा

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लक्ष्मी कांत राजेंद्र प्रसाद (30) निवासी जालौन, उत्तर प्रदेश बताया। उसने अंधेरी स्टेशन से 5 मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की, जिनमें अधिकतर महंगे आईफोन शामिल हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी मुंबई के अन्य रेलवे स्टेशनों पर हुई दो और चोरी की घटनाओं में शामिल था। इस तरह कुल 7 मामलों का खुलासा हुआ। बरामद मोबाइल की कुल कीमत लगभग 4.84 लाख बताई गई है।

### दिल्ली में भी कर चुका है वारदातें

आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार आरोपी पहले दिल्ली मेट्रो में भी इसी तरह की चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। वह खासतौर पर महंगे मोबाइल फोन को निशाना बनाता था। गिरफ्तार आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी अंधेरी को सौंप दिया गया है। आरपीएफ ने स्पष्ट किया है कि स्टेशन परिसर में अपराधों पर सख्ती से निगरानी और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# टीवी देखने को लेकर हुआ विवाद में व्यक्ति ने तीन को घोंपा चाकू


**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**

ठाणे शहर में जन्मदिन समारोह के बाद घर पर टेलीविजन देखने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी, बेटी और नातिन को चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को शहर के राबोडी इलाके में हुई। राबोडी थाने के एक अधिकारी ने बताया, 'आरोपी मोहम्मद तारिक खान और उसकी पत्नी के बीच अक्सर घरेलू मामलों को लेकर झगड़े होते थे। पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के टेलीविजन देखने के कारण झगड़ा हुआ क्योंकि यह उसे पसंद नहीं था। पुलिस के अनुसार, खान और उसके परिवार ने शुक्रवार को अपनी नातिन का जन्मदिन मनाया और रात को सोने चले गए थे तभी आरोपी ने उसी मुद्दे पर अपनी पत्नी के साथ फिर से झगड़ा शुरू कर दिया। अधिकारी ने बताया, 'क्रोध में आकर उसने रसोई का चाकू उठाया और अपनी पत्नी पर हमला कर दिया। जब उसकी बेटी और नातिन ने उसे बचाने के लिए हस्तक्षेप किया तो आरोपी ने उन पर भी चाकू से वार कर दिया।

# कल्याण-डोंबिवली में हर हफ्ते "No Water Day"

## • 1 मई से 24 घंटे पानी बंद

**हिंदमाता संवाददाता @ ठाणे**



कल्याण-डोंबिवली समेत ठाणे और मुंबई क्षेत्र में पानी संकट को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। 1 मई से हर हफ्ते एक दिन 24 घंटे के लिए पानी सप्लाई पूरी तरह बंद रखी जाएगी। यह निर्णय केवल शहरी इलाकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लागू होगा। इससे लाखों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित होने की संभावना है।

### बांधों में घटता जल स्तर चिंता का कारण

अधिकारियों के अनुसार, बदलापुर के पास स्थित बारवी डैम में करीब 44% और आंध्रा डैम में लगभग 46% पानी शेष है। बारिश में देरी की आशंका के कारण उपलब्ध पानी को अगस्त तक बचाकर रखना चुनौती बन गया है।

### मांग ज्यादा, सप्लाई कम

आंकड़ों के अनुसार, क्षेत्र में रोजाना लगभग 1200 एमएलडी पानी की जरूरत है, जबकि वास्तविक खपत 1400-1500 एमएलडी तक पहुंच रही है। इसके अलावा करीब 15% पानी गाद में चला जाता है, जिससे उपलब्ध स्टॉक तेजी से घट रहा है।

### 7% पानी कटौती लागू

प्रशासन ने मनपा, एमआईडीसी और सिंचाई विभाग के साथ बैठक कर करीब 7% पानी कटौती लागू करने का निर्णय लिया है। इसका सीधा असर नागरिकों की दैनिक जरूरतों पर पड़ेगा।

### अगले 3-4 महीने होंगे चुनौतीपूर्ण

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आने वाले कुछ महीने पानी के लिहाज से कठिन रहेंगे। यदि समय पर अच्छी बारिश नहीं हुई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### पानी बचाना ही एकमात्र उपाय

लघु सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संग्रामसिंह रावल के अनुसार, वर्तमान जल भंडार को अगस्त तक चलाना जरूरी है। ऐसे में नागरिकों को पानी का सोच-समझकर उपयोग करने की अपील की गई है।

# उल्हासनगर में दो गुटों में हिंसक झड़प

## दोनों पक्षों पर केस, खेमानी परिसर में बवाल

**हिंदमाता संवाददाता @ उल्हासनगर**



उल्हासनगर के खेमानी परिसर में पुरानी रंजिश और मछली बेचने के विवाद को लेकर दो गुटों के बीच 23 अप्रैल को दोपहर करीब 1:30 बजे हिंसक झड़प हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं।

### पहले पक्ष का आरोप

शिकायतकर्ता गुरशीश सिंह (18) के अनुसार, वह अपने दोस्तों के साथ घर के बाहर खड़ा था, तभी आरोपियों ने उसे घेर लिया। 'विजय के साथ क्यों घूम रहे हो, दुकान नहीं लगाने देंगे' कहते हुए लोहे की रॉड, हंसिया और लाठियों से हमला किया गया। बीच-बचाव करने आई उसकी मां को भी मारपीट में चोटें आईं। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### दूसरे पक्ष की शिकायत

दूसरी ओर ममता कौर (40) ने आरोप लगाया कि गुरशीश ने उनके घर पर पत्थर फेंके और विरोध करने पर गाली-गलौज की। उन्होंने बताया कि आरोपी ने हंसिया से उनके पति पर हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। बचाने आईं ममता कौर और उनकी सास भी घायल हो गईं।

### पुलिस जांच जारी

दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मारपीट के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सब-इंस्पेक्टर सचिन पात्रे मामले की जांच कर रहे हैं और इलाके में शांति बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

# मीरा-भायंदर में जल संकट के समाधान की दिशा में बड़ा कदम

## सूर्या जल योजना का निरीक्षण

**हिंदमाता संवाददाता @ मीरा-भायंदर**



शहर की जल समस्या के स्थायी समाधान के लिए सूर्या क्षेत्रीय जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का गुरुवार को उच्चस्तरीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान महापौर डिंपल मेहता और आयुक्त राधाबिनोद ए. शर्मा ने परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण दल में उप महापौर ध्रुवकिशोर पाटिल, स्थायी समिति अध्यक्ष हसमुख गहलोत, शहर अभियंता दीपक खांबित, कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर और उप अभियंता उत्तम रणदिवे सहित एमएमआरडीए के अधिकारी भी शामिल रहे। यह महत्वाकांक्षी परियोजना मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा लागू की जा रही है।

### 403 एमएलडी क्षमता की परियोजना

सूर्या जल आपूर्ति योजना की कुल क्षमता लगभग 403 मिलियन लीटर प्रतिदिन है। इस योजना के तहत मीरा-भायंदर, वसई-विरार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वसई काशिद कोपर से चेने जलकुंभ तक बिछाई जा रही 22 किलोमीटर लंबी जलवाहिनी के शेष 600 मीटर कार्य की समीक्षा की। इसके साथ ही वसई खाड़ी के नीचे माइक्रो टनलिंग तकनीक से पाइपलाइन बिछाने जैसे जटिल कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

### बिजली और निर्माण कार्यों पर नजर

अधिकारियों ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (एमएसईटीसीएल) द्वारा कवडास क्षेत्र में 132 केवी उच्च वोल्टेज लाइन के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। चेने क्षेत्र में निजी भूमि पर बन रहे पुल और जलकुंभ के निर्माण की प्रगति भी जांची गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाएं। परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यकारी अभियंता शरद नानेगांवकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय बनाए रखेंगे। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद मीरा-भायंदर और आसपास के क्षेत्रों में जल संकट काफी हद तक कम होने की उम्मीद है, जिससे नागरिकों को नियमित और पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

# चेन ठगी का आरोपी गिरफ्तार

## 60 हजार की सोने की चेन बरामद की

**हिंदमाता संवाददाता @ पालघर**



बोईसर क्षेत्र में रिक्षा चालक से सोने की चेन ठगकर फरार होने वाले आरोपी को पालघर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 60 हजार रुपए मूल्य की चेन भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 14 अप्रैल 2026 को कचेरी रोड, आंबेडकर नगर निवासी रिक्षा चालक रूपेश खुर्दे सवारी लेकर बोईसर जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उनकी रिक्षा में बैठा और बोईसर पहुंचने के बाद मधुर नाका स्थित एक वाइन शॉप से बीयर मंगवाई। दोनों ने रिक्षा में बैठकर बीयर पी। इसके बाद आरोपी ने बातों में उलझाकर चालक से उसकी करीब 4 ग्राम सोने की चेन देखने के बहाने ले ली। कुछ देर बाद वह शौच का बहाना बनाकर रिक्षा से उतरा और चेन लेकर फरार हो गया। इस मामले में 15 अप्रैल को बोईसर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान मोहम्मद उमर शहा (43), निवासी अंबरनाथ के रूप में की। पुलिस ने जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने आरोपी को 27 अप्रैल 2026 तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# सीमेंट की बोरियों के नीचे छिपा रखी थी 1.25 करोड़ की शराब

## आबकारी विभाग ने ऐसे किया तस्करी का भंडाफोड़

**हिंदमाता संवाददाता @ मीरा-भायंदर**




नवी मुंबई इलाके में आबकारी विभाग को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। ठाणे-बेलापुर रोड पर एक ट्रक से करीब 1.25 करोड़ रुपए मूल्य की भारतीय निर्मित विदेशी शराब जब्त की गई है। तस्करों ने इस शराब को इतने शातिर तरीके से छिपाया था कि पहली नजर में किसी को शक भी न हो। इस मामले में पुलिस और आबकारी विभाग ने दो लोगों को हिरासत में लिया है।

### गुप्त सूचना पर बिछाया गया जाल

ठाणे-1 के राज्य आबकारी अधीक्षक प्रवीण तांबे ने बताया कि विभाग के उड़न दस्ते को एक गुप्त सूचना मिली थी कि गोवा से शराब की एक बड़ी खेप तस्करी कर ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने शुक्रवार शाम करीब सवा पांच बजे ठाणे-बेलापुर रोड पर नाकाबंदी कर संदिग्ध ट्रक को रोका।

### सीमेंट की बोरियों के नीचे बना था सीक्रेट चैंबर

जब ट्रक को रोका गया, तो ऊपर से देखने पर उसमें सीमेंट की बोरियां लदी नजर आ रही थीं। ट्रक ड्राइवर ने भी पूछताछ में यही दावा किया कि वह सीमेंट ले जा रहा है। हालांकि, अधिकारियों ने जब गहन तलाशी शुरू की, तो ट्रक के भीतर एक विशेष रूप से बनाया गया गुप्त हिस्सा मिला। इस गुप्त हिस्से के ऊपर सीमेंट की बोरियां रखी गई थीं ताकि तलाशी के दौरान शराब की पेटियां दिखाई न दें।

### गोवा की शराब, एमपी में होनी थी सप्लाई

अधिकारियों ने जब गुप्त हिस्से को खोला तो वहां विभिन्न ब्रांडों की गोवा में निर्मित विदेशी शराब की पेटियां बरामद हुईं। जांच में पता चला कि यह शराब केवल मध्य प्रदेश में बिक्री के लिए अधिकृत थी, लेकिन इसे अवैध रूप से तस्करी कर ले जाया जा रहा था। जब्त की गई शराब और ट्रक की कुल कीमत करोड़ों में आंकी गई है।

### दो गिरफ्तार, जांच जारी

इस मामले में ट्रक चालक और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आबकारी विभाग ने महाराष्ट्र शराब निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। विभाग अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि इस रैकेट के पीछे मुख्य सरगना कौन है और यह शराब कहां से कहां भेजी जा रही थी।

**हिंदमाता एंकर:** कुंभमेले और विकास निधि पर हुई बड़ी चर्चा

# केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिलीं नाशिक की महापौर

**हिंदमाता संवाददाता @ नागपुर**



नागपुर में रविवार को नाशिक की महापौर हिमगौरी आडके-आहेर ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितीन गडकरी से मुलाकात कर नाशिक के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस बैठक में नाशिक शहर के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक परियोजनाओं, आगामी सिंहस्थ कुंभमेले की तैयारियों तथा शहर की आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान नाशिक की बढ़ती जनसंख्या, ट्रैफिक जाम, सड़क नेटवर्क, फ्लाईओवर, रिंग रोड, सार्वजनिक सुविधाएं तथा शहर के दीर्घकालीन विकास के लिए जरूरी योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। विशेष रूप से आगामी कुंभमेले में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए सड़क चौड़ीकरण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, नदी तट विकास, स्वच्छता सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्थाओं से जुड़े प्रस्तावों पर जोर दिया गया।

### आवश्यक कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन

नाशिक महानगरपालिका की ओर से शहर के विकास हेतु विभिन्न मांगें और प्रस्ताव केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखे गए। शहर को राष्ट्रीय स्तर की आधुनिक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों तथा कुंभमेले के लिए केंद्र सरकार से पर्याप्त सहयोग मिले, ऐसी अपेक्षा व्यक्त की गई। बैठक के बाद जानकारी दी गई कि केंद्रीय मंत्री गडकरी ने नाशिक के विकास को लेकर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। नाशिक धार्मिक, औद्योगिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है, इसलिए इसके विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से कार्य होना आवश्यक बताया गया। इस बैठक में उपमहापौर विलासआण्णा शिंदे, स्थायी समिति सभापति मच्छिंद्र सानप सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मुलाकात से नाशिक के विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### इससे पहले मुख्यमंत्री से भी हुई थी मुलाकात

कुछ दिन पहले महापौर ने कुंभमेले की तैयारियों और निधि के मुद्दे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी मुलाकात की थी। उस दौरान कुंभमेले की निधि में से महानगरपालिका को अधिक हिस्सा देने की मांग रखी गई थी। कुंभमेले के लिए लगभग 30 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है, लेकिन महानगरपालिका के हिस्से में केवल 1260 करोड़ रुपए आने से स्थानीय स्तर पर नाराजगी देखी गई। महासभा में नव-निर्वाचित नगरसेवकों ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी। इसके बाद पहले मुख्यमंत्री से मुलाकात की गई और अब केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी से भेंट कर महानगरपालिका के लिए अधिक निधि उपलब्ध कराने की मांग दोहराई गई।

### त्र्यंबकेश्वर मंदिर वीआईपी दर्शन घोटाला

त्र्यंबकेश्वर मंदिर में वीआईपी दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से की जा रही अवैध वसूली मामले में संदिग्ध ट्रस्टी पुरुषोत्तम कडलक समेत 4 आरोपियों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसके बाद सभी को नाशिकरोड सेंट्रल जेल स्थानांतरित कर दिया गया है। इसी मामले में पुलिस ने एक और मुख्य मध्यस्थ वसंत उर्फ नारायण कचरू मुर्तडक (26) को गिरफ्तार किया है, जिसे अदालत ने 5 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजा है। जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि मुर्तडक के माध्यम से ट्रस्टी कडलक को प्रतिदिन 25 हजार रुपए से अधिक का कलेक्शन मिलता था। इस मामले में पंचवटी निवासी आनंदा सुरेश मेहेंदले (46) ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने गोटीराम मनाजी पेहरे, अभिषेक कडलक, ओम कडलक और पुरुषोत्तम मधुकर कडलक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शुक्रवार 24 अप्रैल को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एस। वी। लाड की अदालत में सुनवाई हुई, जहां पुलिस निरीक्षक महेश कुलकर्णी ने जांच के महत्वपूर्ण बिंदु रखे।

## शॉर्ट स्टोरी

### जब्त वाहनों के लिए आखिरी मौका

**हिंदमाता संवाददाता @ उल्हासनगर**



विट्ठलवाड़ी यातायात उपमंडल पुलिस ने वाहन मालिकों को जब्त वाहनों को छुड़ाने का अंतिम मौका दिया है। विभिन्न अभियानों में जब्त किए गए 109 वाहन कई वर्षों से पुलिस स्टेशन परिसर में पड़े हैं, जिससे गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल ने वाहन मालिकों से तुरंत जुमार्ना अदा कर वाहन ले जाने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, पिछले 15-20 वर्षों में लापरवाही, शराब पीकर वाहन चलाने और दस्तावेजों की कमी जैसे कारणों से कुल 130 वाहन जब्त किए गए थे। इनमें से 21 वाहन मालिकों ने नोटिस का जवाब देकर अपने वाहन छुड़ा लिए, जबकि 109 वाहन अब भी परिसर में पड़े हैं। बार-बार नोटिस और अपील के बावजूद कई मालिकों ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस स्टेशन भवन के निर्माण कार्य को देखते हुए इन वाहनों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। आरटीओ मूल्यांकन के बाद वाहनों की नीलामी या स्क्रैपिंग की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर के वाहन मालिक दस्तावेजों के साथ विट्ठलवाड़ी ट्रैफिक पुलिस स्टेशन पहुंचकर जुमार्ना भरें, अन्यथा निर्धारित समय के बाद वाहन स्क्रैप कर दिए जाएंगे।

### भिवंडी में बुनियादी सुविधाओं पर बढ़ा असंतोष

**हिंदमाता संवाददाता @ भिवंडी**



शहर में मूलभूत नागरिक सुविधाओं को लेकर लोगों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। पानी की अनियमित आपूर्ति, जर्जर सड़कों और सफाई व्यवस्था में लापरवाही के विरोध में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) के शहर जिलाध्यक्ष शोएब गुड्डू के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। महापौर और आयुक्त को दिए गए ज्ञापन में समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि शहर के कई हिस्सों में गंभीर जलसंकट बना हुआ है, जबकि कुछ क्षेत्रों में 24 घंटे पानी की आपूर्ति हो रही है। आईजीएम अस्पताल परिसर समेत वार्ड क्रमांक 1, 2, 4, 5, 10, 11, 12 और 16 में पेयजल संकट अधिक बताया गया है। गर्मी और आगामी सामाजिक आयोजनों को देखते हुए सभी क्षेत्रों में समान और नियमित जलापूर्ति की मांग की गई है। बरसात से पहले नालों की सफाई न होने पर भी नाराजगी जताई गई है। चेतावनी दी गई है कि समय रहते सफाई नहीं हुई तो मानसून में जलभराव की समस्या गंभीर हो सकती है। इसके साथ ही खराब सड़कों की मरम्मत, डामरीकरण, स्पीड ब्रेकर लगाने, खुले नालों को ढकने, स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने और आवारा कुत्तों पर नियंत्रण की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पत्रकार गुलाब पवार के पिता का निधन

**हिंदमाता संवाददाता @ उल्हासनगर**



दुर्गा नगर के उल्हासनगर-4 के वरिष्ठ निवासी लक्ष्मण पुंडलिक पवार का 23 अप्रैल, 2026, गुरुवार को निधन हो गया। वह वरिष्ठ पत्रकार गुलाब पवार के पिता थे। लक्ष्मण पवार के निधन से पवार परिवार शोक में डूबा हुआ है और पूरे परिसर में मातम का माहौल है। लक्ष्मण पवार एक अत्यंत सरल और सहज स्वभाव के व्यक्ति थे। अपनी ईमानदारी के कारण उन्होंने समाज में एक अनूठी पहचान बनाई। उनके परिवार में दो बेटे,एक बहू,एक बेटी और पोते-पोतियां हैं। उनके अंतिम संस्कार में विभिन्न क्षेत्रों के कई गणमान्य व्यक्ति, रिश्तेदार और मित्र उपस्थित थे। सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दीपक वलेछा को आंबेडकर पुरस्कार की मांग

**हिंदमाता संवाददाता @ उल्हासनगर**



शहर के समाजसेवी दीपक वलेछा को उनके मानवीय कार्यों के लिए 'भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर' राज्य स्तरीय पुरस्कार देने की मांग जोर पकड़ने लगी है। बुधवार को आयोजित मनपा महासभा में सभी 78 नगरसेवकों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से वलेछा को सम्मानित करने की सिफारिश की। उल्हासनगर मनपा के सार्वजनिक बांधकाम विभाग से सेवानिवृत्त वलेछा पिछले कई वर्षों से लावारिस और अनाथ लोगों की अस्थियों का विधिवत अंतिम संस्कार कर रहे हैं। वे शहर की चार श्मशान भूमि से अस्थियां एकत्र कर नाशिक के गोदावरी तट पर हिंदू रीति-रिवाज से विसर्जन करते हैं। इस कार्य में होने वाला पूरा खर्च वे स्वयं वहन करते हैं। नौकरी के दौरान भी वलेछा जरूरतमंदों की मदद, मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने और गरीब परिवारों की सहायता करते रहे। उनकी पत्नी कविता भी इस सेवा कार्य में सहयोग करती थीं, जिनके निधन के बाद भी उन्होंने यह कार्य जारी रखा है। उनकी इस अनूठी सेवा की सराहना कई जनप्रतिनिधियों ने की है। अब मनपा महासभा के प्रस्ताव के बाद एक बार फिर राज्य सरकार से उन्हें सम्मानित करने की मांग तेज हो गई है।

### भिवंडी में बढ़ी आपराधिक घटनाएं

**हिंदमाता संवाददाता @ भिवंडी**

शहर में लगातार बढ़ रही चोरी, लूट और अवैध गतिविधियों ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले 24 घंटों में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चेन स्नैचिंग, घरों में चोरी और पानी चोरी के कई मामले सामने आने से नागरिकों में भय का माहौल है। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नारपोली थाना क्षेत्र के काल्हेर में ठाणे-भिवंडी रोड स्थित सेंट्रल बैंक के सामने तीन बदमाशों ने एक युवक के गले से करीब 4 लाख रुपए की सोने की चेन झपट ली। पीड़ित जयेश घरत ने पीछा करने की कोशिश की, लेकिन स्कूटर से गिरकर घायल हो गए। आरोपी फरार हैं और पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश कर रही है। शांतीनगर थाना क्षेत्र में गायत्री अपार्टमेंट के एक फ्लैट से करीब 62 हजार रुपए के गहनों की चोरी हुई, जबकि कापतलाव इलाके में एक अन्य घर से 1.65 लाख रुपए के गहने और नकदी चोरी कर ली गई। दोनों मामलों में खुले दरवाजे का फायदा उठाया गया। इसी बीच शांतीनगर में जलवाहिनी से अवैध कनेक्शन लेकर पानी चोरी का मामला भी सामने आया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सभी मामलों में जांच जारी है।

### नशा और जुए के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कई आरोपी गिरफ्तार

**हिंदमाता संवाददाता @ भिवंडी**



भिवंडी शहर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त अभियान चलाते हुए नशे और जुए के मामलों में अलग-अलग कार्रवाई कर कई आरोपियों को पकड़ा है। कोनगांव, शांतीनगर और भोईवाड़ा थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से अवैध धंधों में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार, कोनगांव थाना क्षेत्र में 23 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे खाड़ी किनारे आवशा मस्जिद के पीछे एक युवक को बीड़ी के जरिए नशीला पदार्थ सेवन करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान मोसीन अहमद शेख (38) निवासी कोनगांव के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(क) और 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रक्रिया के तहत उसे नोटिस देकर छोड़ा गया है। वहीं जुए के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत शांतीनगर थाना पुलिस ने 24 अप्रैल की शाम गायत्रीनगर स्थित बिरोबा मंदिर के पास खुले मैदान में छापा मारकर जुआ खेल रहे 9 लोगों को पकड़ा। पुलिस ने मौके से 2,000 रुपए नकद और जुआ सामग्री जब्त की। इस मामले में महाराष्ट्र जुआ प्रतिबंध अधिनियम 1887 की धारा 12(अ) के तहत कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में भोईवाड़ा थाना पुलिस ने 24 अप्रैल की रात भंडारी कंपाउंड स्थित नेशनल होटल के पीछे गली में मटका जुआ खेलते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 20,930 रुपए नकद तथा जुआ सामग्री बरामद की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में नशा और अवैध जुए के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लगातार हो रही छापेमारी से जुआ संचालकों और नशा कारोबारियों में दहशत का माहौल है।

# सत्यजीत तांबे का पलटवार

**गायकवाड़ ने दिखाया कि एक जन प्रतिनिधि को कैसा नहीं होना चाहिए**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



महाराष्ट्र की राजनीति में अपने बयानों के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाले विधायक संजय गायकवाड़ एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। इस बार निर्दलीय विधायक सत्यजीत तांबे ने गायकवाड़ के आचरण और उनके द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर तीखा प्रहार किया है। तांबे ने कहा कि गायकवाड़ ने भले ही गलत तरीके से सही, लेकिन राज्य में एक महत्वपूर्ण बहस छेड़ दी है कि असली शिवाजी कौन थे? और साथ ही यह भी दिखा दिया है कि 'एक जन प्रतिनिधि को कैसा नहीं होना चाहिए।'

## नई पीढ़ी के लिए अध्ययन जरूरी

सत्यजीत तांबे ने कॉमरेड गोविंद पानसरे की प्रसिद्ध पुस्तक 'शिवाजी कोण होता?' (शिवाजी कौन थे?) का जिक्र करते हुए कहा कि आज की पीढ़ी के बीच महाराज की सही पहचान पहुंचना अनिवार्य है। उन्होंने एक भावुक किस्सा साझा करते हुए बताया कि पिछले हफ्ते मेरी बेटी अहिल्या ने मुझसे पूछा बाबा, आप जिस शिवाजी महाराज के बारे में बताते हैं और जो स्कूल में पढ़ाए जाते हैं, वे इतने अलग क्यों लगते हैं? तभी मुझे अहसास हुआ कि नई पीढ़ी तक महाराज का समावेशी और संतुलित इतिहास पहुंचाना कितना जरूरी है। तांबे ने याद दिलाया कि 2015 में जब गोविंद पानसरे पर हमला हुआ था, तब उन्होंने नगर शहर में इस पुस्तक की 10,000 प्रतियां बांटकर जन-जागरूकता फैलाने का प्रयास किया था।

## समावेशी स्वराज्य और लोकतंत्र की नींव

सत्यजीत तांबे ने स्पष्ट किया कि छत्रपति शिवाजी महाराज का 'स्वराज्य' किसी एक धर्म या जाति का नहीं, बल्कि 'रैयत' (आम जनता) का था। महाराज ने 12 बलुतेदार, 18 पगड जातियों और सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर स्वराज्य बनाया। स्वराज्य वास्तव में एक लोकतांत्रिक विचार था, जहां राजा विलासिता के लिए नहीं, बल्कि प्रजा के कल्याण के लिए शासन करता था। महाराष्ट्र की आज की प्रगति इसी विचारधारा की नींव पर टिकी है।

## गायकवाड़ को नसीहत

सत्यजीत तांबे ने संजय गायकवाड़ के एक वायरल फोन कॉल का जिक्र करते हुए कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गायकवाड़ द्वारा महिलाओं के प्रति इस्तेमाल किए गए शब्द निंदनीय हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज का संस्कार था कि पराई स्त्री को माता के समान माना जाए। महाराज ने न केवल अपने राज्य की बल्कि शत्रुओं की महिलाओं का भी सदैव सम्मान किया। यह तय है कि महाराज, गायकवाड़ द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करते। उन्होंने अपील की कि यह पूरी चर्चा केवल विवाद के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सही अध्ययन और मार्गदर्शन के लिए होनी चाहिए।

**मुंबई पुलिस ने लॉकअप में नया ड्रेस कोड लागू किया**

# कैदियों को आधी बाजू की टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहनने होंगे

**आत्महत्या रोकने और हिरासत में मौतें कम करने का लक्ष्य**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



मुंबई पुलिस ने लॉकअप में आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए आरोपियों के लिए नया ड्रेस कोड लागू किया है। इस कदम का मकसद हिरासत में होने वाली मौतों को कम करना और बंदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नई व्यवस्था के तहत पुलिस लॉकअप में रखे गए आरोपियों को खास तरह के कपड़े पहनने होंगे, जिन्हें इस तरह से डिजाइन किया गया है कि वे खुद को नुकसान न पहुंचा सकें। हाल ही में यह ड्रेस कोड अंटाप हिल पुलिस स्टेशन में देखने को मिला, जहां चोरी के मामले के आरोपियों को मैरून रंग की आधी बांह की टी-शर्ट और काले शॉर्ट्स पहनाए गए।

## लंबे कपड़ों से आत्महत्या रोकने की कोशिश

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस ड्रेस कोड का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आरोपी लंबे कपड़ों का इस्तेमाल करके फंदा न बना सकें। आम तौर पर लंबी बांह, शर्ट का कॉलर या पैंट के हिस्से का उपयोग फांसी लगाने के लिए किया जा सकता है, जिसे रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कपड़े हिरासत में आत्महत्या के मामलों में एक बड़ा जोखिम साबित हुए हैं।

## पुलिस लॉकअप के ढांचे में भी बदलाव

ड्रेस कोड के अलावा पुलिस लॉकअप के ढांचे में भी बदलाव कर रही है। बाथरूम के दरवाजों के ऊपर और नीचे के हिस्से हटाए जा रहे हैं, ताकि कोई अंदर बंद होकर आत्महत्या की कोशिश न कर सके। आंकड़ों के मुताबिक, 2020 से 2023 के बीच महाराष्ट्र में 54 से ज्यादा हिरासत में मौत के मामले सामने आए, जिनमें कई में फांसी लगाकर आत्महत्या की गई थी।यह मुद्दा तब फिर चर्चा में आया जब अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले के आरोपी अनुज थापन की लॉकअप में कथित आत्महत्या हो गई। इसके बाद सख्त कदम उठाने की मांग तेज हो गई थी।

## मानसिक स्थिति पर भी दिया जा रहा ध्यान

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अब आरोपियों की मानसिक स्थिति पर भी ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत गिरफ्तारी के तुरंत बाद आरोपियों को ये सुरक्षित कपड़े दिए जा रहे हैं, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# फडणवीस का तंज, पब्लिसिटी के लिए कुछ भी बोलते हैं श्याम मानव

**जस्टिस गवई का किया बचाव**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



महाराष्ट्र की राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में एक बार फिर 'अंधश्रद्धा' बनाम 'आस्था' की बहस तेज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के रूप में चर्चित जस्टिस भूषण गवई द्वारा मध्य प्रदेश के बागेश्वर धाम जाकर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दर्शन करने पर श्याम मानव ने तीखा हमला बोला। इस हमले का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने श्याम मानव की प्रासंगिकता पर ही सवाल उठा दिए हैं।

## आंबेडकर का नाम न लें जस्टिस गवई

महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक श्याम मानव ने जस्टिस भूषण गवई की इस यात्रा को 'आंबेडकरवादी विचारधारा' के खिलाफ बताया। उन्होंने अमरावती में बयान देते हुए कहा कि भूषण गवई जिस उच्च संवैधानिक पद तक पहुंचे हैं, वह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा और संविधान की देन है। एक तरफ बाबासाहेब ने तर्कवाद और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की बात की, और दूसरी तरफ जस्टिस गवई एक 'चमत्कारी' बाबा के दरबार में माथा टेक रहे हैं। अब उन्हें अपने मुख से बाबासाहेब का नाम लेने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। श्याम मानव ने आरोप लगाया कि धीरेंद्र शास्त्री धर्म के नाम पर अंधश्रद्धा फैलाते हैं और एक न्यायाधीश का वहां जाना समाज में गलत संदेश देता है।

## देवेंद्र फडणवीस का पलटवार

श्याम मानव के इस बयान पर भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कड़ा ऐतराज जताया। फडणवीस ने इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए कहा कि यह तय करने वाले श्याम मानव कौन हैं कि किसे बाबासाहेब का नाम लेना चाहिए और किसे नहीं? क्या वे अब विचारधारा का सर्टिफिकेट बांटेंगे? असल बात यह है कि श्याम मानव को आजकल कोई पूछता नहीं है, इसलिए वे केवल प्रसिद्धि पाने के लिए इस तरह के ऊल-जुलूल बयान देते रहते हैं।

## क्या है पूरा विवाद?

जस्टिस भूषण गवई हाल ही में सपरिवार बागेश्वर धाम पहुंचे थे। वहां से उनकी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई। इसके बाद से ही दलित संगठनों और तर्कवादियों के बीच दो फाड़ देखने को मिल रहे हैं। एक पक्ष इसे निजी आस्था बता रहा है, जबकि दूसरा पक्ष इसे 'वैज्ञानिक दृष्टिकोण' के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन मान रहा है। यह विवाद केवल एक मुलाकात तक सीमित नहीं है। यह महाराष्ट्र की उस वैचारिक लड़ाई का हिस्सा है जहां एक ओर प्रगतिशील और तर्कवादी आंदोलन है, तो दूसरी ओर धार्मिक मान्यताएं।

# ट्रंप के कार्यक्रम में शूटिंग पर प्रियंका चतुर्वेदी का पहला रिएक्शन

**अमेरिका को बताया 'नरक' जैसा देश**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में, व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के बीच कई बार गोलियां चलीं जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालात नियंत्रण में हैं और किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। शूटर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस बीच महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी की नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अमेरिका पर तंज कसा है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों के डिनर के बीच फायरिंग की खबर सामने आते ही प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया पोस्ट कर अमेरिका को 'नरक' जैसा देश बताया और वहां लगातार होने वाली शूटिंग की वारदातों पर चिंता व्यक्त की।

## शूटिंग के मामले में यूएसए नरक जैसा देश

प्रियंका चतुर्वेदी ने लिखा कि अमेरिका में बंदूकों की समस्या गंभीर है, जिस पर हर साल बंदूक से जुड़ी हर घटना के बाद चर्चा होती है। इस समस्या से निपटने के मामले में यह देश एक 'नरक' जैसा है। इसने स्कूली बच्चों, निर्दोष अमेरिकियों की जान ली है और महत्वपूर्ण राजनीतिक नेताओं को निशाना बनाया है। अब इस चुनौती का सामना करने का समय आ गया है।

# गांवों की प्रेरक कहानियों को मिला ग्लोबल मंच

**शाइना एनसी ने की पीएम मोदी की सराहना**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में हमेशा उत्साह बना रहता है। हाल ही में शिवसेना नेता शाइना एनसी ने इस कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे देश के विकास और जन-जागरूकता का एक सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' अब एक ऐसा मंच बन चुका है जिसकी प्रतीक्षा पूरा देश उत्सुकता से करता है।

## वोटर जागरूकता से लेकर एआई तक का समावेश

शाइना एनसी ने 'मन की बात' के प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि जब लोग सुबह 11 बजे रेडियो या टीवी ट्यून करते हैं, तो वे केवल प्रधानमंत्री को नहीं सुनते, बल्कि देश के हालिया घटनाक्रमों और विकास की कहानियों से जुड़ते हैं। उन्होंने अपने बयान में कुछ प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में मतदान के लिए उमड़ी भारी भीड़ का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 'मन की बात' लोकतांत्रिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाती है। देश भर में चल रही 'महिला आरक्षण' की चर्चा आज हर घर का हिस्सा बन गई है। शाइना एनसी के अनुसार, स्टार्टअप इंडिया, क्वालिटी मैन्युफैक्चरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों पर पीएम के विचार युवाओं को नई दिशा दे रहे हैं।

## छोटे गांवों की बड़ी कहानियां अब ग्लोबल

शाइना एनसी ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि 'मन की बात' ने भारत के दूर-दराज के गांवों की प्रेरक कहानियों को वैश्विक पहचान दिलाई है। भारत के छोटे-छोटे गांवों से निकलकर आने वाली सफलता की कहानियां अब दुनिया भर का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। चाहे वह स्थानीय नवाचार हो या सामाजिक सुधार, 'मन की बात' ने इन्हें एक राष्ट्रीय स्वर दिया है। मेरा मानना है कि यह कार्यक्रम हम सभी के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव है।

## बदलते भारत की गूंज

शिवसेना नेता शाइना एनसी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश डिजिटल क्रांति और समावेशी विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उनके अनुसार, यह कार्यक्रम सरकार और जनता के बीच के फासले को कम करता है और आम नागरिक को देश की प्रगति की मुख्यधारा से जोड़ता है।

# मुंबई को मलेरिया मुक्त बनाने की तैयारी

**बीएमसी ने शुरू किया जीरो मॉस्किटो ब्रीडिंग अभियान**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



मलेरिया के बढ़ते मामले पर अंकुश लगाने के लिए बीएमसी ने कमर कस ली है। मुंबई को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया गया है। विभागवार रैपिड रिस्पांस एक्शन कमेटी टीम का गठन किया गया है अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वे ज्यादा से ज्यादा ऐसी जगहों का पता लगाएं जहां मलेरिया के लार्वा पैदा होते हैं। अगर बुखार के लक्षण हैं, तो नागरिकों को तुरंत इलाज और डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। मॉनसून से पहले की सावधानी के तौर पर बीएमसी का स्वास्थ्य विभाग सभी मनपा अस्पतालों, जनरल हॉस्पिटल, हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे डिस्पेंसरी और हेल्थ सेंटर के आस-पास 'जीरो मॉस्किटो ब्रीडिंग कैंपेन' चला रहा है।

## मुंबई के कंस्ट्रक्शन साइट्स पर विशेष लक्ष्य

मानसूनी बीमारियों को नियंत्रित करने के उपायों के तहत, पब्लिक हेल्थ सिस्टम के स्टाफ, प्राइवेट क्लीनिक, हॉस्पिटल के डॉक्टरों, सेफ्टी ऑफिसर और कंस्ट्रक्शन साइट्स पर काम करने वाले श्रमिकों को खास प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## मुंबई में चलाया जा रहा आरोग्य साथी अभियान

इसके साथ ही निजी अस्पतालों व क्लीनिक की मदद से मरीजों को ढूंढने, बीमारी का पता लगाने और मरीजों को ठीक करने के लिए पूरा इलाज करने का आदेश दिया गया है, मनपा स्वास्थ्य कमेटी चेयरमैन हरीश भादिर्गे ने के अनुसार यह एक्शन एडमिनिस्ट्रेटिव डिपार्टमेंट के सहायक आयुक्त, मेडिकल ऑफिसर और पेस्ट कंट्रोल ऑफिसर के साथ मिलकर यह मुहिम चलाई जा रही है। मुंबई में 4,075 कंस्ट्रक्शन साइट्स पर 'आरोग्य साथी' अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम का मकसद 20 से 30 हजार मजदूरों को ट्रेनिंग देना है।

# मुंबई म्हाडा लॉटरी को ठंडा रिस्पॉन्स

**महंगे घरों के कारण कम आवेदन**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**




मुंबई में 2640 घरों की लॉटरी म्हाडा ने निकाली है। इन घरों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख में सिर्फ चार दिन बाकी हैं, लेकिन घरों की महंगी कीमतों के कारण उम्मीद के अनुसार प्रतिसाद नहीं मिल रहा है। शनिवार शाम 7 बजे तक 2640 घरों के लिए 39 हजार 986 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 24 हजार 821 लोगों ने अनामत राशि जमा की है। इस बीच संभावना जताई जा रही है कि आवेदन भरने की अंतिम तारीख बढ़ाई जा सकती है।

## इस बार म्हाडा लॉटरी को नहीं मिला अच्छा प्रतिसाद

मुंबई में म्हाडा की लॉटरी को आमतौर पर भारी प्रतिसाद मिलता रहा है। मई 2023 में 4083 घरों के लिए निकाली गई लॉटरी में 1 लाख 19 हजार 278 आवेदन प्राप्त हुए थे। हालांकि इस साल घरों की महंगी कीमतों के कारण म्हाडा लॉटरी को अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला है।

## लॉटरी में सबसे सस्ता घर मानखुर्द में

वहीं सितंबर 2024 में 2030 घरों के लिए 1 लाख 13 हजार 811 लोगों ने आवेदन किया था। लेकिन इस बार स्थिति अलग नजर आ रही है। मुंबईवासी अपना घर पाने का सपना पूरा करने के लिए म्हाडा की लॉटरी का बेसब्री से इंतजार करते है। म्हाडा के मुंबई मंडल ने दादर, बांद्रा, गिरगांव, गोरेगांव और विक्रोली जैसे इलाकों में 2640 घरों की बिक्री के लिए लॉटरी निकाली है। इस लॉटरी में सबसे सस्ता घर मानखुर्द के पीएमजीपी प्रोजेक्ट में है, जिसकी कीमत 29 लाख 37 हजार रुपये है, जबकि सबसे महंगा घर ताड़देव के क्रिसेंट टॉवर में है, जिसकी कीमत 6 करोड़ 82 लाख रुपये तक है। लॉटरी में अत्यंत निम्न आय वर्ग के लिए केवल 145 घर उपलब्ध हैं। वहीं निम्न आय वर्ग के लिए 858 घर हैं, लेकिन उनकी कीमतें भी करोडों में पहुंच चुकी है। उदाहरण के तौर पर वर्ली में निम्न आय वर्ग के फ्लैट की कीमत 2 करोड़ 9 लाख रुपये तक है।

# 27 साल पुरानी दुश्मनी में बुजुर्ग की हत्या

**4 दिन में आरोपी गिरफ्तार**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

नागपाड़ा हत्याकांड की गुत्थी मुंबई क्राइम ब्रांच ने सुलझा ली है। दक्षिण मुंबई के नागपाड़ा इलाके में 20 अप्रैल को 78 वर्षीय बुजुर्ग मोहम्मद इकबाल सालिया की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। तकनीकी निगरानी और मानवीय खुफिया जानकारी की मदद से क्राइम ब्रांच यूनिट-3 की टीम ने इस मामले के दो युवक आरोपियों को मात्र 4 दिन बाद नागपुर के बड़ा ताज बाग इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि यह हत्या 27 साल पुरानी रंजिश का बदला थी। मुख्य आरोपी 29 वर्षीय युवक कुख्यात गैंगस्टर सादिक कालिया (1997 में एनकाउंटर में मारा गया) और आरिफ कालिया (2002 में एनकाउंटर में मारा गया) का भतीजा है। आरोपी को शक था कि बुजुर्ग मोहम्मद इकबाल कालिया ने ही सालों पहले पुलिस को उसके चाचाओं के बारे में मुखबिरी की थी। जिसके कारण दोनों गैंगस्टर पुलिस मुठभेड़ में मारे गए थे। इसी पुरानी दुश्मनी के चलते आरोपी ने अपने 25 वर्षीय साथी के साथ मिलकर इस सनसनीखेज हत्या की साजिश रची।

## फोन बंद कर लगातार राज्य बदलते रहे

वारदात के बाद दोनों आरोपी अपने मोबाइल फोन बंद करके लगातार राज्य बदलते रहे, लेकिन क्राइम ब्रांच की टीम ने उनका पीछा करते हुए 24 अप्रैल को उन्हें नागपुर से दबोच लिया है। दोनों आरोपियों का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और यह उनकी पहली आपराधिक घटना बताई जा रही है।

## कौन था सादिक कालिया ?

यह पूरी कार्रवाई मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती और संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम के मार्गदर्शन में, डीसीपी राज तिलक रोशन और क्राइम ब्रांच यूनिट-3 की टीम द्वारा अंजाम दी गई है। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस हिरासत में है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, सादिक कालिया का आपराधिक सफर 1990 के दशक में शुरू हुआ था। शुरूआत में वह कालाचौकी इलाके में फुटपाथ पर जूते बेचता था, लेकिन बाद में अंडरवर्ल्ड से जुड़ गया। बताया जाता है कि हफ्ता न देने के कारण उसे छोटा शकील के गिरोह में शामिल किया गया था और वह कई आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा। नवंबर 1999 में एक बड़े हमले की साजिश के दौरान पुलिस ने उसे घेर लिया और मुठभेड़ में मार गिराया गया था।

# मुंबई में वन्यजीव तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

**1.15 किलो एम्बरग्रीस जब्त**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

मालवणी पुलिस ने वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 वर्षीय युवक को 1.15 किलो स्पर्म व्हेल एम्बरग्रीस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अदनान खान के रूप में हुई है। बरामद एम्बरग्रीस अंतरराष्ट्रीय अवैध वन्यजीव तस्करी में बेहद कीमती माना जाता है। नियमित गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर अदनान खान को रोककर पूछताछ की कोशिश की गई। इस दौरान आरोपी ने पुलिसकर्मियों से बहस की और एक पुलिस कांस्टेबल पर हमला कर दिया। इसके बाद वह मौके से फरार होने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बचने के लिए आरोपी ने पास की खाड़ी में छलांग लगा दी। हालांकि पुलिस ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1.15 किलो स्पर्म व्हेल एम्बरग्रीस बरामद किया गया। एम्बरग्रीस स्पर्म व्हेल की आंतों में बनने वाला मोम जैसा पदार्थ होता है, जिसकी परफ्यूम उद्योग में काफी मांग रहती है। इसका उपयोग इत्र की खुशबू लंबे समय तक बनाए रखने और कुछ विशेष उत्पादों में किया जाता है। इसी वजह से इसे समुद्र का सोना या फ्लोटिंग गोल्ड भी कहा जाता है। मुंबई में वन्यजीव तस्करी के खिलाफ इसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

# संजय राऊत ने बीजेपी को बताया 'बकासुर'

**कहा- उसकी भूख कभी शांत नहीं होती**

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सदस्यों के पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में विलय की घोषणा करने के एक दिन बाद, शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राऊत ने शनिवार को बीजेपी की तुलना पौराणिक कथाओं में वर्णित राक्षस बकासुर से की, जिसकी भूख कभी तृप्त नहीं होती। राऊत ने कहा कि आम आदमी पार्टी के जो सांसद अपनी निष्ठा बदलकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए वे 'पेज 3 नेता' हैं। उन्होंने दावा किया कि वे डरे हुए थे क्योंकि वे 'धनी हैं और उन्हें सुरक्षा की जरूरत थी'। राऊत ने कहा, 'अन्य पार्टियों का कचरा बीजेपी को ही जाने दो, ताकि वह कूड़े का ढेर बन जाए।' आम आदमी पार्टी को शुक्रवार को तब बड़ा झटका लगा जब उसके 10 राज्यसभा सदस्यों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक समेत सात ने पार्टी छोड़ दी। चड्ढा ने कहा कि उन सभी ने बीजेपी में विलय कर लिया है। राऊत ने कहा, 'महाभारत में बकासुर नाम का एक राक्षस था जिसकी भूख कभी शांत नहीं होती थी। बीजेपी बकासुर की पार्टी बन गई है। यह कुछ भी खा सकती है।' राज्यसभा सदस्य राऊत ने कहा कि चड्ढा ने एक बार बीजेपी को गुंडों की पार्टी कहा था, जबकि राज्यसभा में (चड्ढा की जगह) आम आदमी पार्टी के उपनेता बनने के तुरंत बाद मित्तल के व्यवसायों पर छापे मारे गए थे।

**मुंबई के कोर्ट का बड़ा फैसला**

# 12 साल जेल काटने के बाद गैंगरेप का आरोपी बाइज्जत बरी

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**

मुंबई की दिंडोशी सेशंस कोर्ट ने 12 साल पुराने गैंगरेप और पॉक्सो एक्ट के एक मामले में 35 साल के शख्स को बाइज्जत बरी कर दिया। यह शख्स पिछले एक दशक से अधिक समय से जेल की सलाखों के पीछे था। कोर्ट ने अपने फैसले में पुलिस की जांच और पीड़िता के बयानों में मौजूद गंभीर खामियों को आधार बनाया है। यह केस 2 नवंबर 2014 को एक विधवा महिला ने दर्ज कराया था, जिसकी तीन बेटियां और एक बेटा है। उसकी 11 साल की बेटी ने घटना से करीब एक महीने पहले अपने प्राइवेट पार्ट्स में दर्द होने की शिकायत की थी। लेकिन चूंकि उसे कुछ ही महीने पहले पीरियड्स आने शुरू हुए थे, इसलिए उसकी मां ने इस बात पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। वह विधवा महिला दिन का ज्यादातर समय काम पर बिताती थी, लेकिन उस साल 31 अक्टूबर को वह जल्दी घर लौट आई और देखा कि उसकी बेटी गायब है। उसे अपनी बेटी आरोपी के घर पर कुछ और लोगों के साथ मिली। जब उसने अपनी बेटी का भरोसा जीता, तो लड़की ने उसे बताया कि पड़ोसी और कुछ अन्य लोग उसे अश्लील वीडियो दिखाते थे और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाते थे, साथ ही उसे किसी को भी इस बारे में न बताने की धमकी देते थे। इसके बाद, मुंबई के पश्चिमी उपनगर में स्थित दहिसर पुलिस स्टेशन में यह केस दर्ज किया गया। कोर्ट में आरोपी ने खुद को बेकसूर बताया, जिसके बाद पड़ोसी के खिलाफ पूरी तरह से ट्रायल शुरू हुआ। आरोपी ने कोर्ट में कहा कि उसे इस केस में झूठा फंसाया गया है।

**हिंदमाता एंकर: एमएमआरडीए नोटिस के खिलाफ रहिवासी, सात दिनों का अल्टीमेटम गले नहीं उतर रहा, मांगा और समय**

# प्रभादेवी में हाजी नूरानी बिल्डिंग खाली कराने पर विवाद

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**



मुंबई के प्रभादेवी इलाके में स्थित हाजी नूरानी इमारत को खाली कराने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने रहवासियों को सात दिनों के भीतर इमारत खाली करने का नोटिस दिया है। हालांकि, निवासी इस फैसले का विरोध कर रहे हैं और अधिक समय की मांग कर रहे हैं, ताकि वे अपने नए घरों में शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूरी कर सकें। यह कार्रवाई शिवड़ी-वर्ली कनेक्टर परियोजना के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य अटल सेतु को दक्षिण मुंबई से सीधे जोड़ना है। इस प्रोजेक्ट के लिए 125 साल से अधिक पुराने प्रभादेवी पुल को तोड़कर नया दो मंजिला पुल बनाया जा रहा है। परियोजना के लिए लक्ष्मी निवास और हाजी नूरानी इमारत दोनों प्रभावित हो रही हैं।

## पुनर्वास की प्रक्रिया जारी

एमएमआरडीए ने प्रभावित निवासियों के पुनर्वास के लिए म्हाडा से कुछ मकान खरीदे हैं। लक्ष्मी निवास इमारत के निवासियों को पहले ही इन मकानों में स्थानांतरित कर दिया गया है और इमारत खाली कराई जा चुकी है। अब हाजी नूरानी इमारत के निवासियों को भी स्थानांतरित करने की प्रक्रिया जारी है।

## समय सीमा को लेकर टकराव

एमएमआरडीए अधिकारियों का कहना है कि यह परियोजना पहले ही देरी का शिकार हो चुकी है और इसे सितंबर 2026 तक पूरा करना चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में काम में तेजी लाने के लिए इमारतों को जल्द खाली कराकर पुल के स्तंभों का निर्माण शुरू करना जरूरी है। इसी वजह से अधिक समय देना संभव नहीं बताया जा रहा है।

## रहिवासियों की मांग-मई अंत तक मोहलत

वहीं हाजी नूरानी चॉल के निवासी मुनाफ ठाकुर सहित अन्य रहवासी मई 2026 के अंत तक का समय देने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इतनी कम अवधि में शिफ्टिंग और आवश्यक व्यवस्थाएं करना संभव नहीं है। इस मुद्दे को लेकर प्रशासन और निवासियों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है।

# केईएम अस्पताल का नाम बदलने के प्रस्ताव पर बवाल

**हिंदमाता संवाददाता @ मुंबई**




कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की पहल पर परेल स्थित केईएम अस्पताल का नाम बदल कर 'कौशलश्रेष्ठ एकलव्य स्मारक' अस्पताल' रखने के प्रस्ताव को बीएमसी की स्वास्थ्य समिति की बैठक में मंजूरी दी गई है। अब यह प्रस्ताव सुझाव के लिए मुंबई मनपा प्रशासन के पास भेजा गया है। लेकिन इस बीच अब केईएम के रेजिडेंट डॉक्टरों को एसोसिएशन ने इस ऐतिहासिक अस्पताल का नाम बदलने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने इस कदम को बहुत निराशाजनक और स्वीकार न करने योग्य बताया है। शनिवार को जारी एक बयान में एसोसिएशन ने इस बात पर जोर दिया कि केईएम हॉस्पिटल सिर्फ एक नाम से कहीं ज्यादा है। यह अस्पताल एक विरासत वाली संस्था है जिसका अपना एक एकेडमिक इतिहास रहा है।


## नाम बदलने के फैसले में सलाह मशविरा जरूरी

कई दशकों से यह अस्पताल पब्लिक हेल्थकेयर, मेडिकल एजुकेशन और मरीजों की सेवा में बेहतरीन होने का प्रतीक रहा है। इसकी पहचान डॉक्टरों, छात्रों, पुराने छात्रों, स्टाफ और मरीजों की पीढ़ियों के लिए बहुत मायने रखती है। एसोसिएशन ने इस बात पर जोर दिया कि इतने मशहूर संस्थान का नाम बदलने के किसी भी फैसले में खास स्टेकहोल्डर्स, खासकर रेजिडेंट डॉक्टरों से सलाह-मशविरा करना जरूरी है, जो हॉस्पिटल के कामकाज के मुख्य आधारों में से एक हैं।

## एक मशहूर संस्थान है केईएम अस्पताल

माई का कहना है कि सिर्फ हॉस्पिटल का नाम बदलने से संस्था के सामने आने वाली बड़ी चुनौतियों का हल नहीं होगा। एसोसिएशन ने हॉस्टल का ठीक से इंफ्रास्ट्रक्चर न होना, बार-बार लिफ्ट खराब होना और स्टाइपेंड का अनियमित मिलना जैसी मौजूदा चिताओं पर जोर दिया। ऐसे समय में जब ये मुद्दे महत्वपूर्व है, तो सिर्फ सिम्बॉलिक बदलावों के बजाय हेल्थ केयर सिस्टम को मजबूत करने और काम करने की स्थिति में सुधार करने पर ध्यान देना चाहिए।

## विचार प्रवाह



अपने लक्ष्य प्राप्त करके आपको जो मिलता है वो इतना जरूरी नहीं है जितना कि अपना लक्ष्य प्राप्त करके आप जो बन जाते हैं।

– जिग जिगलर

## संपादकीय

# सात सांसदों के पाला बदलने से पंजाब में आप कमजोर

*पंजाब में विधानसभा चुनाव से सिर्फ दस महीने पहले, राज्यसभा के सात सांसदों द्वारा आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ने से पार्टी का संकट गहराता नजर आ रहा है। बगावती तेवरों वाले तीन राज्यसभा सदस्यों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने पार्टी में विभाजन की घोषणा करते हुए कहा है कि उच्च सदन में आप के दो-तिहाई सांसद यानी दस में सात सदस्यों ने एक गुट के रूप में भारतीय जनता पार्टी में विलय करने का निर्णय कर लिया है। हाल के महीनों में खासे मुखर रहने वाले राघव चड्ढा को राज्यसभा में आप के उपनेता पद से हटाये जाने के बाद उनके द्वारा शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद तो विभाजन के संकेत मिलने शुरू हो गए थे। विडंबना यह है कि राज्यसभा में राघव चड्ढा के स्थान पर आप के उप नेता की जगह लेने वाले अशोक मित्तल ने भी उनका ही साथ दिया है। इसमें दो राय नहीं कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी के लिये यह सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। एक समय था कि राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी में नई पीढ़ी का ऊजार्वान प्रतीक चेहरा माना जाता रहा है। अब वे ही आप नेतृत्व पर पार्टी के मूलभूत आदर्शों से पीछे हटने का आरोप लगा रहे हैं। राघव व पार्टी के अन्य बागी सांसदों ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी जनसरोकारों को प्राथमिकता देने के बजाय निजी लाभ को तरजीह दे रही है। उनके निशाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ही हैं। जिन्हें पंजाब में मान सरकार की बागडोर दिल्ली से संचालित करने वाला माना जाता रहा है। जैसा कि आपेक्षित था, आबकारी नीति मामले में मुश्किल में फंसे और अदालती लड़ाई लड़ रहे केजरीवाल ने इन सांसदों पर विश्वास तोड़ने और पंजाब की जनता से छल करने का आरोप लगाया है। केजरीवाल ने आप से अलग होने वाले सांसदों पर पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात करने वाला बताया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी केजरीवाल के निशाने पर है, जिस पर उन्होंने सुनियोजित साजिश करके आम आदमी पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया है। वास्तव में भाजपा सीमावर्ती राज्य पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी जड़ें मजबूत करने की कवायद में जुटी है। इसी कड़ी में भगवा पार्टी ने हाल के वर्षों में पंजाब के कई कांग्रेसी नेताओं को अपने पाले में करने में कामयाबी पायी है। निश्चित रूप से राज्य सभा में आप के दो तिहाई सांसदों का टूटकर भाजपा में मिलना आम आदमी पार्टी के लिये बड़ी चुनौती है। जिसके चलते पंजाब में अपनी खोई जमीन पाने के लिये पार्टी को एकजुट करके आगे बढ़ने की बड़ी चुनौती सामने खड़ी है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि आप के कुछ और नेता आगामी दिनों में भाजपा का दामन थाम लें। लेकिन यहां सवाल आप सुप्रीमो पर उठ रहे हैं कि क्या उन्होंने इन नेताओं को राज्यसभा का टिकट देते वक्त पार्टी की रीति-नीतियों की कसौटी पर परखा था या फिर पार्टी की आर्थिक प्राथमिकताओं को ही उनकी योग्यता मान लिया गया था। जाहिर है ये लोग सार्वजनिक जीवन में बहुत चर्चित चेहरे होने के बजाय आर्थिक रूप से समृद्ध लोग रहे हैं। जब चयन में आर्थिक प्राथमिकताएं होती हैं तो चयनित सदस्यों के निर्णय में भी लाभ-हानि का गणित ही प्रभावी रहता है। यहां सवाल कुछ सासंदों के कारोबारी छिद्रों पर सरकारी एजेंसियों का दबाव का भी है, जिन पर पिछले दिनों कार्रवाई भी हुई थी। अनुमान लगाये जा रहे हैं कि शायद इस कार्रवाई के बाद विभिन्न कारोबार से जुड़े अन्य सांसद भी दबाव में आ गए। उन्होंने केंद्र में सत्तारूढ़ राजग की धुलाई मशीन से गुजरना ज्यादा सुरक्षित महसूस किया। बहरहाल, इस घटनाक्रम ने अन्य राज्यों में विपक्षी दलों के लिये भी खतरे की घंटी बजा दी है। निश्चय ही इंडी गठबंधन के लिये अपने दलों को एकजुट रखना आने वाले दिनों चुनौती साबित हो सकता है।*

## आज का इतिहास





- 1999 - यूनेस्को द्वारा एक कोरियाई लोक गायक के नाम पर एक नये पुरस्कार अरिरंग की घोषणा, दक्षिण कोरिया एवं थाइलैंड के बीच प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर।
- 2005 - टुलुज (फ्रांस) में एयरबस निर्मित दुनिया के सबसे बड़े विमान ए-380 ने पहली परीक्षण उड़ान भरी।
- 2008 -राजस्थान सरकार ने प्रत्येक ज़िला मुख्यालय पर विकलांगों के लिए मोबाइल कोर्ट स्थापित करने का निर्णय लिया। पाकिस्तान ने अपने विदेश सचिव रियाज मुहम्मद खान को बर्खास्त कर उनके स्थान पर चीन में पाकिस्तान के राजदूत सलमान बशीर को विदेश सचिव नियुक्त किया। मोरक्को की एक गद्दा फैक्ट्री में आग लगने से 55 लोगों की मृत्यु।
- 2010 - यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने भारत के नागरिकों की पहचान का एक बड़ा सबूत बनने जा रहे यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर को अब नया ब्रांड नाम 'आधार' तथा नया लोगो पेश किया।
- 2017 - लंबे समय से कैंसर से पीड़ित हिंदी फिल्म अभिनेता विनोद खन्ना का 70 वर्ष की आयु में निधन।
- 1949 - पी. सतशिवम - भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश।
- 1947-हरीश रावत, उत्तरा खंड के सातवें मुख्यमंत्री हैं।
- 1931 - स्वामी विश्वेशतीर्थ - हिंदू संत और पेजावर मठ के प्रमुख थे।
- 1920 - मनीभाई देसाई, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी
- 1912 - जोहरा सहगल - प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं रंगमंच कलाकार थीं।
- 1820 - हरबर्ट स्पेन्सर, प्रसिद्ध शिक्षाविद, दार्शनिक तथा समाजशास्त्री थे।
- 2021 - मनोज दास - प्रसिद्ध उड़िया साहित्यकार थे।
- 2010 - हेमंत दास, उड़िया फिल्म अभिनेता, 'सेसा स्त्रबाना', 'जाजबारा', 'छिलका', 'दांडा बलुंगा' और 'हकीम बाबू'।
- 2009 - फिरोज खान - प्रसिद्ध अभिनेता एवं फिल्म निमार्ता-निर्देशक
- 2017 - विनोद खन्ना - प्रसिद्ध अभिनेता एवं राजनीतिज्ञ।
- 1998 - गुयेन वैन लिंह - वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव थे।
- 1930 - टी. के. माधवन - केरल के प्रसिद्ध समाज सुधारक थे।

# ऊर्जा संकट से जूझता विश्व

## पश्चिम एशिया तनाव, होर्मुज अवरोध और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर बढ़ता दबाव

*हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली*



*राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच दो सप्ताह से जारी युद्धविराम को जिस तरह यकायक अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया, उससे वे अपने कदम पीछे खींचते हुए दिखे। उन्होंने युद्धविराम विस्तार की घोषणा ऐसे समय की, जब इस्लामाबाद में होने वाली दूसरे दौर की शांति वार्ता को लेकर संशय कायम था। गत दिवस संशय के ये बादल छंटे और दोनों देशों के प्रतिनिधियों के इस्लामाबाद रवाना होने की खबरों से दूसरे दौर की वार्ता की संभावना बढ़ी है। ईरान ने पहले दौर की वार्ता विफल होने के बाद जिस प्रकार अमेरिका से बात करने से इन्कार किया था, उससे यही लग रहा था कि वह अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी खत्म किए बिना न तो होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने के लिए तैयार होगा और न ही वार्ता के लिए। अब यदि वह वार्ता के लिए तैयार है तो शायद इसलिए कि अमेरिकी नाकेबंदी उसके लिए परेशानी का कारण बन रही है। जो भी हो, जब तक दूसरे दौर की वार्ता हो नहीं जाती और वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच जाती, तब तक पश्चिम एशिया संकट और साथ ही ऊर्जा संकट खत्म होने के आसार नहीं।*

### होर्मुज पर नियंत्रण और वार्ता विफलता के कारण

अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता इसलिए विफल हुई थी, क्योंकि ईरान न तो यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम से पीछे हटने को तैयार था और न ही होर्मुज पर अपना आधिपत्य छोड़ने के लिए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि युद्धविराम विस्तार के बाद भी होर्मुज बंद है। अमेरिकी नाकेबंदी के पहले वहां से इक्का-दुक्का जो जहाज निकल पा रहे थे, अब वे भी नहीं निकल पा रहे हैं। ईरान अमेरिकी नाकेबंदी खत्म करने की शर्त रखने के साथ ही इस पर अड़ा है कि वह होर्मुज से निकलने वाले जहाजों को अपनी निगरानी में निकलने देगा और उनसे फीस भी वसूलेगा। यह किसी को स्वीकार नहीं हो सकता-न तो अमेरिका को और न ही खाड़ी देशों को, क्योंकि होर्मुज स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है। होर्मुज से विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की ढुलाई होती है।

### होर्मुज पर नियंत्रण और वार्ता विफलता के कारण

अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता इसलिए विफल हुई थी, क्योंकि ईरान न तो यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम से पीछे हटने को तैयार था और न ही होर्मुज पर अपना आधिपत्य छोड़ने के लिए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि युद्धविराम विस्तार के बाद भी होर्मुज बंद है। अमेरिकी नाकेबंदी के पहले वहां से इक्का-दुक्का जो जहाज निकल पा रहे थे, अब वे भी नहीं निकल पा रहे हैं।

### होर्मुज पर शुल्क और अंतरराष्ट्रीय विवाद

ईरान अमेरिकी नाकेबंदी खत्म करने की शर्त रखने के साथ ही इस पर अड़ा है कि वह होर्मुज से निकलने वाले जहाजों को अपनी निगरानी में निकलने देगा और उनसे फीस भी वसूलेगा। यह किसी को स्वीकार नहीं हो सकता-न तो अमेरिका को और न ही खाड़ी देशों को, क्योंकि होर्मुज स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है। होर्मुज से विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की ढुलाई होती है।

### ऊर्जा संकट का प्रभाव

उसके बाधित होने से भारत समेत एशियाई देशों को ही ऊर्जा संकट का सामना नहीं करना पड़ रहा है। संकट का असर अमेरिका समेत पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। हालांकि अमेरिका के पास अपने तेल एवं गैस भंडार हैं, लेकिन होर्मुज से ऊर्जा आपूर्ति ठप हो जाने से तेल और गैस के दाम उसके यहां भी बढ़ रहे हैं। उसके मुकाबले विश्व के अन्य देशों को कहीं अधिक गंभीर ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### ईरान की रणनीति और बढ़ता तनाव

चूंकि ईरान यह समझ रहा है कि वह होर्मुज बाधित कर विश्व के देशों को अमेरिका पर इसके लिए दबाव डालने में सक्षम हो सकता है कि वह टकराव से पीछे हटे, इसलिए उसने भी कठोर रवैया अपना लिया है। यह रवैया दूसरे दौर की वार्ता को भी विफल कर सकता है। ईरान अमेरिकी हमलों के जवाब में खाड़ी देशों में उसके ठिकानों को निशाना बनाने में भी सक्षम है। अमेरिका की समस्या यह है कि वह ईरान के हमलों का पूरी तरह प्रतिकार करने में सक्षम नहीं दिख रहा। इससे अमेरिकी सैन्य अड्डों वाले खाड़ी के देशों में भी बेचैनी है।

### ट्रंप की दुविधा और बदलते बयान

यह स्पष्ट है कि होर्मुज खुलने में जितना विलंब होगा, ऊर्जा संकट उतना ही गहराएगा। इस संकट के चलते अमेरिका ईरान को नए सिरे से निशाना बनाने के लिए बाध्य तो हो सकता है, लेकिन ट्रंप के लिए उसके खिलाफ ऐसा करना आसान नहीं। शायद यही कारण है कि वे कभी ईरान को तबाह करने की धमकी देते हैं और कभी उससे समझौते की उम्मीद जताते हैं। वे बीते 10-12 दिनों में न जाने कितनी बार अपने बयान बदल चुके हैं। उनके बार-बार बदलते और विरोधाभासी बयानों से विश्व को यही संदेश जा रहा है कि वे पश्चिम एशिया में उपजे संकट का समाधान करने की स्थिति में नहीं।

### वसूली और बढ़ता आर्थिक दबाव

इस सबके बीच ईरान ने दावा करना शुरू कर दिया है कि उसने होर्मुज से निकलने वाले जहाजों से वसूली शुरू कर दी है। पता नहीं सच क्या है, लेकिन होर्मुज बाधित रहने से ऊर्जा संकट गंभीर रूप लेता जा रहा है। यदि इस यथास्थिति में अमेरिका पीछे हटता है तो इससे उसकी फजीहत तो होगी ही, युद्ध में हुई क्षति की भरपाई के नाम पर ईरान होर्मुज से निकलने वाले जहाजों की वसूली करने में भी सक्षम हो सकता है। इससे भी तेल और गैस के दाम बढ़ जाएंगे।

### राजनीति और युद्ध की बाधाएं

होर्मुज पर ईरान के दबदबे से उसके और खाड़ी देशों के बीच भी टकराव बढ़ना तय है। ट्रंप ने अनिश्चितकाल के लिए युद्धविराम को चाहे जिन कारणों से बढ़ाया हो, लेकिन उसके पीछे उनकी मजबूरी ही दिखती है। एक बड़ी मजबूरी तो ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए अमेरिकी संसद की अनुमति है। अमेरिकी कानून के तहत यदि राष्ट्रपति किसी देश के खिलाफ युद्ध छेड़ते हैं तो उन्हें 60 दिनों के अंदर संसद से अनुमति लेनी होती है। यह अवधि 1 मई को खत्म हो रही है।

### पाकिस्तान की भूमिका और क्षेत्रीय दबाव

माना जा रहा है कि इसी के चलते ट्रंप ने युद्धविराम बढ़ाने के लिए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और वहां के सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर के इस कथित आग्रह की आड़ ली कि युद्धविराम जारी रखा जाए। पाकिस्तान भी इसके लिए व्याकुल है कि किसी तरह अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हो जाए। ऐसा न होने पर उसकी मुश्किलें बढ़ जाएंगी, क्योंकि युद्ध फिर से शुरू होने की स्थिति में उसे सऊदी अरब के साथ हुए समझौते के तहत उसके साथ और ईरान के खिलाफ खड़ा होना होगा।

# वैलेंटाइन-डे का प्यार बना मौत की साजिश

एक्स फाइल

## ● वेस्टर्न स्टाइल प्रपोज के बहाने प्रेमी की निर्मम हत्या

*हिंदमाता नेटवर्क @ बेंगलुरु*



*एक लड़की अपने प्रेमी को प्रपोज करना चाहती थी। लिहाजा उसने उसे अपने घर बुलाया। उसकी ज़िद थी कि वह उसे वेस्टर्न स्टाइल में प्रपोज करे। उसका प्रेमी तयशुदा प्रोग्राम के मुताबिक उसके घर पहुंचा। इसके बाद प्रेमिका ने सबसे पहले उसके दोनों हाथ बांधे और फिर दोनों पांव। आखिर में उसने अपने प्रेमी की आंखों पर पट्टी बांध दी। लेकिन इसके बाद जिस अंदाज में वहां एक कत्ल हुआ, वैसी वारदात इससे पहले हमारे देश में शायद ही कभी सामने आई हो। यकीनन यह कहानी किसी के भी होश उड़ा सकती है। बेंगलुरु के अंजना नगर में मौजूद एक घर मंगलवार को अचानक चर्चा में आ गया। घर की दूसरी मंज़िल पर बाईं तरफ कोने वाले फ्लैट के बाहर दीवार पर कालिख जैसी चीज दिखाई दे रही थी। साथ ही अब भी थोड़ा-बहुत धुआं उठता नजर आ रहा था। उसी घर के एक हिस्से में एक शख्स फर्श की सफाई कर रहा था, जहां कुछ जली हुई काली-काली परतें जमी थीं। घर के बाहर फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस खड़ी थी और पूरी बिल्डिंग के आसपास लोगों की भीड़ जमा थी।*

### आरोपी की गिरफ्तारी

इसी फ्लैट से पुलिस की कस्टडी में 27 साल की प्रेरणा को नीचे लाया गया। ऊपर जिस घर से धुआं उठ रहा था और जिसके बाहर कालिख जमी थी, प्रेरणा उसी घर में अपनी मां और बड़े भाई के साथ रहती थी। उसी घर के अंदर से एक जली हुई लाश भी बरामद हुई। लाश ऐसी कि जिसे देखना भी मुश्किल था। इन तमाम तस्वीरों और घटनाओं को जोड़कर जो कहानी सामने आती है, उसे सिलसिलेवार जानने से पहले इसका मुखड़ा समझ लीजिए।

### खतरनाक खेल की शुरूआत

उस घर के अंदर कुछ देर पहले दो प्रेमी एक खेल खेल रहे थे- वेस्टर्न स्टाइल प्रपोज का खेल। यानी पश्चिमी देशों में जिस तरह लड़का-लड़की एक-दूसरे से प्यार का इजहार करते हैं, उसी अंदाज का एक 'रोल प्ले'। यह खेल प्रेमिका खेल रही थी और उसके साथ था उसका प्रेमी। खेल की शुरूआत एक बुके से होती है। जैसे ही प्रेमी घर पहुंचता है, प्रेमिका उसे गुलदस्ता देकर उसका स्वागत करती है।

### कत्ल का तरीका

इसके बाद वह उसके दोनों हाथ-पांव बेल्ट से बांध देती है और आंखों पर पट्टी बांध देती है। फिर उसे बेड पर ले जाती है। कुछ देर तक वह उससे प्यार जताती है, लेकिन अचानक उठती है। कमरे में पहले से रखी एक बोतल में केरोसिन ऑयल और पेट्रोल मिला हुआ था। वह पूरी बोतल अपने प्रेमी पर उड़ेल देती है और अगले ही पल उसे आग लगा देती है। प्रेमी जलने लगता है, वो चीखता है, लेकिन प्रेमिका वहीं खड़ी रहती है। इतना ही नहीं, वह मोबाइल उठाकर इस पूरी घटना को रिकॉर्ड करने लगती है।

### परिवार और पृष्ठभूमि

इसके बाद कहानी का दूसरा पहलू सामने आता है। पुलिस ने जिस 27 साल की प्रेरणा को कस्टडी में लिया, उसके पिता पुलिस में थे और मैसूर में तैनात थे। पिता की मौत के बाद वह अपनी मां और बड़े भाई के साथ बेंगलुरु आ गई थी। वह वोडाफोन कंपनी में काम करती थी, जहां उसका काम सिम से जुड़ी सर्विस और कस्टमर केयर में सहायता देना था। उसका बड़ा भाई गिरीशंकर और मां भी नौकरी करते थे।

### प्रेम कहानी की शुरूआत

27 साल का किरन भी वोडाफोन में काम करता था। वहीं दोनों की मुलाकात हुई और धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों लगभग एक साल से एक-दूसरे को जानते थे। पहली मुलाकात पिछले साल अगस्त में हुई थी, लेकिन 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे के दिन प्रेरणा ने किरन को प्रपोज किया था, जिसे उसने स्वीकार कर लिया था।

### रिश्ते में दरार

समय के साथ-साथ दोनों का रिश्ता गहराता गया। जिसके चलते प्रेरणा ने किरन को साढ़े चार लाख रुपए की मोटरसाइकिल और मोबाइल गिफ्ट करने की योजना बनाई थी। लेकिन तभी कहानी में नया मोड़ आ गया। जब प्रेरणा को पता चला कि किरन अपनी एक्स गर्लफ्रेंड से दोबारा बात कर रहा है। उसे यह भी महसूस हुआ कि किरन उसे नजरअंदाज कर रहा है। इस बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ।

### खौफनाक फैसला

ये सब चल ही रहा था कि दो दिन पहले प्रेरणा ने किरन के मोबाइल में उसकी एक्स गर्लफ्रेंड की तस्वीर देख ली। शायद उसी दिन उसने एक खौफनाक फैसला कर लिया। किरन को मारकर खुद भी मर जाने का फैसला। 21 अप्रैल की सुबह उसकी मां काम पर चली गई और भाई भी घर से निकल गया। हालांकि वह फोन चार्ज करने के लिए थोड़ी देर के लिए घर वापस आया, लेकिन फिर चला गया। अब घर में प्रेरणा अकेली थी। उसे पता था कि किरन की भी सेकेंड हाफ में शिफ्ट है। उसने किरन को फोन कर घर बुलाया और कहा कि वह उसे वेस्टर्न स्टाइल में प्रपोज कर गिफ्ट देने वाली है।

### वारदात का अंजाम

किरन को लगा कि शायद उसे महंगा गिफ्ट मिलने वाला है, इसलिए वह खुशी-खुशी सुबह करीब 11 बजे उसके घर पहुंच गया। प्रेरणा ने गुलदस्ता देकर किरन का वेलकम किया। इसके बाद दोनों कमरे में आ गए। थोड़ी देर बाद प्रेरणा ने कहा कि वो उसे आज वेस्टर्न स्टाइल में प्रपोज करना चाहती है। किरन तैयार हो गया। प्रेरणा ने अब सबसे पहले किरन के दोनों हाथ बांध दिए। मगर जैसे ही वो किरन के पैर बांधने लगी, किरन घबरा गया। तब प्रेरणा ने उसे समझाया कि वेस्टर्न स्टाइल प्रपोज ऐसे ही करते हैं। किरन फिर तैयार हो गया। अब दोनों हाथ-पैर बांधने के बाद प्रेरणा ने आखिर में किरन की आंखों पर भी पट्टी बांध दी। इसके बाद उसी हालत में दोनों बेड पर लेटे रहे। अब तक सब कुछ ठीक था।

### आग में झोंक दिया

लेकिन तभी प्रेरणा अचानक बेड से उठी। इसके बाद किरन को महसूस हुआ कि उसके ऊपर प्रेरणा पानी डाल रही है। मगर फिर महक से वो समझ गया कि वो पानी नहीं तेल या पेट्रोल है। किरन अब घबरा गया और चीखने लगा। पर चूंकि दोनों हाथ-पैर बंधे हुए थे, लिहाजा वो भाग भी नहीं सकता था। दरअसल, प्रेरणा ने घर में पहले से ही एक बोतल में पेट्रोल और केरोसिन तेल मिला कर रखा हुआ था। वही बोतल उसने किरन पर खाली कर दी। और फिर अगले ही पल किरन को आग के हवाले कर दिया। अब किरन जलता हुआ चीख रहा था। तड़प रहा था। जबकि प्रेरणा उसे जलते हुए अपने मोबाइल में रिकॉर्ड करती रही।

### आत्महत्या का इरादा बदला

कुछ देर बाद उसकी चीखें शांत हो गईं। उसका जिस्म भी शांत पड़ा चुका था। इसके बाद प्रेरणा सीधे दूसरे कमरे में गई। जहां उसने पहले से जहर खरीद कर रखा था। जिसे पीकर वो खुदकुशी करना चाहती थी। लेकिन किरन को मरते हुए देखकर वह डर गई और उसने अपना इरादा बदल दिया।

### पड़ोसी की सतर्कता

इसी बीच घर से धुआं उठता देखकर एक पड़ोसी उनके घर में आया और हालात देखकर तुरंत मदद की। उसने प्रेरणा को कंबल से ढककर बाहर निकाला और उसके भाई को सूचना दी। अब पुलिस भी मौके पर पहुंच चुकी थी। पुलिस के आने पर प्रेरणा ने पहले सबको गुमराह करने की कोशिश की और कहा कि वह बाथरूम में थी और उसे नहीं पता कि आग कैसे लगी। लेकिन मौके पर मिली पेट्रोल की बोतल, सीसीटीवी फुटेज और किरन के बंधे हुए हाथ-पांव ने सच्चाई उजागर कर दी। आखिरकार प्रेरणा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### पुलिस जांच जारी

पुलिस को उसके कमरे से जहर की बोतल और कुछ गोलियां भी मिलीं। फिलहाल पुलिस का मानना है कि यह पूरी घटना पहले से सोची-समझी साजिश थी। अब पुलिस किरन की एक्स गर्लफ्रेंड से भी पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि प्रेरणा को इस तरह के 'वेस्टर्न स्टाइल प्रपोज' और खौफनाक मर्डर का आइडिया कहां से मिला?

## प्रेरक प्रसंग

# चतुर किसान और बंदर



*एक गांव में कबीर नाम का एक किसान रहता था। वह अपनी बुद्धिमानी और चतुराई के लिए दूर-दूर तक जाना जाता था। कबीर कोई भी काम जल्दबाजी में नहीं करता था, बल्कि हर काम को सोच-समझकर करता था। यही कारण था कि गांव के लोग उसकी बहुत प्रशंसा करते थे। वह अपने खेत और फसलों की देखभाल भी बड़े ध्यान और लगन से करता था, जिससे उसकी खेती हमेशा अच्छी होती थी। एक दिन की बात है, कबीर अपने खेत में काम कर रहा था। दोपहर के समय उसकी पत्नी उसके लिए खाना लेकर आई। खाने के साथ वह एक मीठा और रसीला आम भी लाई थी। कबीर ने बड़े स्वाद से खाना खाया और आम भी खा लिया। आम खाने के बाद उसने उसकी गुठली को पास के तालाब के किनारे फेंक दिया और फिर अपने काम में लग गया। समय बीतता गया और कुछ वर्षों बाद वही गुठली एक बड़े आम के पेड़ में बदल गई। उस पेड़ पर हर साल ढेर सारे मीठे और रसीले आम लगने लगे। लेकिन एक समस्या खड़ी हो गई। उस पेड़ पर कई बंदरों ने अपना डेरा जमा लिया था। वे बंदर पेड़ पर आने वाले हर इंसान को भगाते थे और किसी को भी आम तोड़ने नहीं देते थे। इस कारण कबीर अपने ही पेड़ के आम नहीं खा पाता था। एक दिन कबीर खेत में बैठा सोच रहा था कि इन बंदरों से कैसे निपटा जाए। तभी उसके मन में एक चतुर उपाय आया। उसने अपने खेत से मिट्टी के छोटे-छोटे गोले बनाए और पेड़ की ओर फेंकना शुरू कर दिया।*

■ अचानक हुए इस हमले से बंदर घबरा गए। उन्हें समझ नहीं आया कि क्या हो रहा है। बंदरों ने भी जवाब में पेड़ से आम तोड़कर नीचे फेंकना शुरू कर दिया, ताकि वे खुद को बचा सकें। कबीर यही चाहता था। वह आराम से नीचे गिरते आमों को इकट्ठा करने लगा। कुछ ही समय में उसके पास बहुत सारे आम जमा हो गए।

■ इस तरह कबीर ने अपनी समझदारी और चतुराई से बिना पेड़ पर चढ़े और बिना किसी नुकसान के आम प्राप्त कर लिए। जब गांव वालों को यह बात पता चली, तो उन्होंने उसकी बुद्धिमानी की खूब सराहना की। सीख: समझदारी और धैर्य से हर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है।

## राशिफल

**मेष**- जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी।

**वृषभ**-पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता रहेगी।

**मिथुन**- मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कर्क**- जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी न करें। घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दु:खद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी।

**सिंह**- मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या**- घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें।

**तुला**-व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा। प्रमाद न करें। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक**- आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु**- व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर**- प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कुंभ**- लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी।

**मीन**-व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। जोखिम न लें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है।

दैनिक हिंदमाता मिरर पैनी नजर, पुख्ता खबर 

बंगाल में महिला सुरक्षा पर टीएमसी पर बरसे पीएम मोदी

# भाजपा हर एक गुंडे, बलात्कारी को ढूंढ निकालेगी

**हिंदमाता नेटवर्क @ कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण के मतदान में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने टीएमसी पर राज्य की महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया, और साथ ही यह वादा भी किया कि भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद सरकार गुंडों और बलात्कारियों को ढूंढ-ढूंढकर पकड़ेगी।



■ बंगांव में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने मौजूदा सरकार के कार्यकाल को जंगल राज करार दिया। इसके साथ ही, उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से कई नई पहलों और वादों की रूपरेखा भी पेश की। उन्होंने कहा कि बंगाल की महिलाएं ही टीएमसी के जंगल राज की सबसे बड़ी शिकार हैं। उनके साथ सबसे बड़ा विश्वासघात किया गया है। संदेशखाली में हमारी बहनों पर अत्याचार किए गए हैं। महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। टीएमसी के जंगलराज में, युवा महिलाएं लापता हो रही हैं। 4 मई के बाद, भाजपा सरकार हर एक गुंडे और बलात्कारी को ढूंढकर पकड़ेगी और उन्हें उनके किए की सजा दिलवाएगी। भाजपा महिलाओं को सुरक्षा और अवसर, दोनों प्रदान करती है।

■ प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार महिलाओं के खातों में हर साल 36,000 रुपए जमा करेगी। इसके अलावा, उन्होंने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की एक ऐतिहासिक घोषणा की, और वादा किया कि भाजपा की डबल-इंजन सरकार का दोहरा लाभ बंगाल की महिलाओं के लिए दोगुना हो जाएगा।

■ उन्होंने कहा कि बंगाल की भाजपा सरकार हर साल महिलाओं के खातों में 36,000 रुपए जमा करेगी। बंगाल भाजपा ने आशा कार्यकर्ताओं और अन्य महिला स्वास्थ्य कर्मियों के वेतन के बारे में भी एक बड़ी घोषणा की है। हमारी सरकार माताओं, बहनों और बेटियों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देगी। सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 80 फीसदी की छूट मिलेगी। स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर के लिए, जांच और टीके मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे। गर्भावस्था के दौरान 21,000 रुपए की सहायता दी जाएगी, और ग्रेजुएशन के लिए बेटियों को 50,000 रुपए की सहायता दी जाएगी।

■ इसके अलावा, उन्होंने महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार में मदद करने का वादा किया और कहा कि 75 लाख महिलाओं को सहायता दी जाएगी ताकि वे हर साल एक लाख रुपए से ज्यादा कमा सकें। पीएम ने कहा कि अपना कारोबार शुरू करने के लिए, महिलाओं को बैंक से 20 लाख रुपए का लोन मिलेगा। बैंक को गारंटी चाहिए होती है। बहनों, यह गारंटी आपसे नहीं मांगी जाएगी। यह गारंटी आपको आपका भाई, मोदी देगा। पीएम मोदी ने कुछ महीने पहले कोलकाता स्टेडियम में फुटबॉलर लियोनेल मेसी से जुड़े विवाद का भी जिक्र किया, और कहा कि यह टीएमसी के महा जंगलराज का नतीजा था।

ममता पर अमित शाह ने साधा निशाना

## पहले आतंकियों को बिरयानी, अब 'ऑपरेशन सिंदूर' से दिया जवाब



**हिंदमाता नेटवर्क @ कोलकाता**

**गृह** मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल में बीजेपी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जन सभा को संबोधित किया। नदिया के तेहट्टा विधानसभा में अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ळटउ ने किसानों की अनदेखी की है पहले चरण में ळटउ का सूपड़ा साफ हो गया है।

अमित शाह ने कहा, "4 मई को भाजपा सरकार बनने वाली है। मई महीने के बाद बंगाल की हर दीदी, माता, बहन के खाते में हर महीने 3 हजार रुपये भाजपा सरकार भेजने वाली है और सारे बेरोजगार युवाओं के बैंक खाते में हर महीने 3 हजार रुपये भेजे जाएंगे। सारी माताओं- बहनों को बस में कोई टिकट नहीं लेना है, मुफ्त में यात्रा हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 4 तारीख को भाजपा सरकार आने वाली है... भाजपा का मुख्यमंत्री आने के बाद सिर्फ मतदाता सूची से नहीं, पूरे बंगाल की भूमि से घुसपैठियों को चुन-चुन कर निकालेंगे।

### आतंकवादियों का सफाया किया गया

पश्चिम बंगाल की तेहट्टा, नादिया में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि...जब ममता बनर्जी और कांग्रेस की सरकार थी तब आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते थे। 2014 में पीएम मोदी की सरकार आई उरी पर हमला हुआ तो सर्जिकल स्ट्राइक की, पुलवामा में हमला हुआ एयरस्ट्राइक की और पहलगाम में हमला हुआ, पाकिस्तान के घर में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकवादियों का सफाया किया गया।

### पीएम मोदी ने इस देश को आतंकवाद से मुक्त किया

पीएम मोदी ने इस देश को आतंकवाद से मुक्त किया है। पीएम मोदी ने इस देश को नक्सलवाद से मुक्त किया है और अब भाजपा सरकार ला दीजिए, चुन-चुन कर घुसपैठियों को निकालने का काम हम करेंगे... दीदी कहती हैं कि रक्षकरके घुसपैठियों का नाम क्यों निकाल रहे हो? दीदी, आपका समय समाप्त हो चुका है।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

## अग्रिम जमानत भले खारिज करें, पर सरेंडर का आदेश नहीं दे सकतीं अदालतें



**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

**देश** की सर्वोच्च अदालत ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। हालांकि, याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे।

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या-क्या कहा?

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे।

### झारखंड से जुड़ा है मामला

यह पूरा मामला झारखंड हाईकोर्ट के एक पुराने आदेश से उपजा था। हाई कोर्ट ने भूमि विवाद से संबंधित एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका खारिज करने के साथ ही हाई कोर्ट ने आरोपी को निर्देश दिया था कि वह निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करे और नियमित जमानत के लिए आवेदन करे। मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। इनमें धारा 323 यानी स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, 420-धोखाधड़ी, 468 यानी धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी और 471-जाली दस्तावेज का उपयोग शामिल हैं।

### झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था अग्रिम जमानत याचिका

झारखंड हाईकोर्ट ने आरोपी की दूसरी अग्रिम जमानत याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि मामले में कोई नई परिस्थितियां सामने नहीं आई हैं। हाईकोर्ट ने अपने पिछले आदेश पर भरोसा जताया था। उस आदेश में अदालत ने सतेंदर कुमार अंतिल बनाम सीबीआई मामले के फैसले का हवाला देते हुए आरोपी को ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के इस दृष्टिकोण को गलत ठहराया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस तरह का निर्देश पूरी तरह से क्षेत्राधिकार के बिना दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ कहा कि अग्रिम जमानत का उद्देश्य गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान करना है। यदि अदालत को लगता है कि राहत नहीं दी जानी चाहिए, तो वह याचिका को अस्वीकार कर सकती है। लेकिन वह आरोपी पर आत्मसमर्पण का दबाव नहीं बना सकती।

गैंगरेप से दहला भोपाल

## रिसेप्शनिस्ट को बंधक बनाकर होटल में किया सामूहिक दुष्कर्म

**हिंदमाता नेटवर्क @ भोपाल**

**मध्यप्रदेश** की राजधानी भोपाल में होटल की रिसेप्शनिस्ट से गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना कोलार थाना क्षेत्र की है। गैंगरेप के आरोप में पुलिस ने महिला, होटल मालिक और एक अन्य को गिरफ्तार किया है। वहीं 2 आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, कोलार थाना क्षेत्र में 23 वर्षीय रिसेप्शनिस्ट का काम करती है। महिला आरोपी पूर्व रिसेप्शनिस्ट थी और युवती से बदला लेना चाहती थी। ऐसे में उसने अपने बेटे, उसके दोस्तों और होटल मालिक से मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के मुताबिक, महिला ने उसे बहाने से होटल के कमरे में बुलाया फिर उसे बंधक बनाकर सभी लोगों को वहां बुलाया जिन्होंने बारी-बारी से दुष्कर्म किया।



युवती के विरोध करने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर अमानवीय व्यवहार किया। घटना की सूचना पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी महिला विनीता उसके बेटे बिट्टू और होटल मालिक को हिरासत में ले लिया। आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है। वहीं दो अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश में दो थानों की पुलिस जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक जल्द ही उनकी गिरफ्तारी करके आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## गिरफ्तारी से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पवन खेड़ा

हिमंत की पत्नी पर लगाए थे गंभीर आरोप

**हिंदमाता नेटवर्क @ गुवाहाटी**

**गुवाहाटी** हाई कोर्ट द्वारा एंटीसिपेटरी बेल की याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत की पत्नी द्वारा एफआईआर मामले में एंटीसिपेटरी बेल के लिए शीर्ष अदालत पहुंचे हैं। गौरतलब है कि पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि हिमंत की पत्नी रिंकी भुइयां के पास तीन देशों का पासपोर्ट होने का आरोप लगाया था। इसके बाद हिमंत बिस्वा सरमा ने काफी आक्रामक जवाब दिया था। इससे पहले गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।



■ गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद कांग्रेस की प्रतिक्रिया आई थी। शनिवार को पार्टी की तरफ से कहा गया कि वह अपने मीडिया विभाग के प्रमुख के साथ खड़ी है। साथ ही उम्मीद जताई कि उत्पीड़न की राजनीति पर न्याय की जीत होगी।

■ पवन खेड़ा ने हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां होने के आरोपों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां ने खेड़ा और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत गुवाहाटी अपराध शाखा पुलिस थाने में आपराधिक मामले दर्ज कराए थे। इससे पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय ने खेड़ा को सात दिन की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी, लेकिन असम पुलिस ने इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने अंतरिम आदेश पारित कर ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी थी और खेड़ा को गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाने को कहा था।

## जमुई में शराबबंदी वसूली करने वाले 3 होमगार्ड गिरफ्तार

**हिंदमाता नेटवर्क @ सोनो (जमुई)**

**जिले** में शराबबंदी कानून के नाम पर चल रहे अवैध वसूली के खेल का एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नवादा उत्पाद चेकपोस्ट पर फिरौती कांड की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि सोनो थाना क्षेत्र के डुमरी चेकपोस्ट पर तैनात उत्पाद विभाग के तीन होमगार्ड जवानों की करतूत ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं।




### तीनों को भेजा जेल

पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार जवानों में सूर्यमणि कुमार, नवीन कुमार और आशीष कुमार शामिल हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने वाहन जांच के दौरान यात्रियों को शराब सेवन के नाम पर डराया-धमकाया और फिर उनसे मोटी रकम वसूल कर छोड़ दिया।

## बंगाल के लोग आतंकवादी हैं क्या? : केजरीवाल

पूरे देश से यहां सेना को बुला दिया

**हिंदमाता नेटवर्क @ कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की प्रचार गतिविधियां तेज हो गई हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कमजोर पीएम बताया और आरोप लगाया कि राज्य में लगभग 27 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। केजरीवाल ने रविवार को उत्तर कोलकाता के बेलेघाटा में तृणमूल कांग्रेस के प्रचार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली से आपके पास आया हूं। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि देश को बचाने और लोकतंत्र की रक्षा का चुनाव है। भाजपा ने अपना पूरा तंत्र बंगाल में लगा दिया है। यह बंगाली अस्मिता और बंगाल के लोगों की गरिमा पर हमला है। पूरा बंगाल भाजपा, अमित शाह और मोदी जी को लोकतंत्र बचाने के लिए करारा जवाब देगा और उन्हें बुरी तरह हराएगा।



आप संयोजक ने कहा कि सोशल मीडिया पर देखिए, लोग प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हैं, उनके खिलाफ मीम्स बना रहे हैं। मोदी जी ईमानदारी से चुनाव नहीं जीत सकते। मोदी के हैं तीन यार- ED, CBI और ज्ञानेश कुमार। उन्होंने कहा कि पूरे देश से यहां सेना को बुलाया गया है, इसकी क्या जरूरत है? क्या बंगाल के लोग आतंकवादी हैं? यह बंगाल के लोगों का अपमान है। यहां साढ़े 3 लाख सैन्य बल तैनात किए गए हैं, उन्हें किस बात का डर है? इतना सब होने के बाद भी अगर मोदी जी चुनाव हार जाते हैं तो बंगाल की जनता उनसे पूछना चाहती है कि क्या वह इस्तीफा देंगे?

### इतना कमजोर प्रधानमंत्री नहीं देखा गया : केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए आगे कहा कि 75 साल में इतना कमजोर प्रधानमंत्री नहीं देखा गया। सोशल मीडिया पर मोदी और अमित शाह का खूब मजाक उड़ रहा है। प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी मजबूती से नहीं बोल पा रहे हैं। वे केवल गंदी राजनीति कर रहे हैं। यह पूरा चुनाव SIR के इर्द-गिर्द लड़ा जा रहा है। पश्चिम बंगाल में 27 लाख मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। अगर आप मतदाता नहीं हैं, तो आपकी नागरिकता पर सवाल उठता है। मैं प्रभावित लोगों से अपील करता हूं कि वे ममता दीदी के साथ खड़े हों और घर-घर जाकर उनके लिए प्रचार करें। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा ने दिल्ली में लागू की गई कई कल्याणकारी योजनाओं को उलट दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो पश्चिम बंगाल की योजनाओं पर भी रोक लग सकती है। केजरीवाल ने कहा कि आज उन्होंने दिल्ली में हमारा सारा अच्छा काम नष्ट कर दिया। हमने अच्छी स्कूल बनाए, उन्होंने बंद कर दिए। हमने मोहल्ला क्लिनिक बनाए, महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त की, लेकिन उन्होंने रोक दी। हमने बिजली मुफ्त की, वे उसे भी रोकने वाले हैं। दीदी ने यहां जो काम किए हैं, अगर आप गलती से उन्हें वोट दे दिए तो वे सब बंद कर देंगे। पहले चरण में 23 अप्रैल को मतदान हुआ था, जिसमें रिकॉर्ड 92.35% मतदान दर्ज किया गया। दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा, जबकि वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

## चरम पर टीएमसी का जंगलराज; लोकतंत्र नहीं, दहशत का है शासन: राहुल गांधी

**हिंदमाता नेटवर्क @ कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के बाद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस के कद्दावर नेता राहुल गांधी ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की कथित हत्या को लेकर ममता सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में अब लोकतंत्र नहीं, बल्कि तृणमूल कांग्रेस का आतंक का शासन चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस हिंसक राजनीति के सामने कभी नहीं झुकेगी।



### असनसोल में हुई बर्बरता

जानकारी के अनुसार, देबदीप चटर्जी की हत्या असनसोल में चुनाव के बाद भड़की हिंसा के दौरान की गई। कांग्रेस का दावा है कि देबदीप असनसोल उत्तर से पार्टी के उम्मीदवार प्रसेनजीत पुईतांडी के बेहद करीबी सहयोगी थे। पश्चिम बंगाल कांग्रेस का आरोप है कि सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस से जुड़े उपद्रवियों ने देबदीप पर जानलेवा हमला किया और उन्हें बेरहमी से पीटा। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

### न्याय और मुआवजे की मांग

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि सभी दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही, उन्होंने देबदीप के परिवार को पूर्ण सुरक्षा और उचित मुआवजा देने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि भारत की अहिंसक परंपरा को चोट पहुंचाने वाली इस राजनीति के सामने न्याय होकर रहेगा।

### प्रशासनिक सुस्ती पर उठे सवाल

पश्चिम बंगाल कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल से पोस्ट कर राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी का कहना है कि यह दुखद घटना राज्य में सुरक्षा तंत्र के पूरी तरह ध्वस्त होने का प्रमाण है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि इतनी बड़ी वारदात होने के बाद भी शुरूआती रिपोर्टों तक पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। बंगाल में लोकतंत्र दम तोड़ चुका है। विपक्षी आवाजों को दबाने के लिए हिंसा को हथियार बनाना टीएमसी का ट्रेडमार्क बन गया है।

## राघव चड्ढा के भाजपा में जाने से Gen Z हुआ नाराज

घटे लाखों फॉलोअर्स, लोकप्रियता में क्यों आई गिरावट

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी को बड़ा झटका देते हुए राघव चड्ढा के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के एक दिन बाद ही उनकी लोकप्रियता पर असर साफ दिखाई देने लगा है। चड्ढा अपने साथ आप के 6 राज्यसभा सांसदों को भी भाजपा में ले गए, जिससे अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी में हलचल मच गई है। हालांकि, राज्यसभा में आप के उपनेता पद से हटाए जाने के बाद उनके भाजपा में जाने की अटकलें पहले से ही लगाई जा रही थीं, लेकिन यह फैसला खासतौर पर Gen Z वर्ग को रास नहीं आया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस गिरावट के पीछे युवा वर्ग, खासकर Gen Z की बड़ी भूमिका है।



### सोशल मीडिया पर गिरावट

डिजिटल दौर में सोशल मीडिया फॉलोअर्स को लोकप्रियता का पैमाना माना जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा में शामिल होने के 24 घंटे के भीतर ही चड्ढा के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स में करीब 10 लाख की गिरावट आई। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि डेटा-आधारित राजनीति करने वाले राघव चड्ढा क्या इस गिरती लोकप्रियता को संभाल पाते हैं या नहीं, खासकर युवा वर्ग के बीच।

### मुद्दों से बनी थी युवाओं के बीच खास पहचान

राघव चड्ढा ने युवाओं के बीच अपनी अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने पितृत्व अवकाश, ट्रैफिक समस्या, टेलीकॉम कंपनियों की डाटा लिमिट, एयरपोर्ट पर महंगे समोसे और 10 मिनट डिलीवरी मॉडल में गिग वर्कर्स के शोषण जैसे मुद्दों को उठाया था। गिग वर्कर्स की समस्याओं को समझने के लिए उन्होंने एक दिन Blinkit के डिलीवरी पार्टनर के रूप में भी काम किया था। उनके प्रयासों के बाद केंद्र सरकार ने 10 मिनट डिलीवरी की अनिवार्यता को हटाने का निर्देश दिया था। इन मुद्दों ने चड्ढा को एक सुलभ और अलग तरह के नेता के रूप में स्थापित किया था, जो युवाओं की आकांक्षाओं और पारंपरिक राजनीति के बीच पुल का काम करते थे।

### समर्थन से विरोध तक

जब उन्हें राज्यसभा में आप के उपनेता पद से हटाया गया था, तब उन्हें सोशल मीडिया पर व्यापक समर्थन मिला था। उनकी पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा से जुड़े पोस्ट भी चर्चा में रहे थे। एक समय ऐसा भी आया जब सोशल मीडिया पर सुझाव दिया गया कि चड्ढा को Gen Z पार्टी बनानी चाहिए। हालांकि, अंततः उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया, जिसके बाद उनका समर्थन आधार बदलता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर "#u»»ffollowRaghavChadha" ट्रेंड कर रहा था। कई यूजर्स का दावा है कि चड्ढा ने अपने पुराने पोस्ट हटा दिए हैं, जिनमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की आलोचना की थी।

हिंदमाता एंकर: बुलंदशहर जिले के खुर्जा में मामूली विवाद ने ऐसा खौफनाक रूप

## बुलंदशहर ट्रिपल मर्डर: एक घर से उठीं तीन अर्थियां, रो पड़ा गांव; अंतिम संस्कार में आई हजारों की भीड़

**हिंदमाता नेटवर्क @ बुलंदशहर**

**उत्तर** प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा में मामूली विवाद ने ऐसा खौफनाक रूप ले लिया कि एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। बर्थडे पार्टी में केक चेहरे पर लगाने को लेकर शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते ट्रिपल मर्डर में बदल गया। अब जब तीनों शव घर पहुंचे तो पूरे इलाके में मातम पसर गया। एक ही घर से तीन अर्थियां उठने का मंजर देखकर गांव के लोग भी रो पड़े।



### बर्थडे पार्टी में हुआ था बवाल

घटना शनिवार देर रात थाना खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष रोड स्थित आरजेएस फिटनेस जिम की है। यहां फूटा दरवाजा मोहल्ला निवासी जीतू सैनी की जन्मदिन पार्टी चल रही थी। पार्टी में शामिल युवकों के बीच केक लगाने को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो गाली-गलौज और विवाद में बदल गई।

### तीनों की जिम में ही हुई मौत

बताया जा रहा है कि विवाद के बाद आरोपी जीतू सैनी गुस्से में वहां से चला गया। करीब एक घंटे बाद वह अपने साथियों के साथ वापस लौटा। इस दौरान वह अपने भाई की लाइसेंसी पिस्टल लेकर आया था। जिम की पहली मंजिल पर पहुंचे आरोपी ने वहां बैठे अमरदीप (35), मनीष (32) और आकाश (19) पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। भागने की कोशिश कर रहे आकाश को भी आरोपी ने पीछा कर सिर में गोली मार दी।

### वारदात के बाद ले गए सीसीटीवी की डीवीआर

गोलीबारी के बाद जिम में अफरातफरी मच गई। मौजूद युवक जान बचाने के लिए मशीनों के पीछे छिप गए। आरोपी मौके से फरार होने से पहले जिम का सीसीटीवी डीवीआर भी निकाल ले गया।

### पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी सिटी, कई सीओ और कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने 15 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### मचा कोहराम, अंतिम संस्कार की तैयारी

तीनों मृतकों के शव उनके घर पहुंचे, माहौल बेहद गमगीन हो गया। हजारों की भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। तीन शव देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। गांव में शोक की लहर दौड़ गई और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी गई।

### शराब और पुरानी रंजिश की भी जांच

पुलिस जांच में सामने आया है कि पार्टी के दौरान शराब का सेवन भी हो रहा था। मौके से शराब की बोतलें, बीयर कैन और सिगरेट के अवशेष मिले हैं। वहीं, सैनी धर्मशाला को लेकर दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश की बात भी सामने आ रही है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# हमारी पार्टी यूपी में 25 सीटों पर लड़ेगी

## चुनाव NDA के साथी अठावले का ऐलान

**हिंदमाता नेटवर्क @ लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इसी बीच रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (RPI) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री डॉ। रामदास अठावले ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी यूपी में बीजेपी के सहयोगी के तौर पर करीब 25 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अगर बीजेपी उनकी मांग पूरी नहीं करती है तो पार्टी विधानसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी। दरअसल उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे लेकर एनडीए के सहयोगी दल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास अठावले भी तैयार है। उन्होंने कहा है कि वह 2027 में होने जा रहे यूपी विधानसभा चुनाव में 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे। लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए रामदास अठावले ने कहा कि उनकी पहली कोशिश यही है कि यूपी में बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाए। लेकिन,चुनाव लड़ने के लिए अगर उनकी 25 सीटों की मांग नहीं मानी जाती,तो फिर उनकी पार्टी अकेले ही मैदान में उतरेगी।



### अकेले दम पर लड़ेंगे यूपी विधानसभा चुनाव

रामदास अठावले ने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। सहयोगी पार्टी बीजेपी से इसकी मांग की जाएगी। अगर उनकी मांग पर बीजेपी विचार नहीं करती है तो पार्टी अकेले दम पर यूपी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही अठावले ने मांग उठाई कि गांवों में दलित परिवारों को पांच-पांच एकड़ जमीन दी जाए और उनके लिए सामुदायिक केंद्र बनाएं जाएं। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी की तारीफ की। अठावले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के राज में गुंडाराज खत्म हो गया है। साथ ही राम मंदिर का वर्षों पुराना मुद्दा भी सुलझ गया है। हम सीएम योगी से मुलाकात करेंगे और उनसे अपील करेंगे कि प्रदेश में हमारी पार्टी आरपीआई को भी साथ लेकर चलें।

### तमिलनाडु में 18 सीटों पर चुनाव लड़ रही RPI

बता दें कि मुख्य तौर पर महाराष्ट्र से आने वाली रामदास अठावले की आरपीआई ने हाल ही में बिहार विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इसके अलावा तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में आरपीआई 18 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इससे पहले 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में RPI ने 31 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे,लेकिन उसे एक भी सीट पर जीत नहीं मिल पाई। अब देखना ये होगा कि अठावले के इस ऐलान पर बीजेपी शीर्ष नेतृत्व क्या प्रतिक्रिया देता है।

# होमगार्ड परीक्षा में AI से नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## 3 अरेस्ट

**हिंदमाता नेटवर्क @ कानपुर**

यूपी के कानपुर जिले में होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान हाईटेक नकल की एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। कानपुर के बीएनएसडी इंटर कॉलेज में आयोजित परीक्षा के दौरान आरोपियों ने मोबाइल फोन,एआई तकनीक और मिनी पॉकेट प्रिंटर के जरिए नकल कराने की योजना बनाई थी,जिसे प्रशासन की सतर्कता से नाकाम कर दिया गया। मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब सेक्टर मजिस्ट्रेट को परीक्षा केंद्र पर संदिग्ध गतिविधि दिखाई दी। जांच में सामने आया कि प्रश्नपत्र की फोटो खींचकर उसे बाहर भेजा जा रहा था,जहां एआई के माध्यम से उत्तर तैयार किए जाने थे।



### कैसे पकड़ में आया मामला?

पुलिस के अनुसार संदीप चंद्र विश्वकर्मा संदिग्ध हालत में परीक्षा कक्ष से बाहर जाते समय पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास प्रश्नपत्र से जुड़ी सामग्री बरामद हुई। पूछताछ में उसने निर्मल कुमार का नाम लिया,जिसने आगे प्रवक्ता अखिलेश यादव की भूमिका उजागर की। बताया जा रहा है कि जिस अभ्यर्थी को पास कराने की साजिश थी,उसका नाम राहुल कुमार है,जो निर्मल का करीबी है। नोडल अधिकारी एडीसीपी एलआईयू महेश कुमार ने बताया कि आरोपियों के पास से सील्ड प्रश्न-पुस्तिका भी बरामद की गई है। तीनों के खिलाफ कर्नलगंज थाना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस गिरोह के तार और किन अभ्यर्थियों या लोगों से जुड़े हो सकते हैं। वहीं,परीक्षा केंद्र के व्यवस्थापक की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इस पूरे मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए जांच तेज कर दी है। इस घटना ने प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### लेक्चरर निकला मास्टरमाइंड

पूरे षड्यंत्र का मास्टरमाइंड कॉलेज का प्रवक्ता और एनसीसी लेफ्टिनेंट अखिलेश सिंह यादव बताया जा रहा है। उसने फर्जी तरीके से दो लोगों को कक्ष निरीक्षक बनाकर परीक्षा में तैनात कराया था। गिरफ्तार आरोपियों में संदीप चंद्र विश्वकर्मा और निर्मल कुमार शामिल हैं,जिन्हें मौके से पकड़ा गया। कुल तीन आरोपियों को पकड़ा गया है,जिसमें अखिलेश सिंह भी शामिल हैं।


### पेन-पेपर मोड में होनी थी परीक्षा

बीएनएसडी इंटर कॉलेज के केंद्र सा व्यवस्थापक व प्रवक्ता प्रवक्ता ललित बाजपेई के अनुसार विद्यालय में ऑफलाइन लिखित परीक्षा के दो केंद्र ब्लॉक ए और भी बने थे। दूसरी टाइम की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होनी थी। दोपहर में 2 :55 बजे ब्लॉक ए केंद्र संख्या 5305 में एक व्यक्ति परीक्षा कक्ष से बाथरूम की ओर जाता उन्हें दिखा। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस कर्मियों ने जब उससे पूछताछ कि तो उसने अपना नाम संदीप चंद्र विश्वकर्मा बताया। उसने खुद को ड्यूटी पर तैनात कक्ष संख्या 12 का कक्ष निरीक्षक बताया,लेकिन तलाशी के दौरान पीछे उसकी शर्ट के नीचे पर संख्या नंबर 49225732 लिखा मिला।

## शॉर्ट स्टोरी

### बाइक-कार के बाद अब घोड़ा बना तस्करों का हथियार,पुलिस ने पकड़ा अनोखा जुगाड़

**हिंदमाता नेटवर्क @ बेतिया**



बिहार के बेतिया में शराब तस्करी का एक अनोखा मामला सामने आया है,जहां तस्करों ने बाइक,कार और ट्रक के बाद अब घोड़े को तस्करी का जरिया बना लिया है। इस घटना ने पुलिस के साथ-साथ आम लोगों को भी हैरान कर दिया है और इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ। शौर्य सुमन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत नौतन थाना पुलिस ने बन्हौरा रोड पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक लाल-उजले रंग के घोड़े पर लदी विदेशी शराब बरामद की गई। जांच में सामने आया कि तस्कर घोड़े का इस्तेमाल शराब की ढुलाई के लिए कर रहा था। पुलिस ने मौके से कुल 121 पीस (180 एमएल) यानी करीब 21.780 लीटर विदेशी शराब जब्त की। साथ ही इस 'घोड़ा एक्सप्रेस' के संचालक बन्हौरा निवासी रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राथमिक जांच में यह सामने आया कि घोड़े के जरिए शराब यूपी से गंडक नदी पार कर बिहार लाई जा रही थी,ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके। तस्करों ने यह तरीका पुलिस से बचने के लिए अपनाया था। हालांकि,नौतन थाना पुलिस की सतर्कता के चलते तस्करों का यह अनोखा जुगाड़ भी नाकाम हो गया और पूरी खेप बरामद कर ली गई। पुलिस ने नौतन थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना के बाद इलाके में लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है। लोग इस अनोखे तस्करी के तरीके पर हैरानी जताते हुए मजाक में कह रहे हैं कि अब तस्करी के इस खेल में घोड़े भी शामिल हो गए हैं।

### बिहार के इस जिले में बसेगी नई टाउनशिप, इन 68 गांवों की बदलेगी सूरत

**हिंदमाता नेटवर्क @ पटना**



बिहार सरकार ने राज्य में 11 नए सैटेलाइट ग्रीनफील्ड शहर विकसित करने की योजना के तहत के पास 'नई तिरहुत टाउनशिप' बसाने का फैसला लिया है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने टाउनशिप की सीमा और क्षेत्र निर्धारित करते हुए इसका संकल्प जारी कर दिया है। मुजफ्फरपुर में प्रस्तावित नई तिरहुत टाउनशिप में कोर एरिया स्पेशल एरिया और जोन एरिया होगा। कोर एरिया का क्षेत्रफल 800 एकड़ होगा। इस प्रस्तावित टाउनशिप का कुल क्षेत्रफल लगभग 20,200 एकड़ होगा। टाउनशिप में कुल 68 गांव शामिल किए गए हैं,जिनमें कुढ़नी और मड़वन प्रखंड के आठ गांव कोर एरिया में रखे गए हैं। सरकार ने टाउनशिप क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री और हस्तांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है,जो 30 जून 2027 तक लागू रहेगी। इस फैसले के बाद संबंधित गांवों के लोगों में बेचैनी बढ़ गई है,क्योंकि कई जगहों पर जमीन के सौदे पहले ही तय हो चुके थे और अग्रिम राशि भी दी जा चुकी थी। टाउनशिप योजना के तहत जमीन मालिकों (रैयतों) को उनकी जमीन के बदले विकसित क्षेत्र में हिस्सेदारी दी जाएगी। सरकार की ओर से लगभग 55 प्रतिशत हिस्सेदारी देने का प्रावधान है,जिससे भविष्य में रैयतों को नियमित आय का स्रोत मिल सकेगा। नई तिरहुत टाउनशिप में आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसमें बड़े पार्क,खेल मैदान,कमर्शियल हब,औद्योगिक क्षेत्र,चौड़ी सड़कें और आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। टाउनशिप की भौगोलिक सीमा उत्तर में पानापुर,दक्षिण में दुबियाही और तुर्की,पूर्व में नया बाईपास तथा पश्चिम में मड़वन तक फैली होगी। यह टाउनशिप से करीब 10 किलोमीटर और से महज 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होगी। एयरपोर्ट के विकास के साथ इस टाउनशिप को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि अगले वर्ष तक यहां 19-सीटर विमानों का परिचालन शुरू करने की तैयारी चल रही है।

### 5 लाख रुपये लो और कर दो बेटी की शादी,हिस्ट्रीशीटर ने दी महिला को धमकी

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुजफ्फरपुर**



बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में दबंगई की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है,जहां एक हिस्ट्रीशीटर ने एक महिला पर 5 लाख लेकर उसकी बेटी की शादी करने का दबाव बनाया। महिला द्वारा प्रस्ताव ठुकराने पर आरोपी ने न सिर्फ घर के बाहर फायरिंग की,बल्कि परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के बंगरा निजामत गांव की है। पीड़िता के अनुसार,15 अप्रैल को पहाड़पुर मनोरथ निवासी जयप्रकाश तिवारी ने फोन कर 5 लाख रुपये देने और उसकी बेटी की शादी उससे कराने का प्रस्ताव रखा था। महिला ने इसे सख्ती से खारिज कर दिया। इसके अगले ही दिन 16 अप्रैल को आरोपी अपने तीन-चार साथियों के साथ स्कॉर्पियो से उसके घर पहुंचा और जबरन बेटी को उठाने की कोशिश की। शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए,जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। मामला यहीं नहीं थमा। पीड़िता का आरोप है कि 18 अप्रैल को आरोपी फिर से घर के सामने पहुंचा और दहशत फैलाने के उद्देश्य से पिस्तौल से करीब पांच राउंड फायरिंग की। इस दौरान जब महिला ने अपने भाइयों को मदद के लिए बुलाया तो आरोपी ने एक भाई के साथ बेरहमी से मारपीट की,जिससे उसके सीने की हड्डी टूट गई। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। डरी-सहमी महिला ने साहेबगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में सरैया एसडीपीओ गरिमा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा है।

# बुलंदशहर में ट्रिपल मर्डर से सनसनी

## बर्थडे पार्टी में केक लगाने पर शख्स ने 3 दोस्तों को गोलियों से भूना

**हिंदमाता नेटवर्क @ बुलंदशहर**




उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा कोतवाली नगर क्षेत्र में जन्मदिन की पार्टी के दौरान हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में 3 युवकों की मौके पर मौत हो गई। मामला इतना संवेदनशील है कि पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने तुरंत कई टीमों का गठन कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार खुर्जा क्षेत्र के एक जिम में शनिवार को जीतू नामक व्यक्ति अपना जन्मदिन मना रहा था। पार्टी के दौरान जीतू का मनीष नामक युवक से केक लगाने को लेकर छोटा सा विवाद हो गया। विवाद बढ़ते ही जीतू ने गुस्से में आकर मनीष,उसके चचेरे भाई अमरदीप और भतीजे आकाश पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। फायरिंग में तीनों युवकों के सिर में कई-कई गोलियां लगीं।

### घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है। आरोपी जीतू फरार है। उसकी तलाश में छापेमारी चल रही है। पुलिस सभी पहलुओं- पुरानी दुश्मनी,राजनीतिक रंग और मौके पर हुए विवाद को लेकर जांच कर रही है। वहीं इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों में आक्रोश है और सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### पुलिस मामले की कर रही है जांच

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और तीनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया। जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं सूचना मिलते ही एसएसपी,डीआईजी समेत मेरठ रेंज के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मिली जानकारी व सूत्रों के मुताबिक आरोपी जीतू समाजवादी पार्टी (सपा) का पूर्व नगर अध्यक्ष रह चुका है। जबकि मारे गए तीनों युवक – मनीष,अमरदीप और आकाश भाजपा से जुड़े बताए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस ने अभी तक इस मामले में राजनीतिक एंगल की पुष्टि नहीं की है। प्रारंभिक जांच में केवल पार्टी में हुए केक लगाने के विवाद को ही मुख्य वजह बताया जा रहा है।

# ससुराल में दामाद का तांडव, पत्नी-सास का गला रेता

## चार साल पहले घर से भागकर की थी लव मैरिज

**हिंदमाता नेटवर्क @ बलिया**

उत्तर प्रदेश के बलिया से दहला देने वाली वारदात सामने आई है। नगरा थाना क्षेत्र के बछईपुर गांव में दामाद ने अपनी ससुराल में घुसकर ऐसा तांडव मचाया कि लोगों की रूह कांप उठी। उसने पत्नी का चाकू से कत्ल कर दिया। फिर सास को भी मार डाला। वहीं ससुर की हालत गंभीर है। आरोपी ने चार साल पहले लव मैरिज की थी। आरोपी की पहचान अमित गुप्ता के रूप में हुई है,जिसने पत्नी प्रीति और सास सुशीला देवी की बेरहमी से हत्या कर दी है। बीच-बचाव करने आए ससुर अंतु गुप्ता पर भी हमला किया,जो गंभीर हालत में वाराणसी रेफर कर दिए गए। प्रीति और अमित ने साल 2022 में लव मैरिज की थी। शुरुआत में सब कुछ सामान्य दिखा,लेकिन समय के साथ रिश्तों में दरार बढ़ती गई। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद भी दोनों के बीच विवाद खत्म नहीं हुआ और हालात लगातार बिगड़ते गए। हाल ही में प्रीति अपने मायके आकर रह रही थी। बीती रात आरोपी अमित अचानक ससुराल पहुंचा। वह सीधे कमरे में घुस गया और अपनी पत्नी से बच्चे को छीनने की कोशिश करने लगा। जब प्रीति ने विरोध किया तो अमित ने गुस्से में आकर उस पर चाकू से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब सास और ससुर बचाने आए तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। इस हमले में प्रीति और सुशीला देवी की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि अंतु गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी,जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जायजा लिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम



के लिए भेज दिया। गंभीर रूप से घायल ससुर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतका के परिजनों का आरोप है कि विदाई के बाद अमित प्रीति को अपने घर न ले जाकर कहीं और ले गया था और उसके साथ मारपीट की थी। प्रीति पिछले 10 दिनों से अपने मायके में रह रही थी। मृतका की बहन ने कहा कि बीती रात अमित दबे पांव ससुराल पहुंचा। वह सीधे अपनी पत्नी के कमरे में दाखिल हुआ और बच्चे को छीनने की कोशिश करने लगा। जब प्रीति ने विरोध किया तो अमित ने चाकू से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब मां और पिता बचाने आए तो इस सिरफिरे ने उन्हें भी नहीं बख्शा। फिलहाल,पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# मां को बोलेरो से टक्कर मारी,फिर गोद से छीन लिया 1.5 साल का मासूम

**हिंदमाता नेटवर्क @ गोरखपुर**



गोरखपुर के गगहा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक सनसनीखेज वारदात सामने आई,जहां तेज रफ्तार बोलेरो सवार बदमाशों ने एक महिला को टक्कर मारकर घायल कर दिया और उसकी गोद से डेढ़ साल के मासूम बच्चे को उठाकर फरार हो गए। बच्चे के अपहरण की जानकारी होने पर इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बच्चे को 45 मिनट में बरामद किया। जानकारी के अनुसार,गजपुर बाजार निवासी राम आशीष यादव की पत्नी सुमन अपने डेढ़ वर्षीय बेटे को दवा दिलाने के लिए चौराहे पर गई थीं। दवा लेकर लौटते समय घर के पास ही पीछे से आई तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। महिला के गिरते ही गाड़ी में सवार लोगों ने बच्चे को उठाया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और तत्काल इलाके की घेराबंदी शुरू कर दी गई। सबसे पहले आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई,जिसमें बोलेरो की दिशा और नंबर स्पष्ट दिखाई दिया। जांच में पता चला कि वाहन सहजनवा क्षेत्र के रहने वाले रिशु पासवान के नाम पर है।

### 45 मिनट में पुलिस ने बच्चे को किया बरामद


पुलिस ने कंट्रोल रूम को अलर्ट करते हुए चेकिंग अभियान शुरू कराया। इसके बाद सौहदौरा चौकी के पास नाकाबंदी कर दी गई। पुलिस और ग्रामीणों की संयुक्त कार्रवाई में बोलेरो को घेर लिया गया,हालांकि चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। वाहन की तलाशी लेने पर अपहृत बच्चा सुरक्षित हालत में मिला।

# बाहर से किताबें खरीदने पर भड़की प्रिंसिपल

## 10 बार बोला- 'You shut up'

**हिंदमाता नेटवर्क @ हरदोई**

हरदोई में एसपी तिराहे के पास फेमस 'न्यू सन बीम पब्लिक स्कूल' स्थित है। यहां पर पीड़ित नीलम वर्मा की बच्ची यूकेजी की छात्रा है। नीलम ने एक वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए स्कूल की प्रिंसिपल पर गंभीर आरोप लगाया है। नीलम ने बताया कि प्रिंसिपल के द्वारा स्कूल से कॉपी-किताब नहीं खरीदने पर बदसलूकी की गई है। उन्होंने इंग्लिश में गाली देते हुए ब्लडी फूल,शट अप और गवार जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया।



### प्रिंसिपल ने अभिभावक को किया अपमानित

उन्होंने एक मिनट में करीब 10 बार 'यू शट अप' बोल कर अपमानित किया है। इतना ही नहीं,बच्चे को स्कूल से निष्कासित कर देने की धमकी भी दी। पीड़ित नीलम वर्मा ने हरदोई के जिला अधिकारी अनुनय झा से पूरे मामले पर कड़ी कार्यवाही करने की रिक्वेस्ट सोशल मीडिया पर की है। स्कूल के अंदर अभिभावक को डांटने का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है,जिस पर लोगों का भारी गुस्सा देखने को मिल रहा है।

### कार्रवाई की उठ रही मांग

स्कूल की मनमानी और प्रिंसिपल के बर्ताव के खिलाफ लोग कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस वायरल वीडियो पर अंबुज शुक्ला लिखते हैं कि मां-बाप होना अभिशाप हो गया है। अभिभावक के साथ स्कूल में अभद्रता करते हुए अपमानित करने वाली प्रिंसिपल पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। वहीं,इसके अलावा वीडियो पर अवधेश मिश्रा लिखते हैं कि मैं उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री से इस मामले पर कड़ी कार्यवाही करवाने की मांग करता हूं। वायरल वीडियो पर न्यू सन बीम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ममता मिश्रा की अब सफाई सामने आई है। उन्होंने कहा कि अभिभावक फीस को कम करने का दबाव बना रहे थे और स्कूल में छात्रों और उनके बीच आ रहे थे। उन्होंने करीब 3 घंटे उनका समय खराब किया। इसके चलते प्रिंसिपल नाराज हो गई। प्रिंसिपल का कहना है कि उनका इरादा किसी को हर्ट करना नहीं था। इसके बाद अभिभावक के द्वारा प्रिंसिपल से माफी मांगी गई थी।

# पहले स्कूटी सवार को मारी टक्कर,फिर फुटपाथ पर सो रहे मजदूरों पर चढ़ा दी फॉर्च्यूनर

## लखनऊ हादसे में एक की मौत,दो घायल

**हिंदमाता नेटवर्क @ लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कैसरबाग इलाके में शनिवार देर रात मौत की रफ्तार का खौफनाक मंजर देखने को मिला। बर्लिंगटन चौराहे के पास एक अनियंत्रित फॉर्च्यूनर कार ने भारी तबाही मचाई,जिसमें एक स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई और फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,आलमबाग के रहने वाले सुनील उर्फ सोनू (45) अपनी एक्टिवा स्कूटी से घर की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक सफेद रंग की तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुनील हवा में कई फीट उछलकर दूर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी सवार को टक्कर मारने के बाद भी कार की रफ्तार कम नहीं हुई। अनियंत्रित फॉर्च्यूनर सड़क किनारे फुटपाथ पर चढ़ गई,जहां गहरी नींद में सो रहे दो मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों की मदद के लिए दौड़े।




### आरोपी चालक हिरासत में,जांच जारी

सूचना मिलते ही कैसरबाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है और गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या चालक नशे की हालत में था या गाड़ी चलाते समय उसे झपकी आ गई थी। मृतक की पहचान सुनील उर्फ सोनू (निवासी- आलमबाग) के रूप में हुई हैं। जबकि,दो मजदूर घायल हुए हैं,जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**हिंदमाता एंकर:** सिंडिकेट के मुख्य आरोपी और फंडिंग के स्रोत दाऊद अहमद पर शिकंजा कसते हुए आगरा पुलिस ने भोपाल स्थित उसकी संपत्ति को कुर्क कर दिया है

# आगरा पुलिस का बड़ा एक्शन,भोपाल में दाऊद अहमद के घर कुर्की

**हिंदमाता नेटवर्क @ आगरा**

उत्तर प्रदेश के आगरा से शुरू हुए धर्मांतरण सिंडिकेट मामले में पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। सिंडिकेट के मुख्य आरोपी और फंडिंग के स्रोत दाऊद अहमद पर शिकंजा कसते हुए आगरा पुलिस ने भोपाल स्थित उसकी संपत्ति को कुर्क कर दिया है और अब पुलिस उसे विदेश से भारत लाने की तैयारी में जुट गई है। इस पूरे मामले में अब इंटरनेशनल कनेक्शन और फंडिंग नेटवर्क की जांच भी तेज हो गई है। आगरा पुलिस ने भोपाल के गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित रिलायबल हाईटेक सिटी में दाऊद अहमद के घर पर पहुंचकर कुर्की की कार्रवाई पूरी की। इससे पहले CrPC की धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा किया गया था,लेकिन अदालत में पेश न होने पर अब धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क कर दी गई।

### कनाडा में छिपा है दाऊद

आगरा पुलिस का मकसद साफ है कि आरोपी या उसका परिवार अब संपत्ति बेचकर फरार न हो सके। पुलिसिया सूत्रों के मुताबिक,पिछले 3 सालों से दाऊद अहमद कनाडा में मौजूद है। उसे भारत लाने के लिए आगरा पुलिस उत्तर प्रदेश सरकार के गृह विभाग से पत्राचार कर रही है ताकि CBI के जरिए इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराया जा सके। इसके साथ ही MLAT यानी म्यूचुअल लीगल असिस्टेंस ट्रीटी के तहत भी कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इस पूरे मामले में एक बड़ा इंटरनेशनल कनेक्शन भी सामने आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक,दाऊद अहमद का संबंध कनाडा के ब्राम्पटन इस्लामिक सेंटर से बताया जा रहा है। जांच एजेंसियां इस एंगल की पड़ताल कर रही हैं कि विदेश से आने वाली फंडिंग का इस्तेमाल किन गतिविधियों में किया जा रहा था और क्या इसके जरिए देश के अंदर कोई संगठित नेटवर्क ऑपरेट किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि दाऊद अहमद पिछले करीब तीन साल से भारत नहीं आया है और उसकी गतिविधियां अब केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर हैं।



### जानिए क्या है पूरा मामला

दरअसल,इस पूरे सिंडिकेट का खुलासा जुलाई 2025 में हुआ था। जब आगरा के सदर क्षेत्र से दो सगी बहनें लापता हो गई थीं। जांच में सामने आया कि दोनों एक संगठित गिरोह के संपर्क में आ गई थीं। पुलिस ने उन्हें कोलकाता से बरामद किया,जिसके बाद इस बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ।

### 14 से ज्यादा आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में अब तक 14 से ज्यादा आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरोह का मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान दिल्ली में सक्रिय था,जबकि उसकी सहयोगी आयशा गोवा से नेटवर्क चला रही थी। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस सिंडिकेट को विदेशों खासतौर पर कनाडा और यूएई से फंडिंग मिल रही थी। जांच में दाऊद अहमद को इस फंडिंग का अहम स्रोत बताया गया। पुलिस ने दाऊद अहमद की गिरफ्तारी के लिए भोपाल में दबिश भी दी,लेकिन वह हाथ नहीं आया। अदालत के आदेश के बावजूद पेश न होने पर अब सख्ती बढ़ा दी गई है। थाना सदर बाजार में उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के तहत एक और मुकदमा भी दर्ज किया गया है। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने कई लड़कियों को इस गिरोह के चंगुल से मुक्त भी कराया है। यानी साफ है कि पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में आगरा से हुए खुलासे के बाद अब यह मामला इंटरनेशनल नेटवर्क और फंडिंग तक जा पहुंचा है।

# 'मैं ही टारगेट था',व्हाइट हाउस शूटिंग पर डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान

## बोले- ये पहली बार नहीं है!





**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

अमेरिका में हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। यहां व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन के सालाना डिनर के दौरान एक बंदूकधारी ने गोलीबारी कर दिया। इस गोलीबारी में एक अधिकारी घायल हो गया,जिसके बाद कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई बड़ी हस्तियां मौजूद थीं। हमले के बाद ट्रंप ने कहा कि हमलावर का मुख्य निशाना वो ही हो सकते हैं। उन्होंने कहा,"एक व्यक्ति कई हथियारों से लैस होकर सुरक्षा चौकी पर हमला करने के लिए आगे बढ़ा,लेकिन सीक्रेट सर्विस ने उसे काबू कर लिया।" ट्रंप ने बताया कि संदिग्ध कैलिफोर्निया का रहने वाला है। उन्होंने कहा कि शुरुआती तौर पर इसे लोन वुल्फ एक्टर के तौर पर देखा जा रहा है,हालांकि जांच अभी जारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें और फर्स्ट लेडी को बहुत फुर्ती के साथ मंच से हटा लिया गया। सुरक्षा बलों ने उनको चारों ओर से घेर लिया था।अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे। उन्हें भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया था। उन्होंने सीक्रेट सर्विस और सुरक्षा बलों की त्वरित कार्रवाई की तारीफ करते हुए उसे बेहद शानदार बताया। उनकी सक्रियता ने हमला नाकाम कर दिया। इसके साथ उन्होंने अमेरिकियों से अपील की कि वे अपने आपसी मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा,"आज शाम की घटनाओं को देखते हुए मैं अमेरीका के लोगों से आग्रह करता हूं कि वे पूरे दिल से यह संकल्प लें कि हम अपने मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएंगे।"

■ बताते चले कि शनिवार रात को व्हाइट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जोरदार धमाकों जैसी आवाजें सुनाई दीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मेलानिया ट्रंप को तुरंत कार्यक्रम स्थल से बाहर निकाल लिया गया। इन आवाजों से घबराकर सैकड़ों मेहमान मेजों के नीचे छिप गए। लोगों के चीखने की आवाज आने लगी। उसी समय हथियारों से लैस सीक्रेट सर्विस के एजेंट डाइनिंग एरिया में तेजी से घुस आए। इस दौरान हमलावर ने सीक्रेट सर्विस के एक एजेंट पर गोली भी चलाई,जिससे कार्यक्रम में भारी दहशत फैल गई। हमलावर के पास शॉटगन समेत कई हथियार थे। उसने मुख्य स्क्रीनिंग एरिया के पास सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की थी।

■ FBI के एक अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध ने एजेंट पर गोली चलाई,लेकिन वह बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी,जिससे उसकी जान बच गई। ट्रंप ने भी पुष्टि की है कि एक अधिकारी को गोली लगी थी,लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से वह पूरी तरह से ठीक है। इस घटना ने साल 2024 में ट्रंप पर हमले की याद दिला दी। जुलाई 2024 में पेंसिल्वेनिया के बटलर में एक रैली के दौरान उन्हें कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी थी। उस घटना में सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को मार गिराया था। ट्रंप ने पाम बीच,फ्लोरिडा में मिली पिछली धमकियों का भी जिक्र करते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब उन्हें निशाना बनाने की कोशिश की गई हो। कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच ने कहा कि इस घटना की जांच जारी है। FBI की आतंकवाद-रोधी इकाई इस जांच का नेतृत्व कर रही है। जांच एजेंसियां घटनास्थल से बरामद हथियारों की भी जांच कर रही हैं। इसके साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों और गवाहों के बयान भी लिए जा रहे हैं।

# यूएस से बातचीत को तैयार हुआ ईरान?

## ओमान से वापस पाक जाएंगे अराघची,24 घंटे में दूसरा दौरा



**हिंदमाता नेटवर्क @तेहरान**

ईरान और अमेरिका के बीच चल रही जंग को खत्म करने की कोशिशें एक फिर से तेज हो गई हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची एक के बाद एक देशों का दौरा कर रहे हैं। शनिवार को पाकिस्तान के बाद वो ओमान पहुंचे और अब एक फिर से वापस पाकिस्तान आएंगे और फिर रूस जाएंगे। इसी बीच खबर आई है कि ईरान की टीम का एक हिस्सा तेहरान वापस गया है ताकि अपने नेताओं से ताजा निर्देश ले सके और फिर से वार्ता में शामिल हो सके। दो हफ्ते पहले पहले दौर की बातचीत हुई थी लेकिन कोई समझौता नहीं हो पाया था। शनिवार को विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाक़ात की थी और फिर ओमान चले गए। इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया था कि अमेरिका से कोई प्रतिनिधत्व पाकिस्तान नहीं जाएगा।

### पहली बातचीत क्या हुई थी?

इस युद्धविराम के बाद दो हफ्ते पहले इस्लामाबाद यानी पाकिस्तान की राजधानी में पहले दौर की बातचीत हुई। ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान बिचौलिया बना। लेकिन ये बातचीत बिना किसी नतीजे के खत्म हुई। यानी जंग रोकने का कोई पक्का समझौता नहीं बन पाया।

### अराघची का दौरा क्या है?

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अब एक के बाद एक देशों का दौरा कर रहे हैं ताकि दूसरे दौर की बातचीत के लिए जमीन तैयार हो सके। उनका पहला पड़ाव पाकिस्तान था। वहां से वो ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचे।

### ओमान में क्या हुआ?

शनिवार की शाम अराघची मस्कट पहुंचे। रविवार को उन्होंने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से मुलाकात की। इस बैठक में इलाके की ताजा स्थिति पर बात हुई और खासकर ईरान-अमेरिका जंग को खत्म करने के लिए जारी मध्यस्थता के प्रयासों पर चर्चा हुई। ओमान पहले भी ईरान और अमेरिका के बीच एक अहम मध्यस्थ रहा है।

### टीम का एक हिस्सा तेहरान क्यों लौटा?

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी IRNA ने बताया कि अराघची के साथ आए प्रतिनिधिमंडल का एक हिस्सा इस्लामाबाद में बातचीत के बाद तेहरान वापस चला गया। ये इसलिए गए हैं ताकि जंग खत्म करने से जुड़े मुद्दों पर ईरानी नेतृत्व से ताजा निर्देश और मार्गदर्शन लिया जा सके।

### अगला पड़ाव क्या है?

ओमान के बाद अराघची फिर से पाकिस्तान आएंगे जहां उनकी टीम का बाकी हिस्सा भी मिलेगा। फिर वो रूस की राजधानी मॉस्को जाएंगे। रूस भी इस मामले में एक अहम खिलाड़ी है क्योंकि रूस और ईरान के रिश्ते करीबी हैं।

# 45 साल बाद वही खौफ!

## जिस होटल में रोनाल्ड रीगन को मारी गई थी गोली, वहीं ट्रंप के इवेंट में हुई फायरिंग



**हिंदमाता नेटवर्क @ वाशिंगटन**

वॉशिंगटन हिल्टन होटल में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर जानलेवा हमला हुआ था,जिसके 45 सालों के बाद शनिवार रात को उसी जगह पर दहशत का ऐसा ही मंजर देखने को मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वाशिंगटन में व्हाइट हाउस संवाददाताओं के रात्रिभोज के दौरान फिर से गोलियां चलीं। हालांकि ट्रंप पूरी तरह से सुरक्षित हैं। व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर की जगह,वॉशिंगटन हिल्टन,को कभी-कभी लोकल लोग बोलचाल की भाषा में हिंकली हिल्टन कहते हैं,जो 30 मार्च,1981 को रीगन पर हुई गोलीबारी का जिक्र है। उस घटना के दौरान,जॉन हिंकली जूनियर ने कुछ ही सेकंड में रीगन पर छह गोलियां चलाईं थीं। एक गोली प्रेसिडेंशियल लिमोजीन से टकराकर रोनाल्ड रीगन के सीने में लगी,जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए।

## बिजनेस वर्ल्ड

### ईरान संकट: रिलायंस की रणनीति से ऐसे टला कच्चे तेल का बड़ा संकट

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**



शेयर बाजार की दुनिया में एक बात अक्सर कही जाती है कि असली मैनेजमेंट की परीक्षा तब होती है,जब मार्केट में उथल-पुथल मची हो। वित्त वर्ष 2025-26 की आखिरी तिमाही ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट का कुछ ऐसा ही कड़ा इम्तिहान लिया। ईरान युद्ध और मिडिल ईस्ट में बढ़ते जियोपॉलिटिकल टेंशन के कारण कच्चे तेल की सप्लाई लाइन बुरी तरह चरमरा गई थी। ऐसे में देश की सबसे बड़ी प्राइवेट रिफाइनिंग कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज (RIL) ने अपनी फुर्ती और सटीक रणनीति से न सिर्फ इस संकट को पार किया,बल्कि घरेलू बाजार में भी ईंधन की कोई कमी नहीं होने दी। कंपनी के हालिया अर्निंग्स प्रेजेंटेशन से यह साफ हुआ है कि मुश्किल वक्त में लिया गया उनका 'प्लान बी' कितना कारगर रहा। रिलायंस की गुजरात स्थित जामनगर रिफाइनरी दुनिया का सबसे बड़ा ऑयल रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स है। इसे पूरी क्षमता से चलाने के लिए रोजाना लाखों बैरल क्रूड ऑयल की जरूरत होती है,जिसका एक बड़ा हिस्सा फारस की खाड़ी से आता है। जब ईरान विवाद के कारण इस रूट पर संकट गहराया और सप्लाई बाधित होने का खतरा बढ़ा,तो रिलायंस ने एक पल भी नहीं गंवाया। कंपनी ने तुरंत अपनी निर्भरता खाड़ी देशों से हटाकर दुनिया के दूसरे हिस्सों के सप्लायर्स की तरफ शिफ्ट कर दी। बिजनेस की भाषा में इसे 'सप्लाई डायवर्सिफिकेशन' कहते हैं। इसके अलावा,जो कच्चा तेल बीच समंदर में फंसा था,उसे सुरक्षित निकालने के लिए सप्लायर्स के साथ मिलकर रातों-रात नए रूट तैयार किए गए। इस एक फैसले ने रिफाइनरी का कामकाज रुकने से बचा लिया।

### दुनिया में पेट्रोल का भयंकर संकट,पर भारत मजे में सरकार ने ऐसे कर लिया तेल का फुल इंतजाम!

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**



दुनिया भर में मचे बवाल और खाड़ी देशों के भारी तनाव के बीच,भारत ने एक बार फिर अपनी शानदार कूटनीति और दूरदर्शिता का लोहा मनवाया है। 28 फरवरी को ईरान पर हुए हमलों के बाद से ही दुनिया के अहम व्यापारिक रास्ते,हॉर्मुज जलडमरूमध्य,से कच्चे तेल की सप्लाई लगभग ठप है। दुनिया के कई देश और हमारे पड़ोसी मुल्क पेट्रोल-डीजल की किल्लत से जूझ रहे हैं। लेकिन,भारत के पेट्रोल पंपों पर कोई सन्नाटा नहीं है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल खरीदार भारत ने संकट आने से पहले ही ऐसी अचूक रणनीति तैयार कर ली थी,जिसने देश को एक बड़े ऊर्जा संकट से सुरक्षित बचा लिया है। आइए विस्तार से समझते हैं कि कैसे भारत ने इस मुश्किल वक्त को अपनी ताकत में बदल दिया है। जैसे ही खाड़ी देशों से तेल की सप्लाई पर संकट के बादल मंडराए,भारत ने तुरंत अपनी रणनीति बदलते हुए रूस का रुख किया। आंकड़ों पर नजर रखने वाली कंपनी केपलर के मुताबिक,भारत की स्मार्ट खरीदारी का ही नतीजा है कि मार्च महीने में हमने रूस से रोजाना लगभग 1.98 मिलियन बैरल (bpd) कच्चा तेल आयात किया। यह आंकड़ा पिछले दो महीनों के मुकाबले सीधा दोगुना है। इसे भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। अमेरिका के कड़े प्रतिबंधों के बावजूद,भारत ने न सिर्फ अपने हितों को सर्वोपरि रखा,बल्कि अमेरिकी प्रशासन से मार्च में समंदर में मौजूद रूसी तेल पर विशेष छूट भी हासिल कर ली। यहां तक कि यूक्रेन के विरोध के बाद भी यह छूट जारी रही। इस मास्टरस्ट्रोक के चलते भारत ने अप्रैल डिलीवरी के लिए 60 मिलियन बैरल अतिरिक्त तेल की डील पक्की कर ली है। भारत की तेल कंपनियां सिर्फ एक विकल्प पर निर्भर नहीं रहीं। संकट गहराने से पहले ही,दूरदर्शिता दिखाते हुए अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों से संपर्क साध लिया गया था। इसका नतीजा यह हुआ कि मार्च में अंगोला से तेल का आयात तीन गुना बढ़कर 327,000 bpd हो गया। इतना ही नहीं,सालों से अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहे ईरान और वेनेजुएला जैसे पुराने सप्लायर्स के साथ भी भारत ने फिर से शानदार तालमेल बिठा लिया है। अप्रैल के मध्य तक ईरान से 276,000 bpd और वेनेजुएला से 137,000 bpd तेल भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने लगा है। एक सरकारी रिफाइनरी अधिकारी ने माना कि नाइजीरिया और अंगोला से यह एडवांस प्लानिंग अब हमारे लिए 'संजीवनी' साबित हो रही है।

### 2027 में पटरी पर उतरेगी पहली देसी बुलेट ट्रेन,मंत्रालय का बड़ा अपडेट

**हिंदमाता नेटवर्क @ मुंबई**



भारत रेल टेक्नोलॉजी में एक बड़ा मील का पत्थर हासिल करने जा रहा है। उम्मीद है कि अप्रैल 2027 तक उसकी पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन पटरी पर आ जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार,यह प्रोजेक्ट हाई-स्पीड रेल सिस्टम में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम है और सरकार के घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के प्रयासों के अनुरूप है। इस ट्रेन को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) द्वारा भारतीय रेलवे के सहयोग से विकसित किया जा रहा है। रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि हाई-स्पीड ट्रेन का प्रोटोटाइप अभी विकास के चरण में है और यह 280 किमी/घंटा तक की गति पकड़ने में सक्षम होगा। हालांकि,सेफ्टी और दक्षता को ध्यान में रखते हुए इसकी ऑपारेशनल स्पीड थोड़ी कम रहने की संभावना है। इस स्वदेशी बुलेट ट्रेन को भविष्य के हाई-स्पीड कॉरिडोर पर तैनात किए जाने की उम्मीद है,जिसमें अभी योजना के चरण में चल रहे मार्ग भी शामिल हैं। टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार,जहां एक ओर भारत पहले से ही जापानी शिंकनसेन टेक्नोलॉजी का उपयोग करके मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है,वहीं इस स्वदेशी पहल का उद्देश्य घरेलू विशेषज्ञता विकसित करना और लंबे समय में विदेशी प्रणालियों पर निर्भरता को कम करना है। अधिकारियों के अनुसार,इस ट्रेन में आधुनिक सुविधाएं,यात्रियों के लिए बेहतर आराम और एडवांस सेफ्टी सिस्टम मौजूद होंगी। इसे भारत की जलवायु और परिचालन स्थितियों को ध्यान में रखकर भी डिजाइन किया जा रहा है,जिससे यह आयातित विकल्पों की तुलना में अधिक अनुकूल साबित हो सकती है। यह विकास भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और "मेक इन इंडिया" पहल को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का एक हिस्सा है। मीडिया टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार,विशेषज्ञों का मानना है कि एक स्वदेशी हाई-स्पीड ट्रेन का निर्माण न केवल समय के साथ कॉस्ट को कम करेगा,बल्कि निर्यात और तकनीकी प्रगति के नए अवसर भी खोलेगा। प्रोटोटाइप पर काम एक स्थिर गति से आगे बढ़ रहा है,जिसमें इंजीनियर डिजाइन,एयरोडायनामिक्स और सुरक्षा मानकों के अनुपालन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एक बार पूरा हो जाने के बाद,व्यावसायिक परिचालन के लिए शुरू किए जाने से पहले इस ट्रेन का कड़े परीक्षणों से गुजरना अनिवार्य होगा।

### FTA पर लगेगी मुहर! 27 अप्रैल को भारत-न्यूजीलैंड रचेंगे इतिहास

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**



पिछले साल 22 दिसंबर को बातचीत खत्म होने की घोषणा के चार महीने से ज्यादा समय बाद,भारत और न्यूज़ीलैंड 27 अप्रैल को अपना फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) साइन करने जा रहे हैं। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार को दोगुना करना है। इस समझौते से भारतीय कंपनियों को इस द्वीपीय देश के बाज़ारों में बिना किसी ड्यूटी के पहुंच मिलेगी,और अगले 15 सालों में 20 अरब डॉलर का निवेश आएगा। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार,यह समझौता वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में भारत मंडपम में साइन किया जाएगा। इस समझौते से भारत को ज्यादा अस्थायी रोजगार वीजा मिलेंगे,और दवाइयों तथा मेडिकल उपकरणों के लिए बाजार में पहुंच आसान हो जाएगी। जहां एक तरफ यह समझौता न्यूज़ीलैंड से भारत आने वाले 95 फीसदी सामानों-जैसे ऊन,कोयला,लकड़ी,वाइन से लेकर एवोकैडो और ब्लूबेरी तक-पर लगने वाले टैरिफ को खत्म या कम कर देगा,वहीं दूसरी तरफ नई दिल्ली ने किसानों और घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के लिए डेयरी प्रोडक्ट,प्याज,चीनी,मसाले,खाने के तेल और रबर के आयात पर कोई रियायत नहीं दी है। न्यूज़ीलैंड ने अगले 15 सालों में भारत में मैन्युफैक्चरिंग,इंफ्रास्ट्रक्चर,सेवाएं,इनोवेशन और रोजगार सृजन के क्षेत्रों में 20 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया है। इसके बदले उसे कीवी फल और सेब के निर्यात पर कोटे के आधार पर टैरिफ में कटौती का लाभ भी मिलेगा। इस समझौते का लक्ष्य पांच सालों के भीतर आपसी व्यापार को दोगुना करके 5 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। यह समझौता उन भारतीय निर्यातकों की मदद करेगा जो पश्चिम एशिया संकट जैसी वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। उन्हें ओशिनिया क्षेत्र में अपने निर्यात में विविधता लाने का अवसर मिलेगा। भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया के साथ एक व्यापार समझौता लागू कर चुका है। इस समझौते के तहत,न्यूज़ीलैंड को भेड़ का मांस,ऊन,कोयला,और 95 प्रतिशत से ज़्यादा वानिकी और लकड़ी के सामानों जैसे उत्पादों पर बिना किसी ड्यूटी के बाज़ार में पहुंच मिलेगी। इसके अलावा,उसे कीवी फल,वाइन,कुछ समुद्री भोजन,चेरी,एवोकैडो,परसिमन,थोक में शिशु आहार,मानुका शहद और दूध एल्ब्यूमिन जैसे कई उत्पादों पर ड्यूटी में रियायतें भी मिलेंगी। घरेलू किसानों और MSME (लघु और मध्यम उद्यमों) के हितों की रक्षा के लिए,भारत राजनीतिक रूप से संवेदनशील डेयरी क्षेत्र—जैसे दूध,क्रीम,व्हे (whey),दही और चीज़ (पनीर)-में किसी भी तरह की ड्यूटी में रियायत नहीं देगा।

# अरब में आग लगाकर अफ्रीका की ओर चले दुनिया के दो सुपरपावर

## क्या है स्ट्रैटजी?

**हिंदमाता नेटवर्क @वाशिंगटन**

मिडिल ईस्ट में ईरान-इजराइल युद्ध की वजह से हालात नाजुक हैं। अरब में युद्ध की आग लगाकर दुनिया के दो सुपरपावर चीन और अमेरिका अब अपनी नजदीकी अफ्रीका से बनाने में लगे हुए हैं। जैसा कि पहले की घटनाओं और फैसलों से दुनिया को ये बहुत अच्छी तरह से पता है कि अमेरिका खुद के फायदे के लिए कभी भी किसी भी ओर मुड़ सकता है। अब इस बार अमेरिका ने अफ्रीकी देश इरीट्रिया को चुना है,जिस पर लगे प्रतिबंधों को हटाकर उसका इस्तेमाल करना चाहता है। वहीं चीन,अफ्रीका के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। आइए जानते हैं दोनों देशों की स्ट्रैटेजी क्या है,अखिर वो अफ्रीका की ओर अपना रुख क्यों मोड़ रहे हैं।



### अमेरिका की स्ट्रैटेजी क्या?

दरअसल,ईरान-इजराइल और अमेरिका से युद्ध की वजह से होर्मुज स्ट्रेट बंद है ऐसे में अमेरिका ने अफ्रीकी देश इरीट्रिया से अपने रिश्ते सुधारने पर फोकस कर रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इरीट्रिया की सीमा रेड सी 700 मील से ज्यादा है। ये जगह जियोग्राफिकल रूप से काफी अहम है। मौजूदा समय में ईरान के साथ अमेरिका का तनाव चल रहा है। ईरान स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज (तेल का बड़ा रास्ता) को बंद करने की धमकी दे रहा है। इसके अलावा ईरान समर्थित हूती विद्रोही भी लाल सागर और बाब अल-मंडेब स्ट्रेट को बंद करने की धमकी दे रहे हैं। ऐसे में अमेरिका चाहता है कि इरिट्रिया जैसे देश के साथ अच्छे रिश्ते बनाकर रेड सी में अपना प्रभाव बढ़ाए और ईरान के खिलाफ अपनी बैकअप स्ट्रैटेजी को मजबूत करे।

### चीन की स्ट्रैटेजी क्या?

चीन अपने रणनीति में आर्थिक मजबूती को बढ़ाना चाहता है ऐसे में अफ्रीका की तरफ रुख कर रहा है। चीन अफ्रीका को अपना सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाने की ओर जुटा हुआ है। आंकड़ों पर भी गौर करें तो 2025 में चीन-अफ्रीका व्यापार रिकॉर्ड $348 बिलियन पहुंच गया,जिसमें 17 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त देखी गई है। चीन ने अफ्रीका को सहूलियत देते हुए मई 2026 से 53 अफ्रीकी देशों के सभी उत्पादों पर जीरो टैरिफ लागू करने का फैसला किया है। ये मौका अफ्रीका के लिए भी काफी अहम है क्योंकि इस फैसले के बाद उसका सामान चीनी बाजार में सस्ता होगा,जिससे उसकी डिमांड बढ़ सकती है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के अफ्रीका आर्थिक आयोग के अधिकारी मेलाकु गेबोये ने कहा कि दुनिया की पुरानी आर्थिक व्यवस्था (जो लगभग 80 साल से चल रही थी) अब काफी दबाव में आ गई है। पुराने नियम टूट रहे हैं,देश एक-दूसरे के साथ नए सिरे से सोच रहे हैं। ऐसे समय में चीन की खुली नीति अफ्रीका के लिए बहुत जरूरी और सही समय पर आई है। चीन अपनी सॉफ्ट पावर के लिए दुनिया में जाना जाता है। बड़ी आबादी वाला चीन अपने बाजार जिसमें वो कच्चे माल (तेल,खनिज,कोबाल्ट आदि) की सप्लाई सुरक्षित रखना चाहता है और अपना सामान (मशीनरी,ग्रीन टेक,सोलर) बेचना चाहता है। ऐसे में अफ्रीका से करीबी उसके लिए काफी फायदेमंद बन सकती है।

# अमेरिका: वीजा सिस्टम में बदलाव की मांग

## क्या एच-1B पर लग जाएगा 3 साल का ब्रेक?

**हिंदमाता नेटवर्क @ नई दिल्ली**

रिपब्लिकन सांसदों के एक समूह ने एच-1B वीजा जारी करने पर तीन साल के लिए रोक लगाने और इस प्रोग्राम में बड़े बदलाव करने के लिए एक बिल पेश किया है। उनका तर्क है कि इस प्रोग्राम से अमेरिकी कर्मचारियों को नुकसान हुआ है। एली क्रेन की तरफ से पेश किए गए प्रस्तावित 'End एच-1B वीज़ा दुरुपयोग अधिनियम, 2026' वीजा सिस्टम को फिर से शुरू करने से पहले उसे नए सिरे से व्यवस्थित करने और उसमें ज्यादा सख्त नियम लागू करने का प्रस्ताव करता है। क्रेन ने कहा कि केंद्र सरकार को मेहनती नागरिकों के लिए काम करना चाहिए,न कि बड़ी-बड़ी कंपनियों के मुनाफे के लिए। अमेरिकी लोगों के प्रति हमारी ये जिम्मेदारी है कि हम इस खराब H-1B सिस्टम को उन्हें उन नौकरियों से बाहर करने से रोकें,जिनके लिए वे पूरी तरह से योग्य हैं।




### कई रिपब्लिकन सांसदों का मिला समर्थन

क्रेन ने कहा कि ये बिल रोजगार के ज्यादा अवसर देगा। वीजा प्रक्रिया के नियमों को मजबूत करेगा और अमेरिकियों की आजीविका को प्राथमिकता देगा। इस कानून को कई रिपब्लिकन सांसदों का समर्थन मिला है,जिनमें ब्रैंडन गिल,पॉल गोसर और एंडी ओगल्स शामिल हैं। गिल ने कहा कि मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं सांसद एली क्रेन के हमारे एच-1B वीजा सिस्टम में सुधार और उसे सख्त बनाने के प्रयासों के सह-प्रायोजक हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करेगा कि हमारा इमिग्रेशन सिस्टम विदेशियों से पहले अमेरिकी कामगारों के हितों की रक्षा करे। यह बिल बड़े बदलावों का प्रस्ताव करता है। यह सालाना एच-1B सीमा को 65,000 से घटाकर 25,000 कर देगा और सभी छूटों को खत्म कर देगा। यह लॉटरी सिस्टम की जगह वेतन-आधारित चयन प्रक्रिया लागू करेगा और सालाना कम से कम $200,000 का वेतन तय करेगा।

### 'सस्ते विदेशी कर्मचारियों को रखा जा रहा'


एम्प्लॉयर को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें कोई योग्य अमेरिकी कर्मचारी नहीं मिल पा रहा है और उन्हें यह भी पुष्टि करनी होगी कि उन्होंने कर्मचारियों की छंटनी नहीं की है। यह बिल H-1B कर्मचारियों को एक से ज्यादा नौकरियां करने से भी रोकेगा और थर्ड-पार्टी स्टाफिंग एजेंसियों द्वारा उन्हें नौकरी पर रखने पर भी रोक लगाएगा। दूसरे प्रावधानों में H-1B कर्मचारियों द्वारा अपने आश्रितों को साथ लाने पर प्रतिबंध,'ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग' कार्यक्रम को समाप्त करना और वीजा धारकों को स्थायी नागरिकता प्राप्त करने से रोकना शामिल है।

**हिंदमाता एंकर** डिनर के दौरान एक शख्स हथियार लेकर अंदर घुस गया। उसके पास बंदूक और चाकू दोनों थे। वह बॉलरूम की तरफ बढ़ रहा था,तभी यूएस सीक्रेट सर्विस ने उसे रोक लिया

# 'ट्रंप ने अपने ऊपर खुद हमला करवाया?',कैरोलिन लेविट के बयान पर लोगों ने किए सवाल

**हिंदमाता नेटवर्क @ वाशिंगटन**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के डिनर हॉल के बाहर शूटिंग की घटना के बाद व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट का एक बयान काफी चर्चा में है। उन्होंने व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर से ठीक पहले कहा था कि आज रात कुछ शॉट्स फायर होंगे,और इसके कुछ ही देर बाद वहां सच में गोलीबारी हो गई। इस टाइमिंग की वजह से उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। उनके बयान को लेकर एक एक्स यूजर ने यहां तक सवाल कर दिया,क्या यह हमला प्लानिंग के तहत कराया गया? दरअसल,लेविट फॉक्स न्यूज से बात कर रही थीं। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति ट्रंप का आज रात का भाषण क्लासिक होगा। उनका भाषण काफी दमदार होगा। उन्होंने शॉट्स फायर्ड शब्द का इस्तेमाल किया,जिसका मतलब आमतौर पर तीखे राजनीतिक हमले या मजाकिया तंज होता है। लेकिन बाद में जब असल में गोली चली,तो उनके बयान को अलग नजरिए से देखा जाने लगा। कैरोलिन लेविट ने इंटरव्यू में कहा था,ट्रंप पूरी तरह तैयार हैं। उनका भाषण मजेदार और एंटरटेनिंग होगा। आज रात कुछ शॉट्स भी फायर होंगे,इसलिए सबको देखना चाहिए। साफ तौर पर उनका मतलब था कि ट्रंप अपने भाषण में तीखी बातें कहेंगे। इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने भाषण लिखा है,तो उन्होंने कहा कि यह ज्यादातर ट्रंप ने खुद लिखा है।



### 'क्या ट्रंप पर हमला फॉल्स फ्लैग है?'

जैसे ही कैरोलिन लेविट का बयान वायरल हुआ,सोशल मीडिया पर कई तरह की साजिश वाली बातें भी शुरू हो गईं। कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि क्या लेविट को पहले से कुछ पता था। कुछ पोस्ट में लिखा गया,उन्होंने पहले ही शूटिंग की बात कैसे कह दी? एक अन्य एक्स हैंडल ने पोस्ट किया,क्या यह शूटिंग एक प्लानिंग के तहत किया गया फॉल्स फ्लैग था? यानी यूजर ने पूछा कि क्या ट्रंप ने खुद अपने ऊपर हमला कराया। वहीं कुछ लोगों ने इसे राजनीतिक फायदा लेने की साजिश तक बता दिया। इस बात पर भी चर्चा हुई कि क्या इवेंट में जानबूझकर पॉलिटिकल फायदा उठाने के लिए शूटिंग कराई गई। एक एक्स यूजर ने लिखा,कैरोलिन लेविट ने सभी से आज रात देखने को कहा क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप माहौल गरमाएंगे,और गोलियां चलेंगी। क्या पॉलिटिकल फायदा उठाने के लिए यह पहले से प्लान किया गया था?



### ट्रंप के डिनर के दौरान कैसे हुई शूटिंग?

राष्ट्रपति ट्रंप के कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान एक शख्स हथियार लेकर अंदर घुस गया। उसके पास बंदूक और चाकू दोनों थे। वह बॉलरूम की तरफ बढ़ रहा था,तभी यूएस सीक्रेट सर्विस ने उसे रोक लिया। एपी न्यूज के मुताबिक,ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित हैं। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को पहले बाहर निकाला गया,जबकि एजेंट्स ने ट्रंप और मेलानिया ट्रंप को घेरकर सुरक्षित जगह पर पहुंचाया।

हिंदमाता मिरर
दैनिक ठाणे, सोमवार 27 अप्रैल, 2026
पैनी नजर, पुख्ता खबर



# नुसरत भरूचा 8 रुपए में गुजार देती थीं पूरा दिन



बॉलीवुड में अपनी अदाकारी और बोल्ड किरदारों से पहचान बनाने वाली नुसरत भरूचा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। 'प्यार का पंचनामा' से शुरू हुआ उनका सफर आज 'छोरी 2' तक पहुंच चुका है। लेकिन चमक-धमक वाली इस दुनिया के पीछे एक ऐसी कहानी छिपी है, जो आंखों में आंसू और दिल में हिम्मत भर देती है।

■ बीते दिनों एक इंटरव्यू में नुसरत ने अपने उन दिनों को याद किया था जब उनके पास खाने तक के पैसे नहीं थे। नुसरत ने बताया था कि उनका बचपन बहुत सुख-सुविधाओं में बीता था, लेकिन कॉलेज आते-आते स्थितियां बदल गईं। उनके पिता को बिजनेस में बड़ा धोखा मिला, जिसके चलते परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजरने लगा।

■ नुसरत ने कहा था कि पापा मुझे पैसे देना चाहते थे, लेकिन मेरी चेतना मुझे गवाही नहीं देती थी कि मैं उन पर और बोझ डालूं। जुहू में रहने वाली नुसरत को साउथ मुंबई के जय हिंद कॉलेज जाना होता था। नुसरत ने बताया था कि उन्होंने अपने कॉलेज लाइफ का 90% समय रोजाना सिर्फ 8 रुपए खर्च करके निकाला है।

■ पूरा दिन कॉलेज में रहने के दौरान नुसरत कुछ भी नहीं खाती थीं। जय हिंद कॉलेज में पीने का पानी मुफ्त था। नुसरत बताती हैं कि जब भी उन्हें तेज भूख लगती, वह पेट भरकर पानी पी लेती थीं ताकि पेट भरा हुआ महसूस हो।

■ अक्सर कॉलेज लाइफ में दोस्त बाहर खाने-पीने का प्लान बनाते हैं। नुसरत के साथ भी ऐसा ही होता था। लेकिन पैसे न होने के बावजूद उन्होंने कभी किसी के सामने हाथ नहीं फैलाया। जब उनके दोस्त रेस्तरां में खाना ऑर्डर करते, तो नुसरत चतुराई से खुद को बचा लेती थीं। वह सिर्फ पानी पीती थीं और किसी को भनक भी नहीं लगने देती थीं कि वह भूखी हैं।

■ आज नुसरत एक सफल अभिनेत्री हैं, लेकिन वह आज भी फाइनेंशियल प्लानिंग को लेकर बहुत गंभीर हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता अब 70 साल के हैं, मां 62 की और दादी 92 साल की हैं। पूरा परिवार उन पर निर्भर है। नुसरत कहती हैं, मैं कोई सुपरवुमन नहीं हूं, मुझे डर लगता है। मैं अपनी जरूरतों के बाद जो भी पैसा बचता है, उसे तुरंत निवेश और सेविंग्स में डाल देती हूं। मुझे एक बैकअप की जरूरत है, क्योंकि कल क्या होगा किसी को नहीं पता।

■ नुसरत भरूचा की कहानी उन हजारों युवाओं के लिए एक मिसाल है जो बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड के मुंबई आते हैं। उन्होंने साबित कर दिया कि अगर आपमें अनुशासन और अपने परिवार के प्रति समर्पण है, तो आप 8 रुपए से करोड़ों के सफर तक पहुंच सकते हैं।

## बॉलीवुड में धूम मचाने वाली नई जोड़ियां

बॉलीवुड में इस समय कई नई और पहले कभी न देखी गई ऑन-स्क्रीन जोड़ियां देखने को मिलने वाली हैं, जो अलग-अलग जॉनर में ताजगी और नया एक्साइटमेंट लेकर आ रही हैं चाहे वह इंटेंस ड्रामा हो या बड़े स्तर के एंटरटेनर्स। आइए नजर डालते हैं उन जोड़ियों पर, जिन्हें हम बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं:



### सैफ अली खान और रसिका दुगल – कर्तव्य

दो दमदार कलाकारों की यह नई जोड़ी 'कर्तव्य' में नजर आएगी। फिल्म की कहानी कर्तव्य और संघर्ष की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें सैफ और रसिका के बीच गहरी और इंटेंस केमिस्ट्री देखने को मिलेगी।

### शरवरी और दिलजीत दोसांझ – मैं वापस आऊंगा

यह नई जोड़ी शरवरी और दिलजीत की सहज और आकर्षक केमिस्ट्री को एक एंटरटेनर फिल्म में पेश करेगी।

### सिद्धार्थ और तमन्ना भाटिया – वन – फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट

रहस्यमयी और प्रकृति से जुड़ी इस फिल्म की कहानी फैंटेसी और लोककथाओं पर आधारित है। यह दोनों कलाकारों का पहला साथ काम करने का मौका है, जो इसे और भी दिलचस्प बनाता है।

### तृप्ति डिमरी और प्रभास – स्पिरिट

संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित 'स्पिरिट' एक हाई-इंटेंसिटी एक्शन ड्रामा है। इस जोड़ी को लेकर पहले से ही काफी चर्चा है, खासकर फिल्म के बड़े स्केल और दमदार प्रस्तुति के कारण।

### वरुण धवन और मृणाल ठाकुर – है जवानी तो इश्क होना है

यह एक युवा रोमांटिक एंटरटेनर है, जो क्लासिक बॉलीवुड रोमांस को आधुनिक अंदाज में पेश करती है। इस फिल्म में दो बेहतरीन कलाकार एक नई जोड़ी के रूप में साथ आ रहे हैं। नई जोड़ियों में से किसे बड़े पर्दे पर देखने के लिए सबसे ज्यादा उत्साहित हैं? हमें बताइए क्योंकि इस सीजन में बॉलीवुड में नई केमिस्ट्री ही सबसे बड़ा आकर्षण है!

# कम मार, सारे राज जानता हूं : ईशान किशन



राजस्थान रॉयल्स के विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में शतक लगाया। हालांकि उनकी शतकीय पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी। सनराइजर्स हैदराबाद ने 229 रनों के लक्ष्य को 9 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। मैच के बाद ईशान किशन ने भारतीय टीम से दो साल तक बाहर रहने के दौरान किन चीजों पर काम किया और कैसे वापसी करने में सफल रहे, इन चीजों पर अपना अनुभव शेयर किया। इस बीच उनसे वैभव सूर्यवंशी के बारे में जब पूछा गया तो किशन ने मजाक में कहा कि उन्होंने वैभव से बताया कि वह उनके राज जानते हैं और उनकी टीम के खिलाफ थोड़ा कम आक्रामक खेले। सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली जीत के बाद ईशान किशन ने वैभव सूर्यवंशी से बातचीत की। दोनों खिलाड़ी बिहार से आते हैं और इस वजह से वो एक दूसरे को अच्छे से जानते हैं। जियोस्टार से बातचीत में ईशान किशन ने वैभव सूर्यवंशी के साथ बातचीत के बारे में डिटेल दी। उन्होंने बताया कि वैभव का विकेट हैदराबाद के लिए मैच में महत्वपूर्ण पल था। विकेटकीपर बल्लेबाज का मानना है कि अगर उन्हें आउट नहीं करते तो स्कोर 258 तक जा सकता था।

### सारे राज जानता हूं...

ईशान किशन ने कहा कि मैं उसे बता रहा था कि वह कितनी बेरहमी से बैटिंग कर रहा और कैसे हिट मार रहा है। कई बार, आप ये सोच कर डर जाते हैं कि अगर ये कुछ ओवर रुक गया तो स्कोर क्या होगा। इसलिए उसका विकेट लेने हमारे लिए जरूरी था। ये 228 रन था और ये आराम से 258 हो सकता था। क्रिकेट कमबैक के बारे में है। हमने उसे आउट किया और वापसी की। मैं उसे बताया कि जब मैं तुम्हारे खिलाफ खेल रहा हूं, तो मेरी टीम के खिलाफ थोड़ा कम मारो, मैं तुम्हारे सब राज और अंदर की बात जानता हूं। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि यह युवा खिलाड़ी एक अनुभवी पेशेवर की तरह बल्लेबाजी करता है और देश का अगला 'सुपरस्टार' बन सकता है। कैफ ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाली प्रतिभा हैं। वह विलक्षण खिलाड़ी हैं जो आईपीएल में ऐसा दबदबा बनाए हुए है जैसे गली क्रिकेट खेल रहे हों। वह एक ऐसे अनुभवी खिलाड़ी की तरह बल्लेबाजी करता है जिसने 10 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेली हो। अगर वह फिट रहें, जीतने की ललक बनाए रखें और अपना ध्यान केंद्रित रखें तो भारतीय क्रिकेट को अगले 20 से 25 वर्षों के लिए अगला सुपरस्टार मिल गया है।

# वैभव सूर्यवंशी के मुरीद हुए कमिंस



आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले 15 साल के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बेशक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक डेब्यू नहीं किया है। लेकिन, आईपीएल और अंडर-19 और भारत ए के लिए खेलते हुए अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर पूरी दुनिया में अपने प्रशंसक बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान और आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की कमान संभाल रहे पैट कमिंस सूर्यवंशी के नए फैन बॉय बन गए हैं।

### सनराइजर्स के खिलाफ वैभव ने जड़ा था शतक

आईपीएल 2026 में शनिवार को शाम का मुकाबला जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। राजस्थान के लिए पारी की शुरुआत करने आए वैभव सूर्यवंशी ने 36 गेंदों पर शतक लगा दिया। वैभव ने 37 गेंदों की अपनी पारी में 12 छक्के और पांच चौके लगाते हुए 103 रन की पारी खेली। इसी पारी की बदौलत राजस्थान 228 रन बना सकी। सनराइजर्स ने 5 विकेट पर 229 रन बनाकर नौ गेंद शेष रहते हुए मैच पांच विकेट से जीत लिया। सनराइजर्स ने बेशक मैच जीत लिया था, लेकिन वैभव ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से विपक्षी टीम के कप्तान पैट कमिंस को अपना फैन बना लिया। कमिंस ने कहा कि वैभव मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। उन्हें बल्लेबाजी करते देखना काफी शानदार और मनोरंजक है। वह बहुत शानदार है। उनके करियर की शानदार शुरुआत हुई है और उन्हें बहुत आगे जाना है। उनमें अकेले दम पर मैच छीन लेने की क्षमता है।

### आईपीएल 2026 में कमिंस ने खेला पहला मैच

पैट कमिंस ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में एक बड़े, सफल और सम्मानित कप्तान के रूप में जाने जाते हैं। उनकी प्रशंसा वैभव के लिए निश्चित रूप से उत्साहजनक है। कमिंस ने शनिवार को आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच खेला। उनकी टीम में मौजूदगी ने निश्चित तौर पर सनराइजर्स की गेंदबाजी को मजबूत किया है। राजस्थान के खिलाफ कमिंस ने चार ओवर में मात्र 27 रन देकर कप्तान रियान पराग का विकेट लिया था।

# फॉर्म में लौटकर दीप्ति शर्मा ने ली राहत की सांस



भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने कहा कि खुद पर भरोसा रखने और गेंदबाजी में किए गए बदलावों ने उन्हें लंबे समय से चल रहे खराब दौर से उबरने और सही समय पर फॉर्म में लौटने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया में फरवरी में खेली गई टी-20 इंटरनेशनल सीरीज से दीप्ति बल्ले और गेंद दोनों से ही खराब फॉर्म में थीं। वह सभी प्रारूप में खेले गए 9 मैचों में सिर्फ एक बार दोहरे अंक तक पहुंची थी। लेकिन शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की 14 रन की जीत में उनकी नाबाद 36 रन की पारी और 5 विकेट ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने ऐसे समय में फॉर्म में वापसी की जबकि टीम जून में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी कर रही है। दक्षिण अफ्रीका पहले ही यह सीरीज अपने नाम कर चुका है।

### ओस के कारण गति का अंदाजा लगाना मुश्किल

दीप्ति ने कहा कि मैं हमेशा खुद पर भरोसा रखती हूं और अपनी लाइन और लेंथ पर ध्यान केंद्रित करती हूं कि मुझे किस लाइन पर गेंदबाजी करनी है। आज मैंने अपनी ऑफ स्पिन गेंद पर ज्यादा ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि इस रणनीति से उन्हें आत्मविश्वास मिला। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ओस के कारण गेंदबाजों के लिए अपनी गति का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया था, लेकिन अन्य गेंदबाजों के साथ हुई बातचीत से उन्हें इससे सामंजस्य बिठाने में मदद मिली। दीप्ति ने कहा कि यहां थोड़ी ओस थी। इसलिए हमने गेंदबाजों से भी बात की। सही लेंथ पर गेंदबाजी करो और इससे अच्छे परिणाम मिलेंगे। वह चौथे टी-20 में प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं।

### हमें आगे भी खुद पर भरोसा बनाए रखना होगा

दीप्ति पहले तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में विकेट लेने में नाकाम रही थीं और सिर्फ दो रन बना पाई थीं। इस ऑलराउंडर ने कहा कि उन्होंने और ऋचा घोष (34 नाबाद) ने अपने विकेट बचाकर लंबी पारी खेलने का फैसला किया था। मुझे लगता है कि ऋचा ने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने पारी का अंत भी अच्छे से किया। हम आपस में बात कर रहे थे कि हमें 20वें ओवर तक खेलना है और यह सुनिश्चित करना है कि हम अच्छी साझेदारी निभाएं। दीप्ति ने कहा कि इस सीरीज में हार के बावजूद उनकी टीम टी-20 विश्व कप में कई सबक लेकर उतरेगी।

# 'खलनायक रिटर्न्स' के टीजर में दिखा संजय दत्त का खूंखार अंदाज

बॉलीवुड के इतिहास में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो समय की धूल में दबने के बजाय और भी चमकदार हो जाते हैं। ऐसा ही एक किरदार है 'बल्लू बलराम'। साल 1993 में रिलीज फिल्म 'खलनायक' में जब संजय दत्त ने पर्दे पर 'नायक नहीं खलनायक हूं मैं' गाया था, तो पूरे देश में एक लहर दौड़ गई थी। इस फिल्म में संजय दत्त ने 'बल्लू बलराम' नाम के खलनायक का किरदार निभाया था। वहीं फिल्म में माधुरी दीक्षित और जैकी श्रॉफ भी नजर आए थे। 'खलनायक' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कलेक्शन किया था। अब 33 साल बाद संजय दत्त एक बार फिर खलनायक बनकर लौट रहे हैं। हाल ही में मुंबई में आयोजित एक भव्य इवेंट में फिल्म 'खलनायक रिटर्न्स' का आधिकारिक ऐलान किया गया। इस मौके पर फिल्म का टीजर और पोस्टर भी रिलीज किया गया, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। फिल्म की घोषणा करते हुए संजय दत्त ने एक बेहद भावुक और दिलचस्प खुलासा भी किया।



### बल्लू का 'रग्ड' लुक

टीजर में संजय दत्त अपने उसी आइकॉनिक अंदाज में नजर आ रहे हैं, लेकिन इस बार उनका लुक पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक और मैच्योर है। पहला ही सीन खौफनाक और खून-खराबे से भरा हुआ है। टीजर में एक डायलॉग सुनाई देता है- 'कुछ कहानियां खत्म नहीं होतीं, वो दोबारा शुरू होती हैं।' एक अन्य डायलॉग में संजय कहते हैं कि बोला था ना, रात के 10 बजे बल्लू जेल से फुरररर.. नायक नहीं खलनायक हूं मैं। टीजर ने साफ कर दिया है कि यह फिल्म पुरानी कहानी को एक नए सिरे से और आधुनिक दर्शकों के हिसाब से पेश करेगी।

### जेल के 4,000 कैदियों ने लिखी कहानी की नींव

संजय दत्त ने बताया कि 'खलनायक' को आगे ले जाने का विचार उन्हें तब आया जब वे जेल में अपनी सजा काट रहे थे। उन्होंने कहा कि जेल में मैंने अपने आसपास के लोगों से पूछा कि क्या वे बल्लू को दोबारा देखना चाहेंगे? वहां मौजूद 4,000 कैदियों ने एक सुर में 'हां' कहा। मैंने उन सभी से एक-एक पेज पर अपनी राय लिखने को कहा। उन 4,000 पन्नों को पढ़ने के बाद मुझे यकीन हो गया कि इस कहानी में अभी बहुत कुछ बाकी है। जेल से पैरोल पर बाहर आने के बाद, संजय ने यह विचार फिल्म निमार्ता सुभाष घई के सामने रखा, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी खुशी-खुशी सहमति दे दी। संजय दत्त की कंपनी 'थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स' और प्रोड्यूसर अक्शा कंबोज की 'आस्पेक्ट एंटरटेनमेंट' ने मिलकर सुभाष घई की 'मुक्ता आर्ट्स' से इस फिल्म के कानूनी अधिकार खरीदे हैं। फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्शन की कमान जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के हाथों में है। इवेंट के दौरान सुभाष घई ने संजय दत्त की तारीफ करते हुए कहा कि संजू और मान्यता की यह दिली इच्छा थी कि इस फिल्म को बनाया जाए। मुझे पूरा विश्वास है कि यह सीक्वल मूल फिल्म से भी बेहतर साबित होगा। इस मौके पर संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त काफी भावुक नजर आईं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म को लेकर उनके घर पर पिछले 10 सालों से चर्चा हो रही थी।

### क्या लौटेंगे जैकी श्रॉफ और माधुरी दीक्षित?

हालांकि अभी तक केवल संजय दत्त के नाम की ही पुष्टि हुई है, लेकिन फैंस यह जानने को बेताब हैं कि क्या मूल फिल्म के सितारे जैकी श्रॉफ (राम) और माधुरी दीक्षित (गंगा) भी इस सफर का हिस्सा होंगे। मेकर्स ने फिलहाल कास्टिंग को लेकर सस्पेंस बरकरार रखा है।

# श्वेता का कॉलेज गर्ल लुक



श्वेता तिवारी अपने ग्लैमरस लुक्स की वजह से सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। श्वेता का बोल्ड अंदाज देखकर अंदाजा लगाना मुश्किल है कि वह दो बच्चों की मां हैं। 45 साल की श्वेता तिवारी की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार लुटाते हैं। इस बार श्वेता तिवारी ने वेकेशन से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का कॉलेज लुक नजर आ रहा है। कभी वेस्टर्न से तो कभी देसी लुक्स से दिल जीतने वाली श्वेता का इस बार कैजुअल अवतार देखने को मिला।

■ तस्वीरों में श्वेता व्हाइट शिफली एम्ब्रॉयडर्ड क्रॉप टॉप पहने नजर आ रही हैं, जिसमें कट-वर्क वाली हेमलाइन और खूबसूरत मल्टीकलर कढ़ाई है। इसके साथ उन्होंने डार्क ब्राउन हाई-वेस्ट वाइड-लेग ट्राउजर्स को पेयर किया है, जो उन्हें एक क्लासी और कंफर्टेबल वेकेशन लुक दे रहा है। श्वेता कभी विक्ट्री साइन के साथ फंकी पोज दे रही हैं, तो कभी हाथ में ड्रिंक लिए उनके क्यूट एक्सप्रेशंस फैंस का दिल जीत रहे हैं। बारिश की बूंदों के बीच छाता लिए उनकी सादगी और खुले लहराते बाल उनके लुक में चार चांद लगा रहे हैं।

■ श्वेता तिवारी ने मिनिमल मेकअप के साथ अपना लुक कम्प्लीट किया है। उन्होंने अपने बालों को साइड-पार्टेड सॉफ्ट वेव्स में खुला रखा है, जो उनके चेहरे को खूबसूरती से फ्रेम कर रहे हैं। इसके अलावा श्वेता ने सिल्वर हूप्स पहने हुए हैं और हाथ में घड़ी नजर आ रही हैं। पैरों में चप्पल डालकर श्वेता वेकेशन के मजे लेती दिख रही हैं। श्वेता तिवारी का यह सिंपल 'कॉलेज गर्ल' फैंस को काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने कमेंट किया 'मेरी फेवरेट संतूर मॉम।'

# बिना गॉडफादर के चमके ये बॉलीवुड सितारे

बॉलीवुड एक ऐसे इंडस्ट्री जिसकी अक्सर कैंपों और इसके इनसाइडर फेवरिटिजम के लिए आलोचना की जाती है। लेकिन कुछ कलाकार ऐसे भी हैं जिन्होंने केवल अपनी सच्ची प्रतिभा और अडिग मेहनत के बलबूते पर इस इंडस्ट्री में अपनी अलग जगह बनाई। इन पांच शानदार कलाकारों ने बिना किसी पारिवारिक कनेक्शन या गॉडफादर के अपने करियर की शुरुआत की और शून्य से शुरू होकर शोहरत तक का सफर तय किया। इनकी यात्रा भारतीय सिनेमा में संघर्ष और आत्मविश्वास की सच्ची मिसाल है।

### मनोज बाजपेयी

बिहार में एक किसान के घर जन्मे मनोज बाजपेयी को थिएटर में कदम रखने से पहले नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में चार बार अस्वीकृति का सामना करना पड़ा (दाखिला नहीं मिला) था। कई सालों के संघर्ष और छोटी-छोटी भूमिकाओं के बाद, 1998 में राम गोपाल वर्मा की सत्या ने उन्हें बड़े पर्दे पर अपनी असाधारण प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। भीकू म्हात्रे की भूमिका के लिए मनोज को अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला। आज, अभिनेता गैंग्स ऑफ वासेपुर, द फैमिली मैन, अलीगढ़ जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए जाने जाते हैं।

### राजकुमार राव

राजकुमार राव को बचपन से ही अभिनय का शौक रहा है और वे पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्कूल के कई नाटकों में भी हिस्सा लेते थे। उन्होंने बताया कि अभिनय को पेशे के तौर पर अपनाने के पीछे अभिनेता 'मनोज बाजपेयी' का बहुत बड़ा हाथ था, उनसे प्रेरित होकर राव FTII में दाखिला लिया। लव, सेक्स और धोखा, रागिनी एमएमएस और शैतान जैसी फिल्मों में अभिनय करने के बाद, उन्हें काई पो चे में गोविंद गोवी पटेल की भूमिका से सफलता और प्रसिद्धि मिली!

### विनीत कुमार सिंह

उन्होंने लगभग दो दशकों तक अस्वीकृति और छोटी-मोटी भूमिकाएं सहन कीं। उन्हें आखिरकार 2018 में मुक्काबाज से सफलता मिली, जो एक ऐसी कहानी थी जिसे विनीत ने खुद लिखा था और जिसके लिए उन्होंने दो साल से ज्यादा समय तक एक बॉक्सर के तौर पर प्रशिक्षण लिया था। छावा, सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव और जाट में उनके हालिया प्रदर्शन उनकी असाधारण रेंज और बहुमुखी प्रतिभा के प्रति प्रतिबद्धता और यहां तक कि अभिनय की कला के प्रति प्रेम को दर्शाते हैं।

### जयदीप अहलावत

भले ही गैंग्स ऑफ वासेपुर ने जयदीप अहलावत को शुरूआती पहचान दिलाई, लेकिन 2020 में स्ट्रीमिंग सीरीज पाताल लोक ने, इस FTII स्नातक को उनकी शुरुआत के लगभग एक दशक बाद उनकी उचित पहचान दिलाई। अहलावत के करियर में देर से आई सफलता साबित करती है कि धैर्य और समर्पण के बल पर इंडस्ट्री की हर बाधाओं को दूर किया जा सकता है।

### रणदीप हुड्डा

वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई से उनका करियर फिर से शुरू हुआ। हाईवे और सरबजीत में उनके शानदार अभिनय ने उन्हें भारत के सबसे समर्पित अभिनेताओं में से एक के रूप में स्थापित किया। हुड्डा की भूमिकाओं के लिए शारीरिक रूप से बदलने की इच्छा और क्रिस हेम्सवर्थ अभिनीत एक्स्ट्रैक्शन जैसी अंतरराष्ट्रीय फिल्म करके ग्लोबल स्तर साबित किया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक नरेश पी. बजाज द्वारा बैरक नंबर 887/27 सेक्शन 18, उल्हासनगर -421 003, जिला ठाणे से प्रकाशित व सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, आमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनवाला क्रॉस रोड -2, जवाहरनगर के पास, फाटक पुल, गोरेगांव, मुंबई -63, (महाराष्ट्र) से मुद्रित।
दूरध्वनि: 0251- 3238100, कार्यकारी संपादक: पंजू बजाज (पी. आर. बी. एक्ट के तहत कंटेट चयन के लिए जिम्मेदार) न्याय क्षेत्र ठाणे जिला। hindmatamirror1@gmail.com RNI. NO. MAHHIN/2011/43060 स्थानीय संपादक: शिवप्रताप